✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक



राजगीर में ग्लास ब्रिज का अवलोकन करते सीएम सम्राट चौधरी, डिप्टी सीएम विजय कुमार चौधरी एवं मंत्री श्रवण कुमार

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 348 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, सोमवार, 18 मई 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

# मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का एक माह का कार्यकाल : विकास, कानून व्यवस्था और महिला सुरक्षा पर जोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में नई सरकार के गठन के बाद मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में महज एक माह के भीतर विकास, सुशासन, महिला सुरक्षा और शिक्षा सुधार को लेकर लिए गए फैसलों ने राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में व्यापक चर्चा पैदा कर दी है। सरकार का दावा है कि यह कार्यकाल केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि जमीनी बदलाव की ठोस शुरुआत का संकेत है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि उनकी सरकार का लक्ष्य बिहार को विकसित, सुरक्षित और निवेश के अनुकूल राज्य बनाना है। एक माह के भीतर लिए गए इन फैसलों को लेकर सरकार उत्साहित नजर आ रही है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि सम्राट चौधरी सरकार जनता के बीच विकास और सुशासन की नई छवि स्थापित करने की कोशिश कर रही है। हालांकि विपक्ष इन घोषणाओं के क्रियान्वयन पर सवाल उठा रहा है, लेकिन सरकार का दावा है कि आने वाले महीनों में इन योजनाओं का असर जमीनी स्तर पर स्पष्ट दिखाई देगा। बिहार की जनता अब इस बात पर नजर लगाए हुए है कि सरकार की ये घोषणाएं कितनी तेजी से धरातल पर उतरती हैं और राज्य के विकास की दिशा को कितना बदल पाती हैं।

### शहरी विकास : 11 सैटेलाइट टाउनशिप की योजना

सरकार की सबसे महत्वाकांक्षी योजनाओं में 10 जिलों में 11 सैटेलाइट टाउनशिप विकसित करने की योजना को मुख्यमंत्री का ड्रीम प्रोजेक्ट माना जा रहा है। इन टाउनशिपों में आधुनिक शहरी सुविधाओं से युक्त प्लान्ड रिहायशी कॉलोनियां, कमर्शियल कॉरिडोर, चौड़ी सड़कें, पार्क, जल निकासी व्यवस्था और हरित क्षेत्र विकसित किए जाएंगे। सरकार का मानना है कि इससे बिहार के शहरों पर बढ़ते दबाव को कम करने के साथ-साथ रोजगार और निवेश के नए अवसर भी पैदा होंगे। सासाराम को भी इस परियोजना में शामिल करने का प्रस्ताव सामने आया है, जिससे शाहाबाद क्षेत्र के विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है।

### महिला सुरक्षा : 'पुलिस दीदी' योजना

महिला सुरक्षा के मुद्दे पर सरकार ने पुलिस दीदी योजना लागू कर बड़ा संदेश देने की कोशिश की है। इस योजना के तहत 1,500 महिला पुलिसकर्मियों को स्कूटी उपलब्ध कराई जा रही है ताकि वे स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थानों के आसपास नियमित गश्त कर सकें। सरकार का मानना है कि इससे छात्राओं और महिलाओं में सुरक्षा की भावना मजबूत होगी तथा छेड़खानी और अपराध की



घटनाओं में कमी आएगी। बिहार में महिला सुरक्षा को लेकर लंबे समय से उठते सवालों के बीच इस पहल को एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### सुशासन और शिकायत निवारण : सहयोग की त्रिवेणी

जन शिकायतों के त्वरित निपटारे के लिए सरकार ने सहयोग की त्रिवेणी व्यवस्था लागू की है। इसके अंतर्गत सहयोग हेल्पलाइन 1100, ऑनलाइन सहयोग पोर्टल और पंचायत स्तर पर विशेष शिविरों की व्यवस्था की गई है। सरकार ने दावा किया है कि आम जनता की शिकायतों का 30 दिनों के भीतर समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इससे प्रशासनिक जवाबदेही बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है।

### शिक्षा क्षेत्र में बड़े सुधार

शिक्षा क्षेत्र में भी सरकार ने बड़े फैसले लिए हैं। सभी जिला स्कूलों और प्रत्येक प्रखंड में एक उच्च माध्यमिक विद्यालय को मॉडल स्कूल के रूप में विकसित करने के लिए 800 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। इसके अलावा 208 प्रखंडों में नए डिग्री कॉलेज खोलने का निर्णय लिया गया है। ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों के छात्रों को उच्च शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में इसे बड़ा कदम माना जा रहा है। निजी स्कूलों की मनमानी फीस और अभिभावकों पर आर्थिक दबाव को नियंत्रित करने के लिए भी सरकार ने सख्त नियम लागू करने की घोषणा की है। अर्थव्यवस्था को बढ़ावा: बिहारी ठेकेदारों को प्राथमिकता आर्थिक और प्रशासनिक सुधारों के तहत बिहार लोक निर्माण संहिता में संशोधन कर 50 करोड़ रुपये तक के सिविल कार्यों में स्थानीय बिहारी ठेकेदारों को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया गया है। इससे राज्य के स्थानीय उद्यमियों, संवेदकों और इंजीनियरों को लाभ मिलने की उम्मीद है। दूसरी ओर भूमि निबंधन प्रक्रिया को पूरी तरह पेपरलेस ई-निबंधन प्रणाली से जोड़ा गया है। सरकार ने 80 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों के लिए घर पर रजिस्ट्री की सुविधा शुरू करने की घोषणा कर प्रशासनिक संवेदनशीलता का परिचय दिया है।

### कानून-व्यवस्था : जीरो टॉलरेंस नीति

कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अपराधियों और भ्रष्टाचारियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि सुधर जाइए, नहीं तो अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहिए। मुख्यमंत्री के इस बयान को सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति का संकेत माना जा रहा है। पिछले एक माह के दौरान कई अपराधियों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई, गिरफ्तारी और मुठभेड़ की घटनाएं सामने आई हैं। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को भी स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि अपराध नियंत्रण और भ्रष्टाचार उन्मूलन में किसी प्रकार की ढिलाई स्वीकार नहीं होगी। इससे (शेष पृष्ठ 10 पर)

## संक्षिप्त समाचार

### बीएड में आवेदन का आज अंतिम दिन

**मुजफ्फरपुर(नबिटा ब्यूरो)।** दो वर्षीय बीएड प्रवेश परीक्षा में आवेदन के लिए सोमवार को अंतिम दिन है। विलंब शुल्क के साथ 19 से 21 मई तक आवेदन कर सकते हैं। नोडल अधिकारी प्रो. संजय कुमार ने बताया कि परीक्षा सात जून को राज्य के 11 शहरों में आयोजित होगी। प्रो. कुमार ने बताया कि इस वर्ष परीक्षा में 120 प्रश्न पूछे जायेंगे।

### पांच नए ग्रामीण एसपी की तैनाती जल्द

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राज्य के पांच जिलों पूर्वी चंपारण, समस्तीपुर, मधुबनी, वैशाली और सीवान में नवसृजित ग्रामीण पुलिस अधीक्षक के पदों पर जल्द तैनाती होगी। हाल ही में बिहार कैबिनेट ने इन पदों की स्वीकृति दी है। बिहार पुलिस मुख्यालय ने बताया कि संबंधित जिलों में नवसृजित ग्रामीण एसपी के कार्य और अधिकार तय कर दिये गए हैं। ये पांचों ग्रामीण एसपी अपने जिले के मूल एसपी के अंत र्गत काम करेंगे। उनको अपने क्षेत्र के अंदर सिपाही और हवलदार के तबादले का अधिकार होगा। वे अपने इलाके में दर्ज मामलों की पर्यवेक्षण करेंगे तथा इंस्पेक्टर और डीएसपी की मासिक कार्य विवरणी की समीक्षा करेंगे।

### रालोमो प्रखंड व जिलाध्यक्ष चुनाव की तैयारी पूरी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) के प्रखंड तथा जिलाध्यक्षों के चुनाव की तैयारी पूरी कर ली गई है। 25 मई तक प्रखंड के अध्यक्षों और फिर 26 मई से चार जून तक जिलाध्यक्षों के चुनाव के लिए जिलावार तिथि का निर्धारण किया गया है। पार्टी प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा के नेतृत्व में यह कार्य पूरा किया जा रहा है। इसके लिए पर्यवेक्षक और संयोजक भी नियुक्ति किए गए हैं। पार्टी प्रदेश प्रवक्ता रजनीश कुमार ने यह जानकारी दी है।

#### राजगीर में मुख्यमंत्री ने मलमास मेला का किया उद्घाटन एवं प्रमुख संतों के साथ ध्वजारोहण

# श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधाओं का रखें ख्याल : सम्राट चौधरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को नालंदा जिले के राजगीर में मलमास मेला-2026 का विधिवत उद्घाटन किया। उन्होंने ब्रह्मकुंड परिसर में मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना की एवं महाआरती कार्यक्रम में भाग लिया। साथ ही यज्ञशाला के निकट प्रमुख संतों के साथ ध्वजारोहणा किया। मलमास मेला के उद्घाटन के पश्चात् मुख्यमंत्री ने मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं की जानकारी ली। भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा, पेयजल की सुविधा, आवासन, खान-पान, स्वास्थ्य सुविधाओं सहित अन्य चीजों की विस्तृत जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने मलमास मेला में आने वाले अन्य श्रद्धालुओं के आवासन के लिए



स्टेट गेस्ट हाउस में तैयार किए गए आवासन स्थल का फीता काटकर उद्घाटन किया। आवासन स्थल के पास श्रद्धालुओं के लिए भोजन की सुविधा हेतु दीदी की रसोई का भी मुख्यमंत्री ने उद्घाटन किया। दीदी की रसोई में सस्ते दर पर श्रद्धालुओं के लिए शुद्ध भोजन की व्यवस्था की गई है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि मलमास मेला के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां आते हैं। माना जाता है कि हिंदुओं के 33 करोड़ देवी-देवताओं का यहां निवास होता है। लोग श्रद्धा भक्ति के लिए यहां आते हैं। उनकी सुविधाओं और सुरक्षा का पूरी तरह ख्याल रखें। यहां देशभर से जो भी श्रद्धालु जाएं, वे अच्छी यादें लेकर जाएं। हमलोगों का दायित्व है कि जो भी यहां आएं उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो और भक्ति भाव से पूजा पाठ कर सकें। उन्होंने कहा कि मेले में आए श्रद्धालुओं की सुविधाओं के साथ-साथ असामाजिक तत्वों पर भी नजर रखें। श्रद्धालुओं को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो इसका भी ख्याल रखें। भीड़ का प्रबंधन अच्छे ढंग से करें। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता, सांसद कौशलेंद्र कुमार, विधायक सुनील कुमार (शेष पृष्ठ 10 पर)

# जल्द आएगा शिक्षक भर्ती विज्ञापन : मंत्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में शिक्षक भर्ती के चौथे चरण यानी टीआरइ-4 को लेकर जारी इंतजार के बीच शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा है कि शिक्षक अभ्यर्थी अपनी तैयारी जारी रखें। बहुत जल्द अच्छी खबर मिलने वाली है। मंत्री ने कहा कि भर्ती का विज्ञापन जल्द जारी होगा और इसके लिए तैयारी तेज कर दी गई है। शिक्षा मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शिक्षा विभाग को स्पष्ट निर्देश दिया है कि टीआरइ-4 भर्ती प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाए। विभाग इस दिशा में तेजी से काम कर रहा है ताकि जल्द से जल्द अधिसूचना जारी की जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार की कोशिश है कि अभ्यर्थियों का इंतजार ज्यादा लंबा न हो और प्रक्रिया समय पर शुरू कर दी जाए। मिथिलेश तिवारी ने यह भी साफ किया कि सरकार सिर्फ टीआरइ-4 तक सीमित नहीं है बल्कि लाइब्रेरियन और कंप्यूटर शिक्षकों की नियुक्ति को लेकर भी गंभीर है। विभाग को डिजिटल



लाइब्रेरी और ई-लाइब्रेरी विकसित करने के निर्देश दिए गए हैं। सरकार चाहती है कि छात्रों को पारंपरिक पढ़ाई के साथ आधुनिक तकनीक आधारित शिक्षा भी मिले। टीआरइ-4 विज्ञापन जारी नहीं होने से नाराज शिक्षक अभ्यर्थियों ने हाल ही में पटना में जोरदार प्रदर्शन किया था। टीआरइ-4 को लेकर शिक्षा मंत्री के बयान के बाद अब लाखों अभ्यर्थियों की नजर आधिकारिक नोटिफिकेशन पर टिक गई है। लंबे समय से भर्ती का इंतजार कर रहे युवाओं को उम्मीद है कि सरकार जल्द विज्ञापन जारी कर प्रक्रिया शुरू करेगी।

# 34 अधिकारियों को मिला जिले का प्रभार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने 34 मंत्रियों को जिलों का प्रभार देने के बाद अब वरिष्ठ अधिकारियों को भी प्रभारी सचिव के रूप में जिम्मेदारी सौंपी है। मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार 34 आइएएस अधिकारियों को अलग-अलग जिलों का प्रभार दिया गया है। इनमें अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव और सचिव स्तर के अधिकारी शामिल हैं। प्रभारी सचिवों को अपने-अपने जिलों में विकास योजनाओं के क्रियान्वयन, जन कल्याणकारी कार्यक्रमों की प्रगति और प्रशासनिक कार्यों की सतत निगरानी करने का दायित्व सौंपा गया है। अधिकारियों को जिलों में तेजी लाने और योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए यह जिम्मेदारी दी गई है। पटना जिले का प्रभार अपर मुख्य सचिव विनय कुमार को सौंपा गया है। नालंदा के प्रभारी सचिव रवि कुमार रवि, समस्तीपुर के प्रणव कुमार, दरभंगा के राजेश कुमार और मुजफ्फरपुर के चंद्रशेखर सिंह बनाए गए हैं। भागलपुर के प्रभारी दीपक आनंद और सहरसा के प्रभारी विनोद सिंह गुंजियाल होंगे। वैशाली की प्रभारी रचना पाटिल, अरवल-जहानाबाद की डॉ. आशिमा जैन, सुपौल की सीमा त्रिपाठी और शेखपुरा-लखीसराय का प्रभारी कंवल तनुज को बनाया गया है। सिवान के प्रभारी धर्मेंद्र सिंह, अररिया के मोहम्मद सोहेल और गोपालगंज के जय सिंह बनाए गए हैं। औरंगाबाद के प्रभारी मनोज कुमार, पूर्णिया के कार्तिकेय धनंजय, कटिहार के राजकुमार, किशनगंज के अनिमेष कुमार, जमुई के कौशल किशोर और शिवहर-सीतामढ़ी की जिम्मेदारी राजीव रोशन को दी गई है। नवादा के प्रभारी हिमांशु शर्मा बनाए गए हैं। पूर्वी चंपारण के प्रभारी शीर्षत कपिल अशोक, पश्चिम चंपारण के अभय कुमार सिंह, मधेपुरा-खगड़िया के राहुल कुमार, बांका के निलेश रामचंद्र देवरे और गया के रॉबर्ट एल चौंगथू को प्रभारी सचिव नियुक्त किया गया है। भोजपुर के संतोष कुमार मल्ल, सारण के पंकज कुमार, मधुबनी के नर्मदेश्वर लाल, मुंगेर के पंकज कुमार पाल, बक्सर के अजय कुमार यादव, कैमूर के दिवेश सेहरा और रोहतास के संदीप कुमार आर. पुडकलकट्टी को प्रभार सौंपा गया है। इस व्यवस्था से विकास कार्यों में नई गति और प्रशासनिक जवाबदेही बढ़ने की उम्मीद है।

## 25 मई को 131 लोगों को पद्म पुरस्कार देंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

**नयी दिल्ली(नबिटा ब्यूरो)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 25 मई को 2026 के पद्म पुरस्कार प्रदान करेंगी। केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) ने रविवार को सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि राष्ट्रपति मुर्मू राष्ट्रपति भवन में आयोजित होने वाले पहले नागरिक अलंकरण समारोह में पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री पुरस्कार प्रदान करेंगी। इस वर्ष भारत सरकार ने कुल 131 पद्म पुरस्कारों की घोषणा की है, जिनमें पांच पद्म विभूषण, 13 पद्म भूषण और 113 पद्म श्री शामिल हैं। इनमें 19 महिलाएं हैं जबकि 16 व्यक्तियों को मरणोपरांत सम्मान दिया जाएगा। पद्म पुरस्कार देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से एक हैं। इन्हें वर्ष 1954 में शुरू किया गया था। ये हर साल गणतंत्र दिवस के अवसर पर घोषित किए जाते हैं और कला, साहित्य, शिक्षा, खेल, चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान एवं इंजीनियरिंग, सार्वजनिक जीवन तथा व्यापार और उद्योग जैसे क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान के लिए दिए जाते हैं।

# कोसी नदी में डूबने से दो बच्चियों की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सहरसा।** जिले के नोहट्टा प्रखंड में रविवार सुबह कोसी नदी में डूबने से दो नाबालिग बच्चियों की दुखद मौत हो गई। परिजनों के अनुसार दोनों बच्चियां तरबूज लेने के लिए नदी की ओर गई थीं। स्थानीय लोगों ने आशंका जताई है कि पैर फिसलने के कारण वे नदी में गिर गईं। इस वजह से स्थानीय गोताखोरों को पैसे देकर बच्चियों के शवों को बाहर निकलवाया गया। मृतकों की पहचान नोहट्टा नगर पंचायत के वार्ड नंबर 09 निवासी मो. नौशाद साह की पुत्री जास्मिन प्रवीन और वार्ड नंबर 07 निवासी सदरे साह की पुत्री गुलबसा परवीन के रूप में हुई है।




# बिहार में 60 हजार करोड़ का करेंगे निवेश : गौतम अडाणी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**छपरा।** अडाणी समूह के चेयरमैन गौतम अडाणी और पत्नी डॉ. प्रीति अडाणी ने रविवार को सारण में आई हॉस्पिटल की सौगात दी। करीब 150 करोड़ रुपए की लागत से मस्तीचक में 'अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल' बनाया जाएगा। अडाणी ग्रुप का 'अडाणी आई केयर प्रोजेक्ट', अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल और अडाणी फाउंडेशन की संयुक्त पहल है। इसके तहत अडाणी सेंटर फॉर आई डिजीज और अडाणी ट्रेनिंग सेंटर फॉर ऑप्थैल्मिक साइंसेस संचालित किए जाएंगे। यह दुनिया का सबसे बड़ा ग्रामीण आई नेटवर्क बनने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। इस परियोजना का उद्देश्य गांवों और पिछड़े इलाकों में रहने वाले लोगों को आंखों के लिए किफायती और बेहतर इलाज उपलब्ध कराना है। इस दौरान अडाणी समूह ने कहा कि आने वाले 2-3 वर्षों में बिहार में 50 से 60 हजार करोड़ रुपए का



निवेश किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पावर और रोड प्रोजेक्ट्स पर पहले से काम चल रहा है। कार्यक्रम के दौरान गौतम अडाणी ने कहा कि सारण आकर मुझे बहुत गर्व महसूस हो रहा है। बिहार की धरती भारत की आध्यत्मिक और सांस्कृतिक विरासत की पहचान है। गायत्री मंदिर शक्तिपीठ के दर्शन करने पर मुझे गहन शांति का अनुभव हुआ और समाज के कल्याण के लिए कुछ सार्थक योगदान देने की नई प्रेरणा मिली। व्यक्तिगत रूप से गायत्री मंत्र का जाप करने से मन को शांति मिलती है। साथ ही कहा कि हमारा एक कमिटमेंट पावर प्रोजेक्ट, रोड प्रोजेक्ट के लिए हो चुका है। सोशल इंफ्रास्ट्रक्चर पर भी काम चल रहा है। आज आई हॉस्पिटल की शुरुआत हुई है। आने वाले दिनों में बिहार में स्कूल-कॉलेज के सेक्टर में भी काम करने का प्रयास करूंगा। कार्यक्रम के दौरान गौतम अडानी ने कहा कि हमने बिहार में बुनियादी ढांचा क्षेत्र पर अतिरिक्त जोर दिया है और हमारा ध्यान इस बात पर केंद्रित है कि हम अगले 3 से 4 वर्षों में राज्य के भीतर व्यावहारिक रूप से क्या हासिल कर सकते हैं। अडाणी समूह एक विशिष्ट मंत्र पर चलता है: 'व्यापार के साथ सेवा ही साधना है'। सेवा के इस मंत्र से प्रेरित होकर हमारे भविष्य के सभी प्रयास इसी भावना से प्रेरित होंगे। हम यहां केवल व्यापार के लिए नहीं हैं। इसके अलावा हमारे लिए यह आकलन करना महत्वपूर्ण है कि जनता के लिए यहां कौन से संसाधन और अवसर उपलब्ध हैं। यह हमारी प्राथमिकता बनी हुई है और हम इन आवश्यकताओं को पूरा करने

CMYK

# शिक्षा, पर्यावरण और सामाजिक समरसता से होगा बिहार का सर्वांगीण विकास : डॉ. प्रेम कुमार



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने राज्य के समग्र विकास, शिक्षा व्यवस्था, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक समरसता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बिहार ऐतिहासिक रूप से ज्ञान, संस्कृति और लोकतांत्रिक मूल्यों की भूमि रहा है तथा राज्य सरकार के नेतृत्व में विभिन्न क्षेत्रों में लगातार प्रगति हो रही है। मीडिया से बातचीत के दौरान डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, कृषि और डिजिटल व्यवस्था के क्षेत्र में सुधार के सकारात्मक परिणाम दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ संस्कारयुक्त वातावरण उपलब्ध कराना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने राज्य के विद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों में हो रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि आधुनिक शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों का समावेश अत्यंत आवश्यक है। इस दिशा में शिक्षकों, अभिभावकों और समाज के सभी वर्गों से सक्रिय सहयोग की अपेक्षा की गई है। पर्यावरण संरक्षण के मुद्दे पर विधान सभा अध्यक्ष ने कहा कि जलवायु परिवर्तन वैश्विक स्तर पर गंभीर चुनौती बन चुका है। उन्होंने अधिक से अधिक वृक्षारोपण, जल संरक्षण, प्लास्टिक के न्यूनतम उपयोग और स्वच्छता को जनआंदोलन का रूप देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रकृति संरक्षण के बिना आने वाली पीढ़ियों का सुरक्षित भविष्य संभव नहीं है। सामाजिक विषयों पर अपने विचार रखते हुए डॉ. प्रेम कुमार ने आपसी सद्भाव, भाईचारा और सर्वधर्म समभाव की भावना को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भारत की सांस्कृतिक शक्ति उसकी विविधता में निहित है और सभी समुदायों को मिलकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। युवाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राष्ट्रहित सर्वोपरि रखते हुए शिक्षा, नवाचार, खेल और सामाजिक गतिविधियों में उनकी सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति ही विकसित बिहार और विकसित भारत की आधारशिला है। मीडिया की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि लोकतंत्र में मीडिया एक सशक्त स्तंभ है। निष्पक्ष और सकारात्मक पत्रकारिता समाज को जागरूक करने के साथ लोकतांत्रिक मूल्यों को भी मजबूत करती है। अंत में उन्होंने बिहारवासियों के सुख, समृद्धि और उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि सामूहिक प्रयासों से बिहार विकास के नए आयाम स्थापित करेगा।

## बेंगलुरु-मुंबई नई एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी, जल्द शुरू होगी वंदे भारत स्लीपर सेवा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नयी दिल्ली।** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बेंगलुरु-मुंबई एक्सप्रेस ट्रेन को वर्चुअल माध्यम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि दक्षिण और उत्तर कर्नाटक की लंबे समय से लंबित मांगें अब पूरी हो रही हैं। साथ ही बेंगलुरु-मुंबई वंदे भारत स्लीपर सेवा जल्द शुरू होने की घोषणा की। रेल मंत्री ने बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कर्नाटक के 61 स्टेशनों का 2,160 करोड़ रुपये की लागत से पुनर्विकास किया जा रहा है जिनमें 9 स्टेशन पूरे हो चुके हैं। बेंगलुरु कैंटोनमेंट स्टेशन का 485 करोड़ और यशवंतपुर स्टेशन का 367 करोड़ रुपये से पुनर्विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि 2014 से कर्नाटक में करीब 1,750 किलोमीटर नई रेल लाइन बनाई गई है। बेंगलुरु उपनगरीय रेल परियोजना के चारों कॉरिडोर पर काम जारी है। बुलेट ट्रेन कॉरिडोर के तहत बेंगलुरु को हैदराबाद और चेन्नई से जोड़ने की मंजूरी भी दी गई है। रेल राज्य मंत्री वी. सोमन्ना ने कहा कि कर्नाटक में 12 जोड़ी वंदे भारत ट्रेनें संचालित हो रही है। थानिसंद्रा में 270 करोड़ रुपये की लागत से वंदे भारत स्लीपर मेंटेनेंस डिपो और एसएमवीटी बेंगलुरु में 52.73 करोड़ रुपये की लागत से चेयर कार मेंटेनेंस सुविधा बनाई जाएगी। कार्यक्रम में पी. सी. मोहन, लेहर सिंह सिरोया और तेजस्वी सूर्या सहित वरिष्ठ रेलवे अधिकारी मौजूद रहे।

## मुंबई बुलेट ट्रेन परियोजना में बड़ी उपलब्धि, 350 टन का कटरहेड शाफ्ट में उतारा गया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के तहत विक्रोली शाफ्ट में टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) के पहले कटरहेड को सफलतापूर्वक उतारा गया। 13.6 मीटर व्यास और करीब 350 टन वजनी यह कटरहेड टीबीएम के मुख्य शील्ड की प्राइमरी असेंबली के अंतिम चरण का प्रतीक है। 21 किलोमीटर लंबे मुंबई सुरंग मार्ग में 16 किलोमीटर हिस्से के निर्माण के लिए दो टीबीएम मशीनें लगाई जा रही हैं। इसमें ठाणे क्रीक के नीचे बनने वाली 7 किलोमीटर लंबी भारत की पहली समुद्र के नीचे रेल सुरंग भी शामिल है। प्रत्येक टीबीएम का वजन 3,000 टन से अधिक है और यह देश में रेल सुरंग निर्माण के लिए अब तक उपयोग की जाने वाली सबसे बड़ी मशीन है। 350 टन वजनी यह कटरहेड लगभग 250 मिड-साइज एसयूवी कारों के बराबर है। इसे पांच अलग-अलग शिपमेंट में साइट तक पहुंचाया गया और 1,600 किलोग्राम उच्च-परिशुद्धता वेल्डिंग के जरिए जोड़ा गया। मशीन में 84 कटर डिस्क, 124 स्क्रेपर और 16 बकेट लिप लगाए गए है जो चट्टानों की कटाई, मलबा हटाने और निकासी का कार्य करेंगे। टीबीएम विक्रोली से लगभग 6 किलोमीटर की यात्रा कर मीठी नदी और घने शहरी क्षेत्र के नीचे से गुजरते हुए बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स स्थित निर्माणाधीन बुलेट ट्रेन स्टेशन तक पहुंचेगी। परियोजना की सुरक्षा और निगरानी के लिए सरफेस सेटलमेंट पॉइंट, ऑप्टिकल डिस्प्लेसमेंट सेंसर, स्ट्रेन गेज और सीस्मोग्राफ जैसे आधुनिक उपकरणों का उपयोग किया जा रहा है।

## संग्रहालय अतीत और आने वाली पीढ़ियों के बीच मजबूत पुल : डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के अवसर पर कहा कि संग्रहालय लोगों, आने वाली पीढ़ियों और अतीत की स्मृतियों के बीच एक मजबूत पुल का कार्य करते हैं। संग्रहालय हमें दुनिया भर की संस्कृति, परंपरा और इतिहास से जोड़ते हैं तथा हमारी अमूल्य धरोहरों को संरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि संग्रहालय केवल पुरानी वस्तुओं का संग्रह नहीं हैं, बल्कि वे समाज की सांस्कृतिक चेतना और ऐतिहासिक विरासत के जीवंत केंद्र हैं। संग्रहालय नई पीढ़ी को अपनी जड़ों, सभ्यता और परंपराओं से परिचित कराते हुए उन्हें प्रेरणा भी देते हैं। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि इंटरनेशनल काउंसिल ऑफ म्यूजियम द्वारा पहली बार वर्ष 1977 में अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस मनाने की शुरुआत की गई थी। इस वर्ष 2026 की थीम 'संग्रहालय एक विभाजित दुनिया को एकजुट करते हैं' निर्धारित की गई है। यह विषय सांस्कृतिक, सामाजिक और भू-राजनीतिक विभाजनों को पाटने, संवाद को बढ़ावा देने तथा समावेशिता को मजबूत करने में संग्रहालयों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है। उन्होंने कहा कि आज के समय में संग्रहालय केवल इतिहास को संजोने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे समाज में आपसी समझ, सद्भाव और सांस्कृतिक एकता को बढ़ाने का भी प्रभावी माध्यम बन चुके हैं।

## भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूल समय में बदलाव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार में भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान के कारण लोगों का भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। खासकर भीषण गर्मी में स्कूली बच्चों के स्कूल जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसको ध्यान में रखते हुए पटना जिला प्रशासन ने निजी और सरकारी स्कूलों की टाइमिंग में बदलाव कर दिया है। डीएम त्यागराजन एस एम के आदेश के मुताबिक पटना में प्री-स्कूल एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों सहित 8वीं तक के सभी स्कूलों में कक्षाएं 11 बजे तक ही संचालित की जाएंगी। 11 बजे के बाद कक्षा के संचालन पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। पटना जिला प्रशासन का यह आदेश आगामी 21 मई 2026 तक लागू रहेगा। जिला दंडाधिकारी पटना कोर्ट की तरफ से जारी आदेश में कहा गया कि जिले में रह रहे अधिक तापमान, विशेष रूप से दोपहर के समय पड़ रही भीषण गर्मी के कारण बच्चों के स्वास्थ्य और जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है। अतः मैं डॉ. त्यागराजन एस.एम., जिला दंडाधिकारी, पटना भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा-163 के तहत जिले के सभी निजी / सरकारी विद्यालयों में वर्ग-08 तक (प्री-स्कूल एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों सहित) की गतिविधियों पर पूर्वा0 11.00 बजे के बाद प्रतिबंध लगाता हूं। विद्यालय प्रबंधन को एतद् द्वारा निदेश दिया जाता है कि वे उल्लिखित आदेश के अनुरूप शैक्षणिक गतिविधियों को पुनर्निर्धारित करेंगे। उपर्युक्त आदेश 18 मई से 21 मई 2026 तक लागू रहेगा।

## सारण में अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल की नई परियोजना गरीबों के लिए वरदान : मंगल पांडेय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता मंगल पांडेय ने सारण में अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल की नई परियोजना के भूमि पूजन का हार्दिक स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि बिहार के सारण जिले के मस्तीचक गांव में जिस तरह उद्योगपति गौतम अदाणी एवं प्रीति अदाणी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विश्वस्तरीय नेत्र चिकित्सा परियोजना का भूमि पूजन किया, वह बिहार के स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। मैं बिहार के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री के नाते इस पुनीत कार्य का हृदय से स्वागत करता हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'स्वस्थ भारत, सशक्त भारत' के संकल्प को जमीन पर उतारने की दिशा में यह कदम मील का पत्थर साबित होगा। केंद्र सरकार की नीतियों और 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' के कारण ही आज अदाणी समूह जैसे बड़े उद्योग घराने बिहार में स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सेवा में निवेश के लिए आगे आ रहे हैं। इसके लिए मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। श्री पांडेय ने कहा कि बिहार में एनडीए सरकार के कार्यकाल में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं में अभूतपूर्व सुधार हुआ है। एम्स पटना, एम्स दरभंगा का निर्माण, दरभंगा मेडिकल कॉलेज का उन्नयन, हर जिले में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए अधारभूत संरचना का विस्तार और आयुष्मान भारत योजना ने गरीबों को संबल दिया है।

## मंत्री लखेंद्र कुमार रौशन ने कुशल युवा कार्यक्रम केंद्र पहुंचकर छात्रों का किया उत्साहवर्धन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**महुआ/वैशाली।** युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के अधीन संचालित बिहार कौशल विकास मिशन के अंतर्गत संचालित कुशल युवा कार्यक्रम (केवाईपी) केंद्र, जिरवारा चौक, महुआ, वैशाली में एक प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बिहार सरकार के मंत्री लखेंद्र कुमार रौशन ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कर छात्रों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का आयोजन केवाईपी सेंटर संचालक धर्मदेव पासवान के नेतृत्व में किया गया जिसमें सरपंच सुपौल तरियां राजेश्वर साह, अभिषेक कुमार, रोशनी कुमारी, पंकज पासवान, राज किरण, राहुल पासवान, छोटू पासवान, अधिवक्ता सूरज पासवान, रंजन पासवान, शशि पासवान एवं संजीव पासवान सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मंत्री ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार सरकार युवाओं को कौशल विकास के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने विद्यार्थियों को तकनीकी एवं व्यवहारिक ज्ञान के महत्व को समझाते हुए मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर मंत्री ने सफल छात्र-छात्राओं के बीच अपने कर-कमलों से प्रमाण पत्र भी वितरित किए। छात्रों ने मंत्री के हाथों प्रमाण पत्र प्राप्त कर खुशी व्यक्त की तथा कार्यक्रम को अपने जीवन का प्रेरणादायक क्षण बताया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने बिहार कौशल विकास मिशन द्वारा संचालित योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि ऐसा प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस अवसर पर केवाईपी वेल्फेयर सोसाइटी वैशाली के अध्यक्ष डॉ. आनंद रंजन झा ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मंत्री लखेंद्र कुमार रौशन एवं केवाईपी केंद्र संचालक धर्मदेव पासवान का आभार व्यक्त किया।

## पार्टियों में आंतरिक लोकतंत्र कायम करना जरूरी : अरुण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** समाजवादी चिंतक अरुण श्रीवास्तव ने कहा कि पार्टियों में जब तक आंतरिक लोकतंत्र कायम नहीं होगा, तब तक देश में लोकतंत्र को मजबूतबू करना मुश्किल काम है। वे रविवार को सोशलिस्ट पार्टी के 92वें स्थापना समारोह पर आयोजित सोशलिस्ट संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इसका आयोजन जगजीवन राम संसदीय अध्ययन एवं राजनीतिक शोध संस्थान में किया गया। अरुण श्रीवास्तव ने कहा कि राजनीति में बढ़ते धनबल का चलन घातक है। उन्होंने चुनाव सुधार की आवश्यकताओं पर बल दिया।

## प्रेम यूथ फाउंडेशन के स्वयंसेवक स्वच्छता अभियान चलायेंगे : प्रेम कुमार



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** स्वच्छता ही सेवा के संदेश के साथ प्रेम यूथ फाउंडेशन के स्वयंसेवक अपने-अपने गांव में स्वच्छता अभियान चलायेंगे। मुख्य रूप से गांव के स्कूल एवं मंदिर में सफाई करेंगे साथ ही लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित करेंगे। प्रेम यूथ फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने कहा कि विभिन्न महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं फाउंडेशन के साथ जुड़कर वॉलेंट्रीयरशिप कर रहे हैं। हेल्थ एंड वेलनेश, स्पोर्ट्स, सोशल सर्विस कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वॉलेंटीयर विशेष स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत अमर शहीदों के प्रतिमा का भी साफ-सफाई करेंगे साथ ही गंगा की सफाई करेंगे। उन्होंने बताया कि भारत दुनिया का सबसे युवा देश है।

## प्रदूषण नियंत्रण पर्षद ने किया चित्रकारी एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा राज्य के विद्यालयों में अध्ययन कर रहे छात्र-छात्राओं में पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण के प्रति जागरूकता अभिवर्धित करने के उद्देश्य से एक राज्य स्तरीय स्थल चित्रकारी एवं क्विज प्रतियोगिता, मल्टीपरपस हॉल, ज्ञान भवन, उत्तरी गांधी मैदान, पटना में 1 जून, 2026 (सोमवार) को आयोजित की गयी है। स्थल चित्रकारी प्रतियोगिता (प्रातः 9:30 बजे से पूर्वाह्न 11:30 बजे) पांच वर्ग समूहों में आयोजित किया जायेगा। वर्ग समूह 1 (कक्षा 1 एवं 2), वर्ग समूह 2 (कक्षा 3 एवं 4), वर्ग समूह 3 (कक्षा 5 एवं 6), वर्ग समूह 4 (कक्षा 7 एवं 8) तथा वर्ग समूह 5 (कक्षा 9 एवं 10)। इस चित्रकारी प्रतियोगिता में राज्य के सभी सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु नीचे दिये गये क्यू आर कोड को स्कैन कर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है। क्विज प्रतियोगिता (मध्याह्न 12:00 बजे से) कक्षा 09 से 12 तक के छात्र-छात्राएं इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। क्विज प्रतियोगिता का संचालन ख्यातिलब्ध क्विज मास्टर वेंक्टेश श्रीनिवासन, बेंगलुरू द्वारा किया जायेगा। इस क्विज प्रतियोगिता में राज्य के सभी सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों के छात्र-छात्राएं भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु इन्हें ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन नीचे दिये गये क्यू आर कोड को स्कैन कर किया जा सकता है। स्थल चित्रकारी प्रतियोगिता के प्रत्येक वर्ग समूह से सर्वोत्तम चित्रकारी करने वाले तीन-तीन प्रतिभागियों को क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय पुरस्कार से पुरस्कृत किया जायेगा। इसके

## दियारावासियों के लिए अप्रोच पुल दे बिहार सरकार : पप्पू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** दियारा क्षेत्र के समग्र विकास के उद्देश्य से जे पी सेतु के समानांतर एन एच 139 डब्लू के पिलर संख्या 16 से ग्राम पंचायत नकटा दियारा (नायटोला) तक सिक्स लेन पथ के लिए एप्रोच रोड निर्माण के लिए जे पी सेतु पिलर संख्या एक के पास आम सभा का आयोजन किया गया जिसमें दियारा क्षेत्र के हजारों लोग उपस्थित थे। दियारा विकास संघ समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्णिया सांसद मौजूद थे। पप्पू यादव ने जन सभा को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार सरकार दियारा वासियों को जल्द से जल्द अप्रोच पूल दे। बिहार के नेता ही दियारा का विकास नहीं होना देना चाहते हैं। देश में विगत 12 सालों में 123 बार प्रश्न पत्र लीक हुआ है। पप्पू यादव ने कहा कि हम सब एकजुट होकर इस लड़ाई को जीतेंगे। टाल और दियारा के लोग सबसे संघर्षपूर्ण जीवन जीते हैं। इस पुल के लिए हम सब आर पार की लड़ाई लड़ेंगे। मैं इस मसले को लेकर नितिन गडकरी साहब से मिलेंगे। हम अप्रोच पुल लेकर रहेंगे ये हमारा वादा है।

## छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह में मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** विद्यापति भवन में अन-एडेड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन द्वारा एपीएसएसए छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें बिहार के विभिन्न जिलों से आए मेधावी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं शिक्षण संस्थानों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले लोगों की उपस्थिति ने समारोह को गरिमामयी बना दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व डीजीपी करुणा सागर ने किया जबकि मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. के. सी. सिन्हा उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में नागमणि कुशवाहा, दीपक प्रकाश एवं आदित्य राज सिंह शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. अजय कुमार झा ने की तथा मंच संचालन डॉ. मुकेश कुमार ने किया। समारोह में गोलुलेश उपाध्याय, सचिव राकेश कुमार रंजन, महासचिव अजय कुमार वर्मा, उप सचिव सुषमा पांडेय, उप सचिव अभिनाश कुमार झा, संयुक्त सचिव उमेश सिंह, संयुक्त सचिव अमरेन्द्र कुमार एवं कार्यकारिणी सदस्य प्रभात रंजन सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर बिहार के लगभग 100 स्कूलों एवं 250 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। बिहार बोर्ड जहानाबाद की नौवीं टॉपर छात्र मांशी कुमार को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। समारोह में छात्रों के उत्साह और अभिभावकों की मौजूदगी ने पूरे वातावरण को प्रेरणादायी बना दिया।

## स्वच्छता सर्वेक्षण में फीडबैक देने के मामले में पटना देशभर में दूसरे स्थान पर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** देश भर में स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत नागरिकों से शहर की साफ-सफाई व्यवस्था पर फीडबैक लिया जा रहा है जिसमें नागरिकों को फीडबैक देने में पटनावासियों को देशभर में दूसरे स्थान प्राप्त हुआ है। देश भर में पहले स्थान पर 6,81,187 फीडबैक के आधार पर इंदौर को पहला स्थान हासिल हुआ है। वहीं दूसरे स्थान पर 4,49,689 सिटीजन फीडबैक के साथ पटना को दर्ज किया जा रहा है। इस फीडबैक को मुख्यालय स्तर पर गठित 14 टीमें आम जन को जागरुक करते हुए सिटीजन फीडबैक अभियान को सफल बनाने और आम नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से पटना नगर निगम ने वरीय पदाधिकारियों, कर्मचारियों और कंसल्टेंट्स की दो सदस्यीय कुल 13 टीमें गठित की हैं। अभियान के दौरान सबसे अधिक उत्साह छात्रों में देखने को मिला। शहर के प्रमुख कोचिंग हब–बोरिंग रोड, मुसल्लाहपुर हाट, बाजार समिति और अशोक राजपथ स्थित कोचिंग संस्थानों एवं हॉस्टलों में बड़ी संख्या में छात्रों ने ऑन-द-स्पॉट फीडबैक दिया। इसके अलावा टीम द्वारा भीड़ भाड़ वाले इलाकों जैसे रेलवे स्टेशन, पार्क, चिड़ियाघर, मॉल, स्लम बस्तियों एवं प्रमुख चौक-चौराहों पर जा-जाकर लोगों को फीडबैक करने संबंधी आवश्यक डेमो भी दिया जा रहा है।

## सहयोग शिविर में 30 दिन में शिकायत समाधान नहीं तो अधिकारियों पर गिरेगी गाज

### मुख्यमंत्री सचिवालय स्तर पर प्राप्त जन शिकायतों की होगी निगरानी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** ग्रामीण रहवासियों की समस्या समाधान करने के लिए 19 मई से शुरू होने वाले सहयोग शिविर को लेकर सरकार लगातार गंभीर रूख अपनाए हुए है। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की ओर से वरीय पदाधाकारियों को जारी निर्देशों में कहा गया है कि शिविर में प्राप्त होने वाली जन शिकायतों का सतत अनुश्रवण किया जाएगा। इसके लिए वास्तविक समय निगरानी प्रणाली (रियल टाइम मॉनीटरिंग सिस्टम) लागू होगी और इसका सहयोग पोर्टल से जुड़ाव होगा। यह सहयोग पोर्टल सीधे मुख्यमंत्री सचिवालय स्तर पर कार्य करेगा। सहयोग पोर्टल पर प्राप्त होने वाली जन शिकायतों का प्रभावी समाधान के उद्देश्य से उसका वर्गीकरण, निवारण, निवारण में विलंब आदि के कारणों का विश्लेषण किया जाएगा। इस विश्लेषण में जन शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही मिलने पर संबंधित पदाधिकारी और कर्मचारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई तय है। मुख्य सचिव ने पत्र में कहा है कि सहयोग शिविर की अध्यक्षता जिला पदाधिकारी से अलग हटकर कोई दूसरे पदाधिकारी कर रहे हैं तो शिविर की समाप्ति के बाद जिला पदाधिकारी को एक संक्षिप्त प्रतिवेदन भेजेंगे जिसमें आवेदकों/वादों के निष्पादन में संतोषजनक काम नहीं करने वाले पदाधिकारियों एवं कर्मियों की भी जानकारी दी जाएगी। इसी जानकारी के आधार पर संबंधित के खिलाफ आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

**ग्रामीण जनता की समस्या समाधान के लिए महत्वपूर्ण पहल**

बता दें कि नए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के पदभार ग्रहण करने के बाद ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाली जनता की समस्या और शिकायतों के समाधान के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। जन शिकायतों के निस्तारण की दिशा में सप्ताह के दो कार्य दिवस सोमवार एवं शुक्रवार को पहले से चल रहे कार्यक्रम के अलावा अब महीने के प्रथम और तृतीय मंगलवार को ग्राम पंचायतों में सहयोग शिविर लगाने का निर्णय लिया गया है। प्रखंड और पंचायतवार लगने वाले इस शिविर के लिए संबंधित इलाके के लोगों को 30 दिन पहले से आवेदन करने की सुविधा दी गई है। सरकार ने निर्देश जारी किया है कि लोगों की समस्या संबंधी शिकायतों का निपटारा 30 दिन के भीतर करना होगा। किन्हीं कारणवश समस्या का निराकण नहीं हो पा रहा है तो इसकी अगली तिथि की लिखित जानकारी देते हुए पूरी सूचना पदाधिकारी आवेदक को देंगे।

## इस्ट प्वाइंट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस ने की छात्रवृत्ति योजना की घोषणा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** इस्ट प्वाइंट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, बेंगलुरु ने शैक्षणिक वर्ष 2026 - 27 में प्रवेश लेने वाले योग्य और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए 3 करोड़ तक की छात्रवृत्ति योजना की घोषणा की है। यह पहल संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. एस एम वेंकटपथी की स्मृति में शुरू की गई है जिनका उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और समान अवसरों के माध्यम से विद्यार्थियों को सशक्त बनाना है। इस पहल के बारे में बोलते हुए संस्थान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजीव गौड़ा ने कहा कि शिक्षा जीवन बदलने की शक्ति रखती है और हमारा मानना है कि हर योग्य विद्यार्थी को बिना आर्थिक बाधाओं के अपने सपनों को पूरा करने का अवसर मिलना चाहिए। इस छात्रवृत्ति पहल के माध्यम से हम शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देना, प्रतिभाओं को सम्मानित करना और विभिन्न पृष्ठभूमि से आने वाले परिवारों का सहयोग करना चाहते हैं। साथ ही अपने संस्थापक अध्यक्ष डॉ. एस एम वेंकटपाठी के दृष्टिकोण और मूल्यों को आगे बढ़ाना चाहते हैं। इस्ट प्वाइंट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस विद्यार्थियों के शैक्षणिक, व्यावसायिक और व्यक्तिगत विकास के लिए सार्थक शैक्षणिक अवसरों और छात्र-केंद्रित पहलों के माध्यम से अनुकूल वातावरण प्रदान करने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि छात्रवृत्ति की पात्रता और प्रतिशत चुने गए पाठ्यक्रम, शैक्षणिक प्रदर्शन, प्रवेश परीक्षा के अंकों (जहां लागू हो), सीट श्रेणी तथा छात्रवृत्ति कोटा में उपलब्धता के आधार पर अलग-अलग हो सकते हैं।

# जनजातीय गरिमा उत्सव को लेकर जिला प्रशासन प्रतिबद्ध : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जनजातीय समुदायों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से 'प्रधानमंत्री जनजातीय आदि न्याय महा अभियान' अंतर्गत 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान' के तहत 'जनजातीय गरिमा उत्सव-2026' कार्यक्रम का आयोजन रोहतास जिले में किया जा रहा है। यह अभियान 'जन भागीदारी-सबसे दूर, सबसे पहले' की भावना पर आधारित है। जिलाधिकारी ने बताया कि जिले के विभिन्न प्रखंडों के जनजातीय बाहुल्य ग्रामों में 18 मई 2026 से 25 मई 2026 तक विशेष शिविरों एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से जनजातीय समुदायों को केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी तथा लाभुकों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। डीएम ने कहा कि अभियान के दौरान प्रत्येक प्रखंड, पंचायत एवं ग्राम स्तर पर विभिन्न विभागों द्वारा समन्वित रूप से कार्य किया जाएगा। शिविरों में प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन किया जाएगा ताकि पात्र लाभुकों को योजनाओं का सीधा लाभ मिल सके। इसके अतिरिक्त ग्राम स्तरीय टीमों द्वारा क्षेत्र भ्रमण कर योजनाओं की वास्तविक स्थिति का आकलन भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनजातीय समाज के सर्वांगीण विकास एवं सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इसके माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, पेयजल, सामाजिक सुरक्षा, रोजगार एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं से संबंधित योजनाओं की जानकारी अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। डीएम ने जिलेवासियों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं संबंधित अधिकारियों से अपील करते हुए कहा कि 'जनजातीय गरिमा उत्सव-2026' को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग करें तथा अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ें। उन्होंने विशेष रूप से जनजातीय समुदाय के लोगों से आग्रह किया कि वे अपने निकट आयोजित शिविरों में पहुंचकर सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें एवं योजनाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन रोहतास जनजातीय समुदाय के विकास एवं कल्याण के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है तथा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। अंत में जिलाधिकारी ने अभियान के सफल संचालन हेतु सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक निर्देश देते हुए जनसहभागिता को इस अभियान की सबसे बड़ी शक्ति बताया।

# बिहार पहला राज्य जहां जलवायु परिवर्तन के लिए हुआ काम : मंत्री श्रवण कुमार

## 'जल जीवन हरियाली' के माध्यम से 20 करोड़ पौधारोपण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, ग्रामीण विकास मंत्री सह जदयू विधायक दल के नेता श्रवण ने कहा है कि बिहार देश का पहला राज्य है जहां जलवायु परिवर्तन के प्रति पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जागरूक होकर 'जल-जीवन हरियाली' योजना शुरू की। उनके शुरुआती कार्यकाल के दौरान हरियाली 9 प्रतिशत हरियाली थी जो आज बढ़कर 16 प्रतिशत के करीब पहुंच गई है। इस दौरान लगभग 20 करोड़ पौधारोपण किया जा चुका है। मंत्री ने संदेश दिया कि हमें अपने बच्चों के जन्मदिन, माता-पिता के पुण्यतिथि पर हर साल एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। वे रविवार को पटना स्थित एएन सिन्हा सामाजिक अध्ययन संस्थान के सेमिनार हॉल में जमीयत उलेमा-ए-हिंद, बिहार की ओर से आयोजित 'समाज सुधार संगोष्ठी' में शामिल हुए। मंत्री ने कहा कि जमीयत उलेमा-ए-हिन्द ने हमेशा सामाजिक सदभाव भाइचारे और मानवता के संदेश को आगे बढ़ाया है। शिक्षा और सामाजिक जागरुकता के क्षेत्र में इस संस्था का योगदान अत्यन्त सराहनीय रहा है। संस्था ने भारत के स्वतंत्रता आन्दोलन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कहा कि जमीयत उलेमा-ए-हिंद की तरह ही बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समाज सुधार के क्षेत्र में ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। उन्होंने पूर्ण शराबबंदी लागू कर समाज के गरीब, मजदूर, और युवाओं को नशे की बुराईयों से बचाने का प्रयास किया। इससे लाखों परिवारो में खुशहाली और समाजिक शान्ति का वातावरण बना है। दहेज प्रथा, बाल विवाह जैसी कुरीतियों को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए। मौके पर नई दिल्ली स्थित जमीअत उलमा ए हिन्द के सचिव मौलाना सैयद अजहर मदनी, बिहार जमीअत उलमा के अध्यक्ष मौलाना बदर अहमद मुजीबी, महासचिव मौलाना मोहम्मद अब्बास कासमी, सचिव डॉ. फैज अहमद कादरी, बिहार विधान परिषद के सदस्य डॉ. खालिद अनवर, सहित अन्य मौजूद रहे।

# बिहार में रोजगार और विकास का नया दौर शुरू

## अगले पांच वर्षों में एक करोड़ लोगों को मिलेगा रोजगार : भगवान सिंह कुशवाहा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** बिहार सरकार राज्य में रोजगार और विकास को नई गति देने की दिशा में लगातार काम कर रही है। योजना एवं विकास मंत्री भगवान सिंह कुशवाहा ने रविवार को स्थानीय उर्वशी होटल में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि बिहार में एक करोड़ लोगों को रोजगार देने का नया अध्याय शुरू हो चुका है। उन्होंने कहा कि बिहार तेजी से आगे बढ़ रहा है और आने वाले दिनों में विकास के साथ बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में अगले पांच वर्षों में एक करोड़ लोगों को नौकरी और रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि राज्य के सभी जिलों में उद्योग स्थापित किए जाएंगे जिससे युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि बिहार के सभी पंचायतों में पंचायत सरकार भवन एवं पंचायत विवाह भवन का निर्माण कराया जाएगा। रोहतास जिले की 229 पंचायतों में पंचायत सरकार भवन निर्माण की योजना है जिसमें अब तक 65 भवनों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इस माह 10 और भवनों का निर्माण पूर्ण होने की संभावना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्य में आ रही भूमि संबंधी बाधाओं को जल्द दूर किया जाएगा। मंत्री ने बताया कि जिले के महादलित टोले में 73 सामुदायिक भवनों का निर्माण पूरा हो चुका है जबकि 20 भवनों का निर्माण कार्य जारी है। उन्होंने कहा कि सरकार गांवों में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। एक अन्य प्रश्न के जवाब में भगवान सिंह कुशवाहा ने कहा कि बिहार में अपराध और भय का माहौल समाप्त किया जाएगा। अपराधियों को अपराध छोड़ना होगा तथा राज्य को भयमुक्त और अपराधमुक्त बनाने के लिए सरकार लगातार कार्रवाई कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि योजना एवं विकास विभाग के अधिकारियों का स्थानांतरण तीन वर्ष पूरा होने के बाद ही किया जाएगा, ताकि योजनाओं के क्रियान्वयन में निरंतरता बनी रहे। प्रेस वार्ता में बैरिस्टर सिंह, लल्लू चौधरी, प्रमोद महतो, अशोक कुमार तथा अनुज कुशवाहा सहित कई लोग उपस्थित थे।

## सड़क हादसे में रोहतास के युवक समेत दो की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** मध्य प्रदेश के बैतूल जिले से एक दर्दनाक सड़क हादसे की खबर सामने आई है जहां पिकअप और बाइक की आमने-सामने की जोरदार टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इस हादसे की खबर मिलते ही रोहतास जिले में शोक का माहौल फैल गया। मिली जानकारी के अनुसार हादसे में रोहतास जिले के तिलौथू प्रखंड अंतर्गत बिक्रम बिगहा निवासी सुरेश सिंह के इकलौते पुत्र अक्षय कुमार (22 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं हादसे में दूसरा मृतक अश्विनी कुमार जो मध्य प्रदेश के बैतूल का निवासी बताया जा रहा है उसकी भी जान चली गई। घटना

## ईंधन बचत और पर्यावरण संरक्षण की अनोखी पहल, बाइक से कार्यालय पहुंचे एसपी रौशन कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रोहतास पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार ने ईंधन बचत एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक प्रेरणादायक पहल की है। इसी कड़ी में वे अपने आवास से मोटर साइकिल चलाकर शुक्रवार को कार्यालय पहुंचे। उनकी इस पहल का उद्देश्य ईंधन की खपत कम करना तथा आम लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। एसपी रौशन कुमार ने बताया कि ईंधन बचत को ध्यान में रखते हुए सप्ताह में दो दिन वे मोटर साइकिल अथवा पैदल चलकर कार्यालय आएंगे। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी पहल से बड़े बदलाव संभव हैं और यदि लोग निजी स्तर पर भी ईंधन संरक्षण के लिए जागरूक हों तो पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि यह पहल केवल ईंधन बचाने तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का संदेश देने का भी प्रयास है। वहीं शाहाबाद प्रक्षेत्र के डीआईजी डा. सत्य प्रकाश भी क्षेत्र भ्रमण के दौरान सिर्फ एक गाड़ी का उपयोग कर सादगी और संसाधनों के संरक्षण का संदेश दे रहे हैं। एसपी की इस पहल की लोगों ने सराहना की तथा इसे समाज के लिए प्रेरणादायक कदम बताया।

## महाप्रबंधक ने किया रेलवे ऑफिसर्स क्लब, सोनपुर में सम्मेलन कक्ष निर्माण का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेलवे के प्रशासनिक एवं संस्थागत अधोसंरचना को और अधिक सुदृढ़ एवं आधुनिक बनाने की दिशा में आज एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा रेलवे ऑफिसर्स क्लब, सोनपुर में नवनिर्मित होने वाले सम्मेलन एवं बैठक कक्ष के निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया। महाप्रबंधक ने निर्माण स्थल का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता, समयबद्धता एवं आधुनिक सुविधाओं के अनुरूप कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रेलवे अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए बेहतर कार्य वातावरण उपलब्ध कराना रेलवे प्रशासन की प्राथमिकता है। प्रस्तावित सम्मेलन एवं बैठक कक्ष के निर्माण से प्रशासनिक बैठकों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, परिचर्चाओं एवं विभिन्न आधिकारिक आयोजनों के संचालन में सुविधा एवं दक्षता बढ़ेगी। उन्होंने यह भी कहा कि आधुनिक आधारभूत संरचना का विकास किसी भी संगठन की कार्यक्षमता को नई दिशा प्रदान करता है। रेलवे ऑफिसर्स क्लब, सोनपुर में बनने वाला यह सम्मेलन एवं बैठक कक्ष अधिकारियों के मध्य समन्वय, संवाद एवं संस्थागत गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने में सहायक सिद्ध होगा। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक एवं मुख्यालय के अन्य विभागाध्यक्ष तथा सोनपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अमित सरन एवं मंडल के सभी शाखा अधिकारीगण उपस्थित रहे। अधिकारियों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए इसे संगठनात्मक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम के दौरान निर्माण कार्य से संबंधित योजनाओं एवं प्रस्तावित सुविधाओं की जानकारी भी महाप्रबंधक को दी गई।

## बकायेदार बिजली उपभोक्ताओं पर विद्युत विभाग सख्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** विद्युत विभाग बकायेदार उपभोक्ताओं से राजस्व वसूली के लिए व्यापक अभियान चला रहा है। लंबे समय से बिल नहीं भरने वाले उपभोक्ताओं को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। ऐसे उपभोक्ताओं के कनेक्शन तत्काल प्रभाव से काटे जा रहे हैं। विद्युत कार्यपालक अभियंता, सासाराम ई. ब्रवीम ने बताया कि राजस्व वसूली तेज करने के लिए शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष टीमें गठित की गई हैं। ये टीमें क्षेत्रवार अभियान चलाकर बकायेदारों की पहचान कर कार्रवाई कर रही है। विभागीय निर्देशानुसार शहरी क्षेत्र में 5000 रुपये से अधिक और ग्रामीण क्षेत्र में 20000 रुपये से अधिक बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं पर विशेष कार्रवाई हो रही है। ऐसे उपभोक्ताओं के कनेक्शन तुरंत काटे जा रहे हैं ताकि समय पर राजस्व संग्रह हो सके और विद्युत व्यवस्था सुचारु रहे। विभाग ने कहा कि समय पर बिल भुगतान हर उपभोक्ता की जिम्मेदारी है। भुगतान न करने पर असुविधा के साथ विभागीय कार्रवाई भी हो सकती है। इसलिए तय समय सीमा में बिल जमा करने की अपील की गई है जिन उपभोक्ताओं के कनेक्शन बकाया के कारण कट गए हैं, वे बकाया राशि के साथ निर्धारित पुनः संयोजन शुल्क जमा कर दोबारा कनेक्शन ले सकते हैं।

## कृष्णा देवी का 95 वर्ष की आयु में निधन, ग्रामीणों में शोक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** ग्राम मौडिहा निवासी कृष्णा देवी की 95 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही परिवार, रिश्तेदारों एवं पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। वे स्वर्गीय रामप्रवेश उपाध्याय की धर्मपत्नी थीं। स्व. कृष्णा देवी अपने सरल स्वभाव, धार्मिक आस्था, संघर्षशील जीवन तथा परिवार के प्रति समर्पण के लिए जानी जाती थीं। उन्होंने अपने जीवनकाल में परिवार को संस्कार, अनुशासन एवं सेवा का जो मार्ग दिखाया, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बना रहेगा। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनके पुत्र संतोष उपाध्याय मानवाधिकार, सामाजिक न्याय, बंदी अधिकार एवं बाल अधिकार जैसे मुद्दों पर सक्रिय रूप से कार्य कर समाज में अपनी अलग पहचान बनाए हुए हैं। वहीं उनके दूसरे पुत्र अरुण उपाध्याय शिक्षा जगत में एक समर्पित हेड मास्टर के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। यह उनकी दी हुई शिक्षा, संस्कार एवं परिश्रम का ही परिणाम है कि उनके पुत्र विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दे रहे हैं।

# अनमोल उपहार दे गए पायलट बाबा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**सासाराम।** बिहार सरकार के योजना एवं विकास मंत्री भगवान कुशवाहा ने रविवार को स्थानीय पायलट बाबा आश्रम में स्थापित पूर्वोत्तर ज्योतिर्लिंग की पूजा अर्चना की। इसके बाद यहां निर्मित गौतम बौद्ध प्रतिमा से लेकर गौशाला तथा धर्मशाला का अवलोकन करते हुए इसे महायोगी पायलट बाबा द्वारा शाहाबाद के लिए दिया गया अनमोल उपहार बताया। श्री भगवान कुशवाहा ने कहा कि यहां स्थापित महात्मा बुद्ध की विशाल प्रतिमा लोगों को सत्य अहिंसा तथा सद्मार्ग पर चलने का संदेश देता है तो वहीं दूसरी तरफ बाबा साहेब अंबेडकर, कबीर दास, भगत सिंह, सरदार पटेल, बाबू वीर कुंवर सिंह जैसे अनेक महान विभूतियों का एक परिसर में स्थापित प्रतिमा राष्ट्रीय एकता का संदेश देता है। श्री कुशवाहा ने कहा कि शाहाबाद की धरती पर जन्मे महायोगी पायलट बाबा ने दुनिया के अनेक देशों में भारतीय संस्कृति और परंपराओं का जो प्रचार-प्रसार किया वह काबिले तारीफ है। वे आश्रम स्थित गोशाला, सभाकक्ष तथा पर्यटकों के लिए निर्मित कमरों का भी अवलोकन किया। इस दौरान शाहाबाद महोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष अखिलेश कुमार, पायलट बाबा आश्रम के मनीष कुमार, अतेन्द्र सिंह, प्रमोद कुमार, चितरंजन कुशवाहा, इंद्रदेव कुशवाहा, महावीर क्विज के सचिव शैलेश पटेल, अशोक गुप्ता आदि भी मौजूद थे।

## दहेज उत्पीड़न मामले में नामजद अभियुक्त गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** इंद्रपुरी थाना कांड संख्या-89/26, 14 मई 2026 में दर्ज दहेज उत्पीड़न मामले के नामजद अभियुक्त गणेश कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार अभियुक्त गणेश कुमार (20 वर्ष) पिता शिव राम, ग्राम नावाडीह, थाना नगर, जिला-औरंगाबाद का निवासी बताया गया है। इंद्रपुरी थाना अध्यक्ष प्रियंका कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया कि कांड संख्या-89/26 में भारतीय न्याय संहिता की धारा 69/352/351(2)/3(5) एवं दहेज अधिनियम की धारा 3/4 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अभियुक्त को झारखंडी मंदिर, डिहरी क्षेत्र से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# मेधावी विद्यार्थियों के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** बिक्रमगंज प्रखंड स्थित नोनहर गांव में रविवार को मेधावी विद्यार्थियों के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले गांव के 73 छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी और मेडल देकर प्रोत्साहित किया गया। समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथि डॉ. अरुण कुमार, बीडीसी अजय गांधी, फंडामेंटल क्लासेज के निदेशक डॉ. सुरेंद्र कुमार सिंह, उमेश सिंह, रितेश राज मेहता, मनोज कुमार और अवधेश सिंह ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ की। मंच संचालन मंथन के निदेशक मनजी सिंह कुशवाहा ने किया। सम्मान पाने वाले विद्यार्थियों में इंटरमीडिएट से राज कुमार, रिया कुमारी, आकाश कुमार, प्रिंस कुमार शर्मा, आदर्श कुमार, अंकित पांडेय, शुभम कुमार, प्रत्युष मिश्रा, सुनीता कुमारी, रिमझिम कुमारी, अनु कुमारी और रंभा कुमारी प्रमुख रहे। मैट्रिक वर्ग में बॉबी देवल, खुशबू कुमारी, सुरभी कुमारी, अंकुश कुमार, प्रिंस शर्मा, नीरज कुमार, कुंदन कुशवाहा, समीर राज, चंदन कुमार, अमरदीप कुमार, रविशंकर यादव, सपना कुमारी, शिवानी कुमारी, रागनी कुमारी, पूजा कुमारी, चंचल कुमारी, सृष्टि कुमारी और अभिमन्यु सिंह समेत कुल 73 बच्चों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. अरुण कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि सम्मान की कोई कीमत नहीं होती। उन्होंने 'डिविंग सिद्धांत' का जिक्र कर बताया कि हर व्यक्ति में प्रतिभा है, बस उसे तराशने की जरूरत है। साथ ही असफलता से हताश न होने का संदेश दिया। डॉ. सुरेंद्र कुमार सिंह ने शिक्षा की ताकत समझाते हुए कहा 'पढ़ाई शेरनी का दूध है, जितना पियोगे उतना दहाड़ोगे।' कार्यक्रम में वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय धारूपुर के प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र कुमार सिंह, देवानंद सिंह, लक्ष्मण सिंह, प्रेम सिंह, शक्ति राय, राहुल सिंह और मिथिलेश कुमार ने भी छात्रों को मेहनत और गहन अध्ययन के लिए प्रेरित किया। वक्ताओं ने शिक्षा को ही सफलता का सबसे बड़ा मंत्र बताया।

## अनियंत्रित ट्रक सड़क से नीचे उतरा बाल-बाल बचे आसपास के लोग



**सासाराम (नबिटा सं.)।** थाना क्षेत्र के रसूलपुर बकुवा पुल के समीप डिहरी की ओर से आ रही अनियंत्रित ट्रक सड़क से नीचे उतर गई। ट्रक ड्राइवर ट्रक की स्पीड पर काबू नहीं कर पा रहा था और कुछ दूरी तक ट्रक सड़क के नीचे दौड़ती रही। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि रात्रि के समय होने के कारण वहां आसपास लोग नहीं थे नहीं तो भारी नुकसान हो सकता था। रात में सुनसान सड़क होने के कारण ट्रक ड्राइवर भी फुल स्पीड में ट्रक लेकर सड़कों पर चलते हैं जिसमें अचानक गाड़ी से संतुलन को बैठते हैं। हालांकि ड्राइवर ने किसी तरह ट्रक को रोक कर वहां से सकुशल निकालने में सफल रहा।


बिहार सरकार

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-१४.

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

विज्ञापन संख्या- बी.सी.ई.सी.ई.बी. (डी.सी.ई.सी.ई.)-2026//05 दिनांक- 17.05.2026

**डिप्लोमा-सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा-2026**

[पॉलिटेकनिक (अभियंत्रण)/ पारा मेडिकल (माध्यमिक स्तरीय)/ पारा मेडिकल (इंटरमीडिएट स्तरीय)]

**परीक्षा केन्द्र से सम्बन्धित आवश्यक सूचना**

दिनांक 23.05.2026 एवं दिनांक 24.05.2026 को आयोजित की जानेवाली डिप्लोमा-सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा [DCECE (PE/PM/PMM)]-2026 की परीक्षा से सम्बन्धित परीक्षार्थियों / केन्द्राधीक्षकों / संलग्न पदाधिकारियों एवं सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **गया** जोन के पूर्व निर्धारित कतिपय परीक्षा केन्द्र को अपरिहार्य कारणों से परिवर्त्तित करते हुए इसके स्थान पर नया परीक्षा केन्द्र बनाया जाता है। इस नये परीक्षा केन्द्र का परीक्षा केन्द्र कोड संख्या पूर्ववत् ही रहेगा। पूर्ण विवरणी निम्नवत् है;

| परीक्षा केन्द्र कोड | एडमिट कार्ड पर अंकित पूर्व निर्धारित परीक्षा केन्द्र | परीक्षा केन्द्र कोड | नया परीक्षा केन्द्र |
|---|---|---|---|
| 2101 | Anugrah Memorial College Katari Hill Road, Gaya Ji. | 2101 | DAV Public School Cantt Area, Gaya Ji. |
| 2104 | Mahavir Inter College Near Bata More, Swarajpuri Road, Kotwali, Gaya Ji. | 2104 | Utkramit Madhyamik Vidalaya Gauri Kanya Manpur, Bhusunda, Manpur, Gaya Ji. |
| 2111 | Govt. Girls +2 School, Ramna Road, Gaya Ji. | 2111 | Shatabdi Public School, Katari Hill Road, Gaya Ji. |
| 2113 | Ramruchi Balika Inter School, Rajendra Path New Godown, Gaya Ji. | 2113 | +2 High School Chakand, Chakand, Gaya Ji. |

2. परीक्षा केन्द्र कोड सं.- 2101, 2104, 2111 **एवं** 2113 के लिए निर्गत Admit Card के स्थान पर परिवर्त्तित परीक्षा केन्द्रों के लिए नया Admit Card पर्षद के वेबसाईट पर upload कर दिया गया है। उपर्युक्त चारों परीक्षा केन्द्र के अभ्यर्थी परिवर्त्तित परीक्षा केन्द्रों के लिए पर्षद के वेबसाईट पर उपलब्ध link "Download Admit Card of DCECE[PE/PMM/PM]-2026" पर click कर अपने account में login कर पुनः Admit Card download कर लें और नये परीक्षा केन्द्रों पर नया Admit Card ले कर जायेंगे।

3. तदनुसार परीक्षा केन्द्र कोड सं. 2101, 2104, 2111 **एवं** 2113 परीक्षा केन्द्र पर आवंटित सभी परीक्षार्थी अब नये परिवर्त्तित परीक्षा केन्द्र पर उपरोक्त परीक्षा में सम्मिलित होंगे।

4. दिनांक 23.05.2026 एवं दिनांक 24.05.2026 के लिए पूर्व निर्धारित अन्य सभी परीक्षा केन्द्र पूर्ववत् रहेगें।

**परीक्षा नियंत्रक**


# जनगणना 2027 का मकान सूचीकरण, 31 तक हर हाल में पूरा करने का लक्ष्य

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** काराकाट में जनगणना 2027 का मकान सूचीकरण कार्य तेज गति से चल रहा है और प्रशासन ने इसे 31 मई तक हर हाल में पूरा करने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए टीमों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि कोई भी मकान सूची से छूटना नहीं चाहिए। काराकाट नगर पंचायत क्षेत्र को 39 हाउस लिस्टिंग ब्लॉक में बांटा गया है जहां 31 प्रगणक और 5 पर्यवेक्षक तैनात हैं। पूरे प्रखंड की बात करें तो यहां 379 एचएलबी बनाए गए हैं और कार्य के लिए 356 प्रगणक तथा 56 पर्यवेक्षक मैदान में उतारे गए हैं। प्रगणक मौके पर पहुंचकर हर मकान की दीवार पर यूनिक सीएन नंबर अंकित कर रहे हैं। बंद मिले मकानों की जानकारी पड़ोसियों या परिचितों से जुटाई जा रही है ताकि गिनती शत-प्रतिशत सुनिश्चित हो सके। सूचीकरण में आवासीय और गैर-आवासीय दोनों तरह के भवनों को शामिल किया जा रहा है जिन मकानों में परिवार स्वयं रहते हैं उन्हें आवासीय श्रेणी में रखा गया है जबकि किराए पर दिए गए मकान, दुकान या पशुओं के शेड जैसे भवन गैर-आवासीय श्रेणी में दर्ज हो रहे हैं। एचएलओ ऐप पर काम कर रहे प्रगणकों को प्रत्येक घर के लिए 34 बिंदुओं पर डेटा भरना है। इनमें भवन नंबर, जनगणना मकान नंबर, निर्माण सामग्री, परिवार क्रमांक, मुखिया का नाम-लिंग, कमरों की संख्या, विवाहित जोड़ों की संख्या, पेयजल स्रोत, बिजली, शौचालय, नाली, स्नान सुविधा, रसोई ईंधन, रेडियो, इंटरनेट, कंप्यूटर, वाहन और मोबाइल नंबर जैसी जानकारियां शामिल हैं।

# श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सुविधाएं सर्वोपरि : सम्राट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। नालंदा जिले के राजगीर में आयोजित मलमास मेला-2026 का रविवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने विधिवत उद्घाटन किया। ब्रह्मकुंड परिसर में मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना करने के बाद उन्होंने महाआरती में भाग लिया तथा यज्ञशाला के समीप संतों के साथ ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर जगतगुरु रामानुजाचार्य स्वामी बासुदेवाचार्य श्री भास्कर समेत कई संत-महात्मा उपस्थित रहे। उद्घाटन के बाद मुख्यमंत्री ने मेले में श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा, पेयजल, आवासन, खान-पान और स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। ब्रह्मकुंड के पास नव नालंदा सेवा भारतीय नालंदा द्वारा आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सेवा भाव से मदद करना और उनके स्वास्थ्य का ध्यान रखना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री का स्वागत राजगीर तपोवन तीर्थ रक्षार्थ पंडा समिति एवं जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने प्रतीक चिन्ह और अंगवस्त्र भेंटकर किया।







उन्होंने स्टेट गेस्ट हाउस में तैयार आवासन स्थल और 'दीदी की रसोई' का भी उद्घाटन किया, जहां श्रद्धालुओं को सस्ती दर पर शुद्ध भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मलमास मेले में देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। ऐसी मान्यता है कि इस दौरान 33 करोड़ देवी-देवताओं का निवास यहां होता है। इसलिए यह सुनिश्चित किया जाए कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और वे सुखद अनुभव के साथ लौटें। उन्होंने असामाजिक तत्वों पर नजर रखने और आवागमन को सुगम बनाने के निर्देश भी दिए। इसके बाद मुख्यमंत्री ने राजगीर जू-सफारी और नेचर सफारी का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने जू-सफारी की गतिविधियों, नियंत्रण कक्ष, व्याख्या केंद्र और 180 डिग्री थिएटर में प्रदर्शित एनिमेशन फिल्म 'द वाइल्ड कॉल' को देखा, जिसे 16वें दादा साहेब फाल्के फिल्म फेस्टिवल में 'सर्टिफिकेट ऑफ एक्सीलेंस' प्राप्त हुआ है। भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री ने ग्लास ब्रिज से प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लिया और वन्य जीव अस्पताल में सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने सिंह शावक का नामकरण 'लक्ष्मी' किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जू-सफारी और नेचर सफारी पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र हैं, इसलिए इनके रख-रखाव और सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता, सांसद कौशलेंद्र कुमार, विधायक कौशल किशोर समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# मलमास मेला भारत की संस्कृति और सामाजिक समरसता का विराट उत्सव : श्रवण कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। राजगीर में आयोजित मलमास मेला-2026 के उद्घाटन समारोह में बिहार सरकार के ग्रामीण विकास एवं सूचना एवं जन-संपर्क विभाग के मंत्री तथा जनता दल (यूनाइटेड) विधायक दल के नेता श्रवण कुमार ने भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने मलमास मेला को केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारत की प्राचीन संस्कृति, अध्यात्म, सामाजिक समरसता और लोक परंपराओं का भव्य उत्सव बताया। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि राजगीर की पावन धरती सदियों से ज्ञान, तप, त्याग और शांति का संदेश देती रही है। उन्होंने कहा कि मलमास मेला बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को देश-दुनिया तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। साथ ही यह राज्य के पर्यटन क्षेत्र को राष्ट्रीय



और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। मंत्री ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से इस ऐतिहासिक मेले को राजकीय स्वरूप मिला, जिससे इसकी गरिमा और भव्यता में अभूतपूर्व वृद्धि हुई। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की पहल से मलमास मेला आज एक बड़े सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजन के रूप में स्थापित हो चुका है। श्रवण कुमार ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार द्वारा मेले में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात, आवास और अन्य सुविधाओं के लिए लगातार बेहतर व्यवस्था की जा रही है। प्रशासन की ओर से सभी आवश्यक तैयारियों को प्राथमिकता दी गई है। मंत्री ने राजगीरवासियों से अपील की कि इस ऐतिहासिक मेले की गरिमा बनाए रखने के लिए प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सद्भाव को कायम रखें।

# केसौरिया घटना को लेकर तेजस्वी यादव से मिला राजद प्रतिनिधिमंडल, न्याय की उठाई मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। जिले के नारदीगंज प्रखंड अंतर्गत केसौरिया गांव में हुई घटना को लेकर राष्ट्रीय जनता दल का एक प्रतिनिधिमंडल नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने घटना की विस्तृत जानकारी देते हुए पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई। पटना में हुई इस मुलाकात में राजद नेता एवं पूर्व लोकसभा प्रत्याशी श्रवण कुशवाहा, जिला अध्यक्ष उदय यादव, महिला जिला अध्यक्ष रेणु सिंह, राजकुमार यादव, रजौली विधानसभा की पूर्व प्रत्याशी पिंकी भारती समेत कई नेता मौजूद रहे। नेताओं ने कहा कि केसौरिया गांव की घटना से इलाके के लोगों में काफी आक्रोश है और लोग निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं। प्रतिनिधिमंडल ने तेजस्वी यादव



को बताया कि घटना के बाद पीड़ित परिवार खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है। उन्होंने प्रशासन से पीड़ित परिवार को सुरक्षा उपलब्ध कराने और दोषियों की जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित करने की मांग की। नेताओं ने यह भी कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए ताकि सच्चाई सामने आ सके और किसी निर्दोष के साथ अन्याय न हो।

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और भरोसा दिलाया कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखना सरकार की जिम्मेदारी है और इस प्रकार की घटनाएं चिंताजनक हैं। मुलाकात के बाद राजद नेताओं ने कहा कि पार्टी पूरी मजबूती के साथ पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि दोषियों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो पार्टी आंदोलन करने को बाध्य होगी। इस मुलाकात के बाद जिले की राजनीतिक सरगर्मी भी तेज हो गई है।

# समर्पित कार्यकर्ताओं के लिए कांग्रेस ने खोला दरवाजा : प्रभाकर झा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। जिला कांग्रेस कार्यालय, रामनगर स्थित नवादा ब्लॉक के सामने शनिवार को जिला अध्यक्ष प्रभाकर झा की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार आयोजित इस बैठक में "संगठन सृजन साथी अभियान" को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाना तथा नए और समर्पित कार्यकर्ताओं को संगठन से जोड़ना रहा। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष प्रभाकर झा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जिला, प्रखंड एवं प्रदेश स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से कई समर्पित कार्यकर्ता जिम्मेदारी नहीं मिलने के कारण संगठन में पीछे छूट जाते थे, लेकिन अब राहुल गांधी के मार्गदर्शन में ऐसे कार्यकर्ताओं को "संगठन सृजन साथी अभियान" के




तहत अवसर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही कार्यकर्ताओं की सक्रियता और मेहनत के आधार पर उन्हें जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। श्री झा ने स्पष्ट कहा कि अब जिला या प्रखंड स्तर पर "जंबोजेट कमिटी" का गठन नहीं होगा, बल्कि संगठन में उन्हीं लोगों को स्थान मिलेगा जो सक्रिय, समर्पित और संघर्षशील होंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी में मेहनत करने वालों को उनका उचित सम्मान और जिम्मेदारी अवश्य मिलेगी। साथ ही उन्होंने अनुशासनहीनता पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि संगठन में अनुशासन से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। प्रभाकर झा ने कहा कि आने वाले दिनों में नवादा जिला कांग्रेस लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष और सत्याग्रह को हथियार बनाकर जनता की समस्याओं को उठाएगी तथा भाजपा सरकार की नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद करेगी।

# सदर अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर से मारपीट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में रविवार को ड्यूटी कर रहे डॉक्टर के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद अस्पताल परिसर में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पीड़ित डॉक्टर ने मामले की शिकायत नगर थाना में दर्ज कराई है, जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित युवक को हिरासत में ले लिया। जानकारी के अनुसार सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में डॉ. श्रीकांत प्रसाद ड्यूटी पर तैनात थे। इसी दौरान एक मरीज इलाज कराने के लिए अस्पताल पहुंचा। इलाज के क्रम में किसी बात को लेकर मरीज और डॉक्टर के बीच कहासुनी हो गई। आरोप है कि मरीज ने डॉक्टर के साथ गाली-गलौज करते हुए अभद्र व्यवहार किया। जब डॉक्टर ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। घटना के बाद अस्पताल कर्मियों और अन्य लोगों ने बीच-बचाव कर स्थिति को शांत कराया। मारपीट की सूचना तुरंत नगर थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और आरोपित युवक को हिरासत में लेकर थाना ले गई। फिलहाल पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। घटना को लेकर अस्पताल कर्मियों में आक्रोश देखा जा रहा है। स्वास्थ्यकर्मियों ने अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है ताकि ड्यूटी के दौरान डॉक्टरों और कर्मचारियों के साथ इस तरह की घटनाएं दोबारा न हों। वहीं पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और दोषी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ की नवादा जिला इकाई का चुनाव संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ के जिला स्तरीय चुनाव का आयोजन रविवार को प्रोजेक्ट इंटर विद्यालय परिसर में शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। चुनाव संघ द्वारा नामित चुनाव पदाधिकारी एवं पर्यवेक्षक की देखरेख में आयोजित किया गया। चुनाव के बाद विभिन्न पदों पर निर्वाचित पदाधिकारियों की सूची जारी की गई। जारी सूची के अनुसार अध्यक्ष पद पर अशोक नाथ राय को निर्वाचित घोषित किया गया, जबकि प्रधान सचिव पद की जिम्मेदारी रंजीत कुमार को मिली। वहीं कोषाध्यक्ष पद पर अविनाश कुमार का चयन किया गया। उपाध्यक्ष पद पर संजय कुमार विद्यार्थी, गुलाम दस्तगीर खां, डॉ. शशिकांत सिन्हा, संजय कुमार, राजेश कुमार तथा सत्येंद्र कुमार पाण्डेय निर्वाचित हुए। उप सचिव पद पर जमशेद मेहंदी काजमी एवं संजय कुमार सुमन को चुना गया। संयुक्त सचिव के रूप में पुष्कर कुमार अरुण और अवधेश कुमार पासवान को जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यालय सचिव पद पर विजय कुमार एवं सुरेंद्र कुमार का चयन हुआ। संगठन सचिव के रूप में ज्ञानचंद दास तथा धर्मेंद्र कुमार निर्वाचित हुए। इसके अलावा अंकेक्षक पद पर नवल किशोर प्रसाद को चुना गया। प्रवक्ता पद पर महेश प्रसाद यादव एवं डॉ. गोपाल प्रसाद को जिम्मेदारी मिली। मीडिया प्रभारी के रूप में दयानंद सिंह और राजू रंजन कुमार का चयन किया गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में सुरेश कुमार, अरविंद कुमार, विनोद कुमार, प्रिंस कुमार, अनिल कुमार, आनंदी कुमार तथा हिमांशु शेखर राय को निर्वाचित घोषित किया गया। चुनाव संपन्न होने के बाद शिक्षकों में उत्साह का माहौल देखा गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने संघ की मजबूती, शिक्षकों की समस्याओं के समाधान तथा शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए मिलकर कार्य करने का भरोसा दिलाया।

# संदिग्ध स्थिति में महिला की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)**। हिलसा थाना क्षेत्र के सैदनपुर गांव में शनिवार की रात एक विवाहिता की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई। मृतका की पहचान गांव निवासी विकास कुमार की 26 वर्षीया पत्नी स्वीटी कुमारी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि करीब छह वर्ष पूर्व स्वीटी कुमारी की शादी विकास कुमार से प्रेम विवाह के रूप में हुई थी। शादी के बाद वह ससुराल में रह रही थी और उसके दो बच्चे हैं, जिनमें एक पुत्र व एक पुत्री शामिल हैं। मायके पक्ष का आरोप है कि कुछ दिनों से ससुराल पक्ष द्वारा महिला के साथ मारपीट व प्रताड़ना की जा रही थी। शनिवार रात महिला की संदिग्ध स्थिति में मौत होने के बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया। रविवार सुबह मायके पक्ष के लोगों ने घर पर पहुंचकर तोड़फोड़ की जिससे लाखों रुपये की संपत्ति क्षतिग्रस्त कर दिया तथा हिलसा-योगीपुर मार्ग पर शव रखकर करीब आधे घंटे तक प्रदर्शन किया।

# मलमास मेला में 'दीदी की रसोई' का शुभारंभ



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। राजकीय मलमास मेला-2026 के उद्घाटन अवसर पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी तथा ग्रामीण विकास सह सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार ने संयुक्त रूप से 'जीविका दीदी की रसोई' का फीता काटकर शुभारंभ किया। जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने बताया कि मलमास मेला के दौरान जीविका दीदियों के आर्थिक सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए पूरे मेला क्षेत्र में 25 चिन्हित स्थानों पर 'दीदी की रसोई' स्थापित की गई है। इस पहल से बड़ी संख्या में जीविका समूह से जुड़ी महिलाओं को प्रत्यक्ष रोजगार का अवसर मिला है। 'दीदी की रसोई' में श्रद्धालुओं के लिए मात्र 35 रुपये प्रति प्लेट की दर से शुद्ध एवं स्वादिष्ट भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है, जिसमें पांच रोटी, सब्जी, अचार और मिर्च शामिल है। इससे मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को सुलभ और किफायती भोजन की सुविधा मिल रही है। साथ ही, श्रद्धालु भोजन के बाद आवासन स्थल पर निःशुल्क विश्राम भी कर सकते हैं। इस पहल की खास बात यह है कि इसमें संपूर्ण कार्य श्रृंखला में जीविका दीदियों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। भोजन पत्तों से बने पत्तल में परोसा जा रहा है, जिसे भी जीविका समूह की महिलाएं तैयार कर रही हैं। इसके अलावा मसाले की तैयारी से लेकर आटा चक्की मिल तक, हर स्तर पर दीदियों की सक्रिय भूमिका है। जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि अधिक से अधिक जीविका दीदियों को रोजगार से जोड़ा जाए और उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जाए। 'दीदी की रसोई' न केवल श्रद्धालुओं को सुविधा प्रदान कर रही है, बल्कि ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में भी एक सशक्त पहल बनकर उभरी है।

# भाजपा की पूर्व प्रदेश मंत्री डॉ. पूनम शर्मा ने सम्राट चौधरी से की मुलाकात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। भाजपा की पूर्व प्रदेश मंत्री डॉ. पूनम शर्मा ने शनिवार को बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुलाकात कर जिले के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। करीब आधे घंटे तक चली इस मुलाकात के दौरान क्षेत्र की आधारभूत सुविधाओं, विकास योजनाओं और जनसमस्याओं को लेकर बातचीत हुई। जानकारी के अनुसार डॉ. पूनम शर्मा ने मुख्यमंत्री के समक्ष जिले में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल तथा अन्य जनहित से जुड़े मुद्दों को उठाया। उन्होंने कहा कि जिले के कई क्षेत्रों में अब भी मूलभूत सुविधाओं की आवश्यकता है, जिस पर सरकार को प्राथमिकता के आधार पर काम करने की जरूरत है। मुलाकात के दौरान उन्होंने महिलाओं के विकास, युवाओं के रोजगार और ग्रामीण क्षेत्रों में विकास योजनाओं को तेजी से लागू करने पर भी जोर दिया। डॉ. शर्मा ने मुख्यमंत्री से जिले में चल रही योजनाओं की समीक्षा कर उन्हें और प्रभावी तरीके से लागू कराने का आग्रह किया। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने उनकी बातों को गंभीरता से सुना और विकास से जुड़े मुद्दों पर आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के सभी जिलों के संतुलित विकास के लिए लगातार काम कर रही है और जनहित से जुड़े मामलों को प्राथमिकता दी जा रही है। मुलाकात के बाद डॉ. पूनम शर्मा ने कहा कि जिले के विकास और आम लोगों की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में जिले में विकास कार्यों को और गति मिलेगी। इस मुलाकात को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में भी उत्साह देखा गया।



# दो युवक साइबर ठगी करते गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। वारिसलीगंज पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के दरियापुर सकरी नदी पुल से उत्तर पश्चिम बगीचा में छापेमारी की गई। इस दौरान ठगी करते दो युवकों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार ठग आरोपितों की पहचान थाना क्षेत्र के सौर पंचायत की सबैया ग्रामीण महेश सिंह का पुत्र अभिषेक कुमार तथा रविन्द्र सिंह का पुत्र सुमन कुमार के रूप में हुई। दोनों ठगों के पास से दो डी. एंड्रॉयड मोबाइल फोन तथा एक पेज का कस्टमर डेटा शीट बरामद किया गया है। प्रेसवार्ता के दौरान थानाध्यक्ष पंकज कुमार सैनी ने कहा कि गिरफ्तार आरोपित कुरियर कंपनी एवं विभिन्न प्रकार का सस्ते ऋण उपलब्ध करवाने का प्रलोभन देकर देश के विभिन्न हिस्से के भोले भाले लोगो को अपने जाल में फसाते है। जिससे विभिन्न किस्तों में बैंक खाता में राशि मंगवाकर एटीएम से निकासी कर लेते है। बताया गया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में साइबर अपराध के खिलाफ सघन अभियान चलाया जा रहा है। गिरफ्तारी अभियान पुलिस टीम में थानाध्यक्ष के अलावे पुसअनि धर्मनाथ प्रसाद, पुसअनि कन्हैया जी सिंह तथा पुसअनि पप्पु कुमार शामिल रहे।

# राजगीर-हावड़ा एक्सप्रेस को सांसद ने दिखाई हरी झंडी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ**। राजगीर राजकीय मलमास मेला को लेकर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 03029 राजगीर-हावड़ा एक्सप्रेस को सांसद कौशलेंद्र कुमार ने राजगीर रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उद्घाटन समारोह में पत्रकारों से बातचीत करते हुए सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि तीन वर्षों में लगने वाला यह ऐतिहासिक मलमास मेला देशभर के श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र है। उन्होंने कहा कि हावड़ा एवं पश्चिम बंगाल से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए यह ट्रेन मील का पत्थर साबित होगी और लोग सुगमता से राजगीर पहुंचकर मलमास मेला का आनंद ले सकेंगे। उन्होंने कहा कि आने




वाले दिनों में पावापुरी-नवादा, बख्तियारपुर-तिलैया रेलखंड के दोहरीकरण सहित रेलवे से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्य किए जाएंगे, जिससे यात्रियों को बेहतर सुविधा मिलेगी। सांसद ने राजगीर रेलवे स्टेशन परिसर में बनाए गए टेंट सिटी का भी निरीक्षण किया तथा दूसरे जिलों से आए श्रद्धालुओं से बातचीत कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। श्रद्धालुओं ने राजगीर में की गई व्यवस्थाओं पर संतोष जताया। उन्होंने कहा कि मलमास मेला के दौरान यदि किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न होती है तो जिला प्रशासन उसके समाधान के लिए पूरी तरह तत्पर है।

## डूबने से किशोर की मौत

**हिलसा (नालंदा)**। हिलसा थाना क्षेत्र के भरदास बिगहा गांव स्थित पोखर में रविवार को नहाने के दौरान एक किशोर की डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान नोदिहा गांव निवासी संतोष कुमार के 15 वर्षीय पुत्र सतीश कुमार के रूप में की गई है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# मानसिक रोगियों हेतु सदर अस्पताल, नवादा में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश के आलोक में विद्वान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा आशुतोष कुमार झा के मार्गदर्शन में तथा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा श्री अरविन्द कुमार के निर्देश पर 17 मई 2026 को सदर अस्पताल, नवादा परिसर में मानसिक रूप से बीमार एवं मानसिक रूप से दिव्यांग व्यक्तियों के लिए कानूनी सेवाओं से संबंधित विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सहायक लीगल




एड डिफेंस काउंसिल, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा अमन जैन, पी०एल०वी० मो० नेशात खान, सदर अस्पताल के पदाधिकारियों एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। अपने संबोधन में अमन जैन ने कहा कि मानसिक रूप से बीमार एवं मानसिक रूप से दिव्यांग व्यक्तियों के लिए कानूनी सेवाएं न्याय, सम्मान एवं समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि सरकार, गैर-सरकारी संगठनों एवं कानूनी सहायता संस्थाओं को मिलकर ऐसी व्यवस्थाएं विकसित करनी चाहिए, जो सुलभ, संवेदनशील एवं प्रभावी हों। उन्होंने आगे कहा कि विधिक जागरूकता, शिक्षा तथा कानूनों का प्रभावी क्रियान्वयन ही इन व्यक्तियों के अधिकारों एवं कल्याण की रक्षा का आधार है। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मानसिक रूप से बीमार एवं मानसिक रूप से दिव्यांग व्यक्ति अपनी असहाय स्थिति के कारण न्याय तक पहुंचने तथा उचित देखभाल प्राप्त करने में अनेक कठिनाइयों का सामना करते हैं। उनकी गरिमा की रक्षा, अधिकारों की सुरक्षा एवं पुनर्वास में सहायता प्रदान करने में कानूनी सेवाएँ महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इस अवसर पर सहायक लीगल एड डिफेंस काउंसिल अमन जैन, पी०एल०वी० मो० नेशात खान, सदर अस्पताल के पदाधिकारीगण, कर्मी एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद**

(ई0 निविदा पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)

**पुर्नः ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या –02/औरंगाबाद/2026–27**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद।
2. निविदा आमंत्रित करने की तिथि :–दिनांक 08.05.2026
3. परिमाण विपत्र बिक्री (डाउनलोड) करने की तिथि एवं समय :–दिनांक 03.06.2026 से 02.07.2026 को अपराहन् 3 बजे तक
4. निविदा प्राप्ति (अपलोड) करने की तिथि एवं समय :–दिनांक 03.06.2026 से 02.07.2026 को अपराहन् 3 बजे तक
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– केवल बेवसाइट www.eproc2.bihar.gov.in पर
6 प्री बीड मीटिंग की तिथि, समय एवं स्थान :– दिनांक–19.05.2026 को 15:00 बजे अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल गया का कार्यालय। :– दिनांक–26.05.2026 को 15:00 बजे मुख्य अभियंता(द0) का कार्यालय
7. निविदा खोलने की तिथि एवं समय (तकनीकी बीड) :– दिनांक–03.07.2026 को 3:00 बजे अप0 तक (On Website www.eproc2.bihar.gov.in
8 निविदा खोलने की तिथि एवं समय (वितीय बीड) :–तकनीकी बीड के उपरांत केवल Website www.eproc2.bihar.gov.in पर
9. निविदा वैधता की तिथि 120 दिन
10. कार्य विवरणीः–

| क0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | बीड प्रोसेसींग राशि +सर्विस टैक्स | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | व्यवहार न्यायालय, औरंगाबाद के विभिन्न भवनों तथा Heritage, 15 Court, Meadiation, FTC, Record Room में Fire Fighting कार्य | 180.846 /– | 3,62,000 /– | 10,000 /– | As Per Online Requirement | 6 माह |
| | कुल | 180.846 लाख | | | | |

निविदा की विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमण्डल, औरंगाबाद

PR- 003473 ( BCD ) 2026-27

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

# गया टाउन विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को मिली नई गति

## विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कई योजनाओं का किया उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने रविवार को गया टाउन विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में संचालित विकासात्मक योजनाओं का उद्घाटन कर क्षेत्र के समग्र विकास को नई दिशा दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि शहर के प्रत्येक मोहल्ले में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार हो और आमजन को बेहतर जीवन-स्तर उपलब्ध कराया जा सके। डॉ. प्रेम कुमार ने मुख्यमंत्री शहरी समग्र विकास योजना 2024-25 के अंतर्गत वार्ड संख्या 15 में 62 लाख 9 हजार 150 रुपये की लागत से निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। वार्ड संख्या 04 बालाजी नगर अंतर्गत रोड 04 में पथ एवं नाली निर्माण कार्य 23 लाख 61 हजार 782 रुपए के लागत से उद्घाटन किया। वार्ड 36 अंतर्गत नूतन नगर में पार्क निर्माण कार्य 35 लाख 59 हजार 375 रुपए के लागत से उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि इस योजना से जलनिकासी की समस्या का स्थायी समाधान होगा और स्थानीय लोगों को राहत मिलेगी। इसी क्रम में वार्ड संख्या 33 के मोहन नगर में 23 लाख 47 हजार 403 रुपये की लागत से पार्क का उद्घाटन किया गया। उन्होंने कहा कि यह पार्क क्षेत्रवासियों के लिए एक बेहतर सार्वजनिक स्थल के रूप में विकसित होगा जिससे बच्चों, युवाओं एवं बुजुर्गों को लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री शहरी समग्र विकास योजना 2025-26 के तहत वार्ड संख्या 1 स्थित खरखुरा रविदास टोला में 37 लाख 57 हजार 540 रुपये की लागत से पथ एवं नाली निर्माण कार्य का उद्घाटन किया गया। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि इस योजना से आवागमन सुगम होगा और स्वच्छता व्यवस्था भी सुदृढ़ होगी। इसके अलावा वार्ड संख्या 4 एवं 5 में गांधी मोड़ से पटना-गया मुख्य पथ तक 36 लाख 48 हजार 219 रुपये की लागत से पथ एवं नाली निर्माण कार्य का भी उद्घाटन किया गया। उन्होंने कहा कि यह मार्ग क्षेत्र के आवागमन को और अधिक सुलभ बनाएगा। वहीं, वार्ड संख्या 12 में वैरागी मोड़ से मुरलीहिल मस्जिद होते डॉ शिला के घर तक 99 लाख 72 हजार 953 रुपये की लागत से नाला एवं कवर निर्माण कार्य का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि यह परियोजना शहर के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि गया शहर का सर्वांगीण विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से हर क्षेत्र में तेजी से कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण किया जाए। ताकि आम जनता को शीघ्र लाभ मिल सके। वहीं मौके पर प्रेम सागर, विक्की शर्मा,पप्पू चंद्रवंशी, शंभू यादव, मोहन लाल शर्मा, कौशलेंद्र कुमार, नरेश पांडे, धर्मेंद्र कुशवाहा, देवानंद पासवान, शिवनारायण चंद्रवंशी, राजनंदन गांधी, दीपक कुमार, निर्मला देवी, राकेश आईटी, टिंकू गोस्वामी, धीरेंद्र धीरू, कमल बारिक, गाजो बाबा, वार्ड पार्षद डिंपल कुमार, वार्ड पार्षद राजीव सिन्हा, अजय सिंह, विकास कुमार, दीनानाथ प्रसाद सहित अन्य मौजूद रहे।

# किसान सलाहकारों ने डीएम से लगाई गुहार, तकनीकी कार्यों से राहत की मांग

## मिट्टी जांच और सर्वे कार्य के दौरान सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने पर जताई चिंता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** गया जिले के किसान सलाहकारों ने जिला प्रशासन से तकनीकी कार्यों से राहत दिलाने की मांग उठाई है। किसान सलाहकारों ने जिलाधिकारी को आवेदन देकर कहा है कि कृषि विभाग की नियमावली के बावजूद उनसे तकनीकी एवं अन्य विभागों के कार्य कराए जा रहे हैं जो निर्धारित दायित्वों के विरुद्ध है। उन्होंने मांग की है कि जब तक उन्हें तकनीकी या संविदा कर्मी का दर्जा नहीं दिया जाता तब तक ऐसे कार्यों से मुक्त रखा जाए। किसान सलाहकारों ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री का भी कार्य उनसे लिया जा रहा है पूर्व में कार्य कर दिए जाने के बावजूद पुनः जमीन से संबंधित कार्यों का निष्पादन को दबाव दिया जा रहा है जबकि वह कार्य राजस्व विभाग से जुड़ा हुआ है। इसके अलावे संविदा से मुक्त करने का भी धमकी दी जा रही है। बताया गया कि वर्ष 2010 में जारी राज्यादेश संख्या-1304/2010 के तहत उन्हें पंचायत स्तर पर किसान सलाह केंद्र संचालन एवं कृषि योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए नियुक्त किया गया था। पिछले 17 वर्षों से वे इसी दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं। बावजूद इसके विभागीय निर्देशों की अनदेखी करते हुए उनसे मिट्टी जांच, डीसीएस सर्वे सहित कई तकनीकी कार्य कराए जा रहे हैं। सलाहकारों ने कहा कि मिट्टी जांच और सर्वे के दौरान उन्हें जंगल, खेत, बगीचे और जलभराव वाले क्षेत्रों में भी जाना पड़ता है जहां दुर्घटना का खतरा बना रहता है। यदि किसी प्रकार की अनहोनी होती है तो उनके परिवार की जिम्मेदारी कौन लेगा जबकि उन्हें किसी प्रकार का बीमा या सुरक्षा सुविधा भी उपलब्ध नहीं कराई गई है।

**विधानसभा में भी उठ चुका मामला, फिर भी नहीं बदली व्यवस्था**

किसान सलाहकारों ने अपने आवेदन में उल्लेख किया है कि अपर सचिव कृषि विभाग के पत्रांक पीपीएम-01, 13 अप्रैल 2026 में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि किसान सलाहकार का चयन केवल किसान सलाह केंद्र संचालन के लिए हुआ है तथा अन्य विभागीय दायित्व उन पर लागू नहीं होंगे। उन्होंने यह भी बताया कि बिहार विधानसभा में सदस्य प्रकाश चंद्र द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न के जवाब में कृषि मंत्री ने भी स्वीकार किया था कि किसान सलाहकार न तो संविदा कर्मी हैं और न ही नियमित कर्मचारी। वहीं कृषि विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में किसान सलाहकार योजना के कार्यान्वयन के लिए 194 करोड़ 48 लाख रुपये से अधिक की राशि स्वीकृत की गई है। योजना का उद्देश्य पंचायत स्तर पर कृषि तकनीक का विस्तार और प्रगतिशील किसानों को कृषि प्रसार तंत्र से जोड़ना बताया गया है। किसान सलाहकारों ने प्रशासन से मानवीय और सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण अपनाते हुए उन्हें तकनीकी कार्यों से राहत देने की मांग की है।

# सड़क जाम मामले में सात नामजद समेत 50 अज्ञात पर प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** गया-गोह एनएच-120 स्थित नेहोरा मोड़ के पास 15 मई को हुए सड़क जाम मामले में कोंच थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने इस मामले में 7 लोगों को नामजद आरोपी बनाते हुए 40 से 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ भी मामला दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सड़क जाम उस समय किया गया था जब नेहोरा गांव निवासी अमरकांत की मौत बेलागंज थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलवे ट्रैक के पास हो गई थी। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों एवं परिजनों ने न्याय की मांग को लेकर नेहोरा मोड़ के पास सड़क जाम कर प्रदर्शन किया था। जाम के कारण एनएच-120 पर वाहनों की लंबी कतार लग गई और आम लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। मामले में एएसआई रमेश कुमार सिंह के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। दर्ज बयान में कहा गया है कि नेहोरा गांव निवासी उषा देवी, पति अनिल कुमार से पूछताछ के दौरान बताया गया कि उनके पुत्र की रेलवे ट्रैक के पास मौत हुई है। इसी को लेकर ग्रामीणों द्वारा सड़क जाम किया गया था। पुलिस द्वारा समझाने एवं आश्वासन देने के बावजूद प्रदर्शनकारी सड़क से नहीं हटे। पुलिस ने मामले में उषा देवी पति अनिल यादव, रौशन कुमार पिता कृष्णा राम, मुन्ना यादव पिता सूरज यादव, चंद्रमा राम पिता कृष्णा राम, भोला कुमार पिता हीरा यादव, संजीत कुमार उर्फ भूलेंटियर पिता स्व. भोली राम, सभी निवासी नेहोरा तथा मिथुन मल्लाह पिता स्व. राजेश्वर मल्लाह निवासी चिचौरा थाना कोंच को नामजद आरोपी बनाया है। थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने बताया कि सरकारी कार्य में बाधा डालने, लोक सेवक के साथ दुर्व्यवहार, भय एवं धमकी देने सहित अन्य धाराओं में कांड संख्या 132/26 दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# आंधी में गिरे पोल, टूटे तारों में करंट से खतरा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी/गया जी।** प्रखंड क्षेत्र के अमारूत में बिजली विभाग की लापरवाही से ग्रामीणों की जान जोखिम में पड़ गई है। गांव की गलियों और खेत किनारे खुले में बिजली के तार जमीन पर बिछे हुए हैं जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय ग्राम निवासी महादेव प्रसाद और डॉक्टर शिव कुमार ने बताया कि लंबे समय से तार जमीन पर पड़े हैं, लेकिन अब तक इसे ठीक नहीं कराया गया है। इसकी सूचना बिजली विभाग को भी दी गई थी। वहीं कई जगहों पर बिजली पोल का बेस भी क्षतिग्रस्त हो गया है। पोल में दरारें पड़ चुकी है और कुछ पोल पेड़ों के सहारे टिका हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात या आंधी के समय यह स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है। इससे बच्चों को ज्यादा खतरा है क्यूंकि घर से निकलकर स्कूल जाने के क्रम में बिजली की तार रोड किनारे गिरा हुआ है। स्थानीय लोगों ने विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द खुले तारों को सुरक्षित किया जाए और क्षतिग्रस्त पोल की मरम्मत कराई जाए, ताकि किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

# अरवल मोड़ पर नुक्कड़ नाटक से दिया गया सौर ऊर्जा अपनाने का संदेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**अरवल।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं आमजनों को सौर ऊर्जा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से शनिवार को जहानाबाद के अरवल मोड़ पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के तत्वावधान में किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कलाकारों ने लोगों को बताया कि अपने घरों की छत पर सोलर पैनल लगाकर कैसे उपभोक्ता हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान विशेष रूप से बीपीएल एवं कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं को योजना की जानकारी दी गई। बताया गया कि पात्र उपभोक्ताओं के लिए 1.1 किलोवाट तक का सोलर सिस्टम लगाया जा रहा है जिससे गरीब परिवारों को भी स्वच्छ एवं सस्ती ऊर्जा उपलब्ध हो सकेगी। एपीएल उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध सब्सिडी की जानकारी देते हुए बताया गया कि 1 किलोवाट सोलर सिस्टम पर 30,000, 2 किलोवाट पर 60,000 तथा 3 किलोवाट तक के सोलर सिस्टम पर 78,000 तक की सरकारी सहायता प्रदान की जा रही है।

# गया के जंगल में 151 किलो डोडा बरामद, एसएसबी और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** सशस्त्र सीमा बल की 29वीं वाहिनी और बिहार पुलिस ने गया जिले के बाराचट्टी थाना क्षेत्र में संयुक्त अभियान चलाकर 151 किलोग्राम प्रतिबंधित मादक पदार्थ डोडा बरामद किया है। यह कार्रवाई 16 मई 2026 को उप कमांडेंट (कार्यवाहक कमांडेंट) अबनीश यादव के मार्गदर्शन में की गई। प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर सहायक कमांडेंट सनोज राज के नेतृत्व में ई-समवाय धनगई तथा बाराचट्टी थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने ग्राम गुलरटांड के घने जंगलों में तलाशी अभियान चलाया। तलाशी अभियान के दौरान जंगल में छिपाकर रखे गए 151 किलोग्राम डोडा को बरामद किया गया। बरामदगी के बाद संयुक्त अभियान दल ने पूरे क्षेत्र में सघन तलाशी अभियान भी चलाया। बरामद प्रतिबंधित मादक पदार्थ को आगे की विधिक कार्रवाई के लिए बाराचट्टी थाना, गया को सौंप दिया गया है। सुरक्षा एजेंसियां मामले की जांच में जुटी है।

# शराबबंदी कानून के बावजूद गुरारू में अवैध कारोबार जारी : मो. आकिब

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** बिहार सरकार द्वारा पूर्ण शराबबंदी लागू किए जाने के बावजूद गुरारू प्रखंड क्षेत्र में शराब के सेवन, बिक्री एवं भंडारण की गतिविधियां पूरी तरह थमती नजर नहीं आ रही है। प्रशासनिक सख्ती के दावों के बीच कई स्थानों पर गुप्त रूप से शराब उपलब्ध होने की चर्चा स्थानीय स्तर पर बनी हुई है। राजद नेता मो. आकिब आलम ने कहा कि राज्य सरकार ने शराबबंदी कानून को प्रभावी बनाने के लिए कई कदम उठाए हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर इसका पूर्ण पालन नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में अब भी चोरी-छिपे शराब की बिक्री और सेवन किए जाने की शिकायतें सामने आती रहती है। उन्होंने प्रशासन से शराबबंदी कानून को और प्रभावी ढंग से लागू करने, नियमित छापेमारी चलाने तथा जनजागरूकता अभियान तेज करने की मांग की। मो. आकिब ने कहा कि शराबबंदी का उद्देश्य समाज को नशामुक्त बनाना है, इसलिए इसमें आम लोगों की सहभागिता भी जरूरी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन लगातार निगरानी रखे और अवैध कारोबारियों पर कड़ी कार्रवाई करे तो शराबबंदी कानून को अधिक सफल बनाया जा सकता है।

# समाज सेवा, भूदान आंदोलन व जनकल्याण को समर्पित रहा महावीर शास्त्री का जीवन

## शिक्षाविद एवं समाजसेवी महावीर शास्त्री की पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गया जी।** प्रख्यात शिक्षाविद, योग शिक्षा के विद्वान एवं वरिष्ठ समाजसेवी महावीर शास्त्री की पांचवीं पुण्यतिथि उनके पैतृक गांव गया जिले के मोहनपुर प्रखंड अंतर्गत बरदाग गांव में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में बड़ी संख्या में ग्रामीण, सामाजिक कार्यकर्ता एवं उनके अनुयायी शामिल हुए। कार्यक्रम में उनके पुत्र समाजसेवी सेनापति रंजय कुमार एवं पुत्रवधू रेनू सेनापति द्वारा ग्रामीण एवं जरूरतमंद लोगों के बीच वस्त्रों का वितरण किया गया। महावीर शास्त्री का संपूर्ण जीवन समाज सेवा, जनकल्याण और मानवीय मूल्यों के प्रति समर्पित रहा। वर्ष 1962 में वे पहली बार केवला पंचायत के मुखिया निर्वाचित हुए और वर्ष 2002 तक लगातार इस पद पर रहकर जनता की सेवा करते रहे। अपने लंबे कार्यकाल में उन्होंने समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाने का प्रयास किया और निष्पक्ष, सरल एवं जनप्रिय नेतृत्व की मिसाल कायम की। महावीर शास्त्री बिनोवा भावे के भूदान आंदोलन से भी सक्रिय रूप से जुड़े रहे। उन्होंने सैकड़ों एकड़ भूमि भूमिहीन लोगों के बीच दान करवाकर सामाजिक न्याय एवं समानता की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया। समाज सुधार और जनजागरण के प्रति उनका समर्पण लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना हुआ है। 1990 के दशक में उन्होंने एक एनजीओ के माध्यम से मोहनपुर एवं बाराचट्टी प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में अनेक चापाकलों का निर्माण करवाया जिससे हजारों ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल की सुविधा मिली।

# उर्दू कन्या मध्य विद्यालय में स्काउट गाइड ने किया जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जहानाबाद।** उर्दू कन्या मध्य विद्यालय में बिहार राज्य भारत स्काउट और गाइड, जहानाबाद टीम के द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को स्वच्छता, नदी संरक्षण एवं सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक एवं प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में स्काउट एवं गाइड के सदस्यों ने बच्चों को स्वच्छ एवं निर्मल नदी के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बताया गया कि स्वच्छ नदियां न केवल पेयजल और सिंचाई का महत्वपूर्ण स्रोत हैं, बल्कि पर्यावरण संतुलन, जैव विविधता एवं जनस्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत आवश्यक हैं। नदियों में कूड़ा-कचरा एवं प्लास्टिक फेंकने से जल प्रदूषण बढ़ता है जिससे जलजीवों के साथ-साथ मानव जीवन पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

# गया कॉलेज परिसर में लगेगी राष्ट्रकवि दिनकर की प्रतिमा : प्रो. सतीश सिंह चंद्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गया।** गया कॉलेज, गया स्थित प्रेमचंद सभागार में आयोजित राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर स्मृति सह सम्मान समारोह के अंतर्गत दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन रविवार को हुआ। कार्यक्रम के अंतिम दिन विभिन्न सरकारी एवं निजी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा राष्ट्रकवि दिनकर की रचनाओं का सस्वर पाठ प्रस्तुत किया गया। बच्चों की ओजस्वी प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं दिनकर रचित पुस्तक 'हुंकार' भेंट स्वरूप प्रदान की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी संतोषानंद जी महाराज के उद्बोधन से हुआ। उन्होंने 'आर्ट ऑफ गिविंग' तथा राष्ट्रकवि दिनकर के साहित्यिक योगदान पर विस्तारपूर्वक अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर चिकित्सा क्षेत्र में उल्लेखनीय सेवा के लिए डॉ चौधरी लक्ष्मी नारायण, डॉ अपराजिता कुमारी एवं डॉ बी. डी. शर्मा को 'दिनकर सम्मान' से सम्मानित किया गया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए जगजीवन महाविद्यालय, गया के प्राचार्य डॉ सत्येंद्र प्रजापति ने कहा कि इस प्रकार के साहित्यिक आयोजनों से समाज में साहित्य के प्रति रुचि एवं जागरूकता बढ़ती है।

# नाबालिग लड़की को भगाकर शादी की नीयत से ले जाने के मामले में घर पर चिपकाया इश्तहार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गुरुआ।** क्षेत्र में नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर शादी की नीयत से भगाने के मामले में पुलिस ने फरार आरोपी के घर इश्तहार चिपकाया। इस संबंध में लड़की के परिजनों द्वारा गुरुआ थाना में कांड संख्या 34/26 दर्ज कराया गया था। मामले में आरोपी विनोद पासवान, पिता संजय पासवान पर आरोप है कि उसने लड़की को शादी का झांसा देकर अपने साथ भगा लिया। घटना के बाद पीड़ित परिवार ने थाना में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस के अनुसार आरोपी लगातार फरार चल रहा है। उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही थी, लेकिन वह पुलिस की पकड़ से बाहर था। कोर्ट से नोटिस जारी होने के बाद शनिवार को गुरुआ पुलिस अधिकारी करकटा ने आमस पुलिस के सहयोग से आरोपी के घर इश्तहार चिपकाया। इश्तहार चिपकाए जाने की कार्रवाई के दौरान गांव में कुछ देर के लिए हलचल का माहौल बना रहा।

# जेपी लोकतंत्र सेनानी संगठन की राज्य स्तरीय बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** जेपी लोकतंत्र सेनानी संगठन की राज्य स्तरीय बैठक बिहार कोआपरेटिव फेडरेशन, बुद्ध मार्ग, पटना में जेपी लोकतंत्र सेनानी संगठन, बिहार के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह कुशवाहा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न जिलों से सक्रिय सेनानी साथियों ने भाग लेकर संगठन, जेपी आंदोलनकारियों की आम समस्याओं और समाधान तथा भावी कार्यक्रमों पर चर्चा की। बैठक में जेपी आंदोलन के अग्रणी नेता सह बिहार सरकार के पूर्व मंत्री बिक्रम कुंवर ने भी शिरकत किया। निर्णय हुआ कि प्रत्येक जिले में संगठन के बैनर तले आगामी 5 जून सम्पूर्ण दिवस तथा 26 जून को आपातकाल विरोधी 'काला दिवस' के रूप में संगोष्ठी अथवा धरना आयोजित कर जिला जेपी लोकतंत्र सेनानी संगठन के लेटर पैड पर भारत के प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को मांग पत्र का ज्ञापन भेजें कि लोकतंत्र की हिफाजत के लिए संघर्षरत भारत की दूसरी आजादी के लड़ाकों को स्वतंत्रता सेनानियों के अनुरूप सम्मान एवं सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए।

# ग्रामीण सड़क नेटवर्क को नई मजबूती, 38 जिलों में तेजी से चल रहा उन्नयन कार्य

## राज्य के सभी 38 जिलों में जर्जर हो चुकी ग्रामीण सड़कों का किया जा रहा है कायाकल्प

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित, सुगम और बारहमासी आवागमन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ग्रामीण कार्य विभाग की तरफ से मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना का राज्यभर में क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस योजना के तहत राज्य के सभी 38 जिलों में कुल 2,873 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों का उन्नयन (अपग्रेड) किया जा चुका है। इसमें मधुबनी में सर्वाधिक 199 किलोमीटर और पश्चिमी चंपारण में 153 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों के उन्नयन का कार्य सुनिश्चित किया जा चुका है। ग्रामीण कार्य विभाग के स्तर से आगामी वर्षा ऋतु और संभावित जलजमाव की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए इस कार्य को प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि मानसून के दौरान भी ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन बाधित न हो। इस योजना के तहत राज्य के सभी 38 जिलों में जर्जर और क्षतिग्रस्त ग्रामीण सड़कों के उन्नयन के कराए जा रहे हैं। इसके परिणामस्वरूप ग्रामीण संपर्कता में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिल रहा है तथा सुदूर गांवों का संपर्क मुख्य मार्गों और जिला मुख्यालयों से अधिक सुदृढ़ हुआ है। योजना का मुख्य उद्देश्य पुरानी ग्रामीण सड़कों का उन्नयन कर ग्रामीण आबादी के लिए सुरक्षित और सुदृढ़ सड़क संपर्कता सुनिश्चित करना है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक एवं आर्थिक विकास को नई गति मिल सके। इस दिशा में विभिन्न जिलों में पुरानी और क्षतिग्रस्त सड़कों का पुनर्निर्माण आधुनिक तकनीक और मानक के अनुरूप किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत उन्नत हो रही सुदृढ़ सड़क संपर्कता का सीधा प्रभाव ग्रामीण जनजीवन पर स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। बेहतर सड़क संपर्कता उपलब्ध होने से आमजनों को काफी सुविधा मिल रही है। ग्रामीण कार्य विभाग ग्रामीण सड़कों और पुलों के निर्माण के साथ आधारभूत संरचना को अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

# गुमशुदा बच्चों की खोज में तेजी, मिशन वात्सल्य पोर्टल पर 8681 मामले दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्य में गुमशुदा या लापता बच्चों का पूरा विवरण मिशन वात्सल्य पोर्टल पर दर्ज करना अनिवार्य कर दिया गया है। इन बच्चों की जानकारी शत-प्रतिशत इस विशेष पोर्टल पर अपलोड करने के साथ ही द मेंटल हेल्थकेयर एक्ट, 2017 की धारा-100 के प्रावधानों को थाना स्तर पर लागू करने के लिए खासतौर से निर्देश जारी किए गए हैं। पुलिस मुख्यालय के स्तर से जारी इस दिशा-निर्देश में सभी थानों को तमाम जानकारियां पोर्टल पर अपडेट करने के लिए कहा गया है। मुख्यालय के स्तर से इससे संबंधित एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) भी जारी किया गया है। अगर कोई बच्चा मिल जाता है तो इसकी जानकारी भी इस पर दर्ज कराते हुए डाटाबेस को अपडेट रखना है। पहले गुमशुदा या लापता बच्चों की सटीक जानकारी थानावार ही उपलब्ध हो पाती थी। इस पोर्टल के शुरू होने पर इस पर ऐसे महज 3190 बच्चों की जानकारी दर्ज थी। सतत मॉनीटरिंग के कारण महज एक महीने में यह संख्या बढ़कर 8 हजार 681 हो गई है। इसके सफल संचालन को लेकर थाना स्तर के सभी पुलिस कर्मियों के लिए निजी संस्थानों और विश्वविद्यालय के सहयोग से एक सशक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम भी तैयार किया गया है। इससे संबंधित ट्रेनिंग भी 1171 पदाधिकारियों को दे दी गई है। इसके क्रियान्वयन की जिम्मेदारी सीआईडी के अंतर्गत कमजोर वर्ग की है।

**नया सवेरा अभियान में मुक्त कराए गए 94 पीड़ित, दो जिला टॉप**

राज्य में मानव व्यापार के खिलाफ 1 से 30 अप्रैल तक नया सवेरा-2.0 अभियान चलाया गया। इस दौरान 46 नाबालिग बच्चों (20 बच्चियां और 26 बच्चे) समेत 94 पीड़ितों को मुक्त कराया गया। इस अभियान के दौरान दो मानव तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है। इसी तरह बालश्रम के मामलों में 61 कांड दर्ज किए गए जिसमें 190 बच्चों और 3 बच्चियों को मुक्त कराया गया। पुलिस मुख्यालय में हाल में हुई एक प्रेस वार्ता के दौरान एडीजी (कमजोर वर्ग) के स्तर से यह जानकारी दी गई थी। लैंगिक अपराध और ऑर्केस्ट्रा या डांस ग्रुप के मामले में 20 कांड दर्ज किए गए जिसमें 92 नाबालिग बच्चियों और 1 नाबालिक बच्चे समेत 140 पीड़ितों को मुक्त कराया गया। 35 महिलाओं समेत 114 मानव तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इस तरह नया सवेरा अभियान के दूसरे चरण में 427 पीड़ितों को राज्यभर से मुक्त कराया गया है और 116 मानव तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।

संपादकीय

## अभिभावकों को बच्चों को मोबाइल एआई मुद्दों पर सहयोग करना होगा

यह देखकर बहुत दुख और परेशानी होती है कि युवा माता-पिता अपने छोटे बच्चों को मोबाइल डिवाइस छीन लिए जाने पर रोते हुए देखकर खुश होते हैं या इस बात का गर्व करते हैं कि उनके बच्चे खुद से बेहतर तरीके से डिवाइस चलाना जानते हैं। कई युवा माताएं बच्चों को शांत करने या उन्हें व्यस्त रखने के लिए मोबाइल फोन सौंपना या टैलीविजन सैट ऑन करना पसंद करती हैं। यह सब उन स्पष्ट मैडीकल सलाह के बावजूद किया जाता है जो ऐसे उपकरणों के आदी बच्चों की न केवल आंखों पर बल्कि संपूर्ण शारीरिक विकास पर पडने् वाले हानिकारक प्रभाव के बारे में बताती है। मोबाइल फोन तक बिना किसी रोक-टोक पहुंच के सबसे गंभीर परिणामों में से एक है पर्याप्त नींद की कमी क्योंकि बच्चे वीडियो गेम या सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जाल में फंस जाते हैं। नींद की कमी, बदले में, उनकी एकाग्रता को प्रभावित करती है और खराब शैक्षणिक प्रदर्शन की ओर ले जाती है। जाहिर है, स्क्रीन पर स्क्रॉल करने में बिताया गया लंबा समय भी खराब सामाजिक कौशल की ओर ले जाता है। अपने दोस्तों और साथियों के साथ समय बिताने की बजाय, ये बच्चे अपर्याप्त सामाजिक कौशल के साथ बड़े होते हैं और उनमें आत्मविश्वास की कमी होती है। लगभग 1.5 अरब नागरिकों की आबादी के लिए भारत में अब 1.2 अरब से अधिक सक्रिय सिम कार्ड हैं। आधिकारिक स्रोतों के अनुसार, 80 प्रतिशत से अधिक भारतीय अब मोबाइल फोन के सक्रिय उपयोगकर्त्ता हैं। दुनिया में सबसे अधिक आबादी वाला देश होने के कारण, भारत दुनिया में शीर्ष तीन मोबाइल फोन उपयोगकर्त्ताओं में से एक होगा। मोबाइल फोन पर ऐप्स की तेजी से बढ़ती लत और आर्टिफिशियल इंटैलीजैंस (ए.आई.) का बढ़ता उपयोग युवा पीढ़ी के लिए एक गंभीर चुनौती और साथ ही एक अवसर भी है। जाहिर है कि किसी भी बच्चे को तकनीक से अछूता नहीं रखा जा सकता है, लेकिन इसके हानिकारक प्रभावों से निपटना होगा और इस स्थिति से कैसे निपटा जाए, यह एक ऐसा सवाल है जो दुनिया भर में व्यापक रूप से पूछा जा रहा है। ऑस्ट्रेलिया दुनिया का पहला देश था जिसने विभिन्न वैबसाइटों तक पहुंच के लिए न्यूनतम आयु लागू करने के लिए कानून बनाया। शायद यह कानून भारत सहित अन्य देशों में भी इसी तरह के हस्तक्षेप का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। अपने नए कानून के तहत, इंस्टाग्राम, यू-ट्यूब और स्नैप चैट जैसे प्लेटफॉर्म को 16 साल से कम उम्र के उपयोगकर्त्ताओं के दस लाख से अधिक अकाऊंट को ब्लॉक करने के लिए कहा गया है। इस कानून की तकनीकी कंपनियों ने आलोचना की है लेकिन माता-पिता और शिक्षकों ने इसका समर्थन किया है। 'ऑनलाइन सेफ्टी अमैंडमैंट (सोशल मीडिया मिनिमम एज) एक्ट' नामक नए कानून के तहत, आयु-प्रतिबंधित प्लेटफार्मों से अपेक्षा की जाएगी कि वे 16 वर्ष से कम उम्र के लोगों के मौजूदा अकाऊंट का पता लगाने के लिए 'उचित' कदम उठाएं और उन अकाऊंट को निष्क्रिय या हटा दें, उन्हें नए अकाऊंट खोलने से रोकें, जिसमें उन उपायों पर रोक लगाना भी शामिल है जो 16 वर्ष से कम उम्र के लोगों को प्रतिबंधों को दरकिनार करने की अनुमति दे सकते हैं। यदि कोई गलती से प्रतिबंधों से छूट जाता है या उसमें शामिल हो जाता है, तो प्लेटफार्मों को त्रुटियों को ठीक करने के लिए प्रक्रियाएं भी अपनाने की आवश्यकता है, ताकि किसी के अकाऊंट को अनुचित तरीके से हटाया न जाए। जबकि विभिन्न देश इस स्थिति से निपटने के तरीकों पर विचार कर रहे हैं, वे ऑस्ट्रेलियाई सरकार द्वारा उठाए गए कदमों के परिणाम पर भी बारीकी से नजर रख रहे हैं। कुछ देशों ने स्कूलों में मोबाइल फोन के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है, जबकि अन्य ने सामग्री प्रदान करने वाले देशों से नाबालिगों को अपनी सामग्री तक पहुंचने से रोकने के लिए कहा है। भारत सरकार ने अब तक समस्या से सक्रिय रूप से निपटने से परहेज किया है, हालांकि इसने कुछ वैबसाइटों पर 18 वर्ष से कम उम्र के लोगों को सदस्यता प्रदान करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। हालांकि, स्पष्ट नियमों और सख्त दंडों की कमी के कारण इस निर्देश का भी उल्लंघन किया जाता है। कुछ राज्यों ने स्कूल के घंटों के दौरान उपयोग पर प्रतिबंध लगाने जैसे मोबाइल फोन के उपयोग को रोकने के लिए भी उपाय किए हैं। हालांकि, यह केवल केंद्र सरकार ही है जो देश भर में लागू होने वाले कदम उठा सकती है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि ज्ञान के प्रसार के लिए मोबाइल उपकरणों और नई तकनीक तक पहुंच भी महत्वपूर्ण है।

# पीएम की अपील पर राजनीति कितनी जायज

**भारतीय घरों, विशेषकर गृहिणियों के लिए सोना सबसे बड़ा आकर्षण रहा है। हाल के वर्षों में चूंकि बैंकों में जमा धन पर खास कमाई नहीं हो रही है, उसकी तुलना में सोने में रिटर्न बढ़ रहा है। इस वजह से सोने की मांग में बढ़ोतरी हुई है। मौजूदा वित्त वर्ष में भारत ने दूसरे नंबर पर विदेशी मुद्रा सोने के आयात में ही खर्च की है। मौजूदा वर्ष में सोने का आयात रिकॉर्ड 72 अरब डॉलर तक पहुंच गया। यह बढ़ोतरी पिछले साल की तुलना में करीब 24 प्रतिशत ज्यादा है। जाहिर है कि इस पर भी भारत को भारी मात्रा में विदेशी मुद्रा खर्च करना पड़ रहा है।**

**उमेश चतुर्वेदी**

भारतीय परंपरा में आभूषणों को सिर्फ पहनने या सौंदर्य बढ़ाने के लिए ही इस्तेमाल नहीं किया जाता रहा है। भारतीय परिवारों के लिए सोना-चांदी आदि के गहने बुरे वक्त के लिए एक तरह से संचित निधि की भूमिका निभाते रहे हैं। यही वजह है कि भारतीय परिवार शादी-विवाह के मौके पर सोने-चांदी के गहने खरीदने में दिलचस्पी दिखाते रहे हैं। भारतीय गृहिणियों की कमजोरी और सौंदर्य का जरिया रहा यह सोना भी विवादों में आ गया है। इसकी वजह है, प्रधानमंत्री मोदी की अपील, जिसमें उन्होंने लोगों से एक साल तक के लिए सोने की गैरजरूरी खरीद को टालने की अपील की है। प्रधानमंत्री की इस अपील के अपने मायने हैं और जरूरत भी। अव्वल तो इस पर विपक्षी दलों का सहयोग मिलना चाहिए था, लेकिन नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने इस मसले पर सरकार को घेरने की कोशिश की है। उन्होंने कहा है कि सरकार चलाने में नाकामी के चलते प्रधानमंत्री लोगों से यह खरीदो और यह ना खरीदो की अपील कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री के बयान के पीछे 28 फरवरी को ईरान पर अमेरिकी हमले के बाद उपजे हालात हैं। दरअसल पश्चिम एशिया में जारी तनाव के चलते वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला पर संकट उठ खड़ा हुआ है। चूंकि होमुर्ज जलडमरू मध्य पर ईरान का कब्जा है और अमेरिकी हमले के विरोध में उसने इसके जरिए सहज तरीके से आवाजाही पर रोक लगा रखी है, इसकी वजह से वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की आपूर्ति का संकट खड़ा हो गया है। इसकी वजह से जहां पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति महंगी हुई है, वहीं सोने की वैश्विक स्तर पर कीमतें लगातार बढ़ने से उसका भी आयात महंगा हुआ है। देश ही नहीं, आज पूरी दुनिया के लिए ऊर्जा का सबसे बड़ा जरिया पेट्रोलियम पदार्थ ही हैं। इसके अलावा रासायनिक खादों बनाने के लिए भी पेट्रोलियम पदर्थों को ही कच्चे माल के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। वैश्विक सप्लाई कमजोर होने के चलते इन सबके आयात पर होने वाले भारी खर्च के चलते भारत का विदेशी मुद्रा भंडार इन दिनों लगातार कम होता जा रहा है। प्रधानमंत्री की अपील इसी भंडार को बचाने के लिए भारत में सबसे ज्यादा आयात खर्च पेट्रोलियम पदार्थ, खाद्य तेल, सोना और रासायनिक उर्वरकों का



है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, देश ने वित्त वर्ष 2025-26 में इन्हीं चार वस्तुओं के आयात पर करीब 240 अरब डॉलर यानी भारतीय मुद्रा में करीब 20 लाख करोड़ से अधिक का खर्च किया है। जो देश के कुल आयात बिल का करीब एक तिहाई है। इसका असर भारत के विदेशी मुद्रा भंडार पर पड़ रहा है। जो लगातार कम होता जा रहा है। एक मई को खत्म हुए सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 7.7 अरब डॉलर से घटकर महज 690 अरब अमरीकी डॉलर रह गया। भारतीय रिज़र्व बैंक के मुताबिक, देश के स्वर्ण भंडार में भी कमी आई, जो पांच अरब डॉलर घटकर 115 अरब डॉलर हो गया। भारत की निधियों के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां भी इस सप्ताह में 2.7 अरब डॉलर घटकर 551 अरब डॉलर ही रह गई। इसी तरह देश का विशेष यानी ट्राजेक्शन अधिकार भी करीब 1.5 अरब डॉलर बढ़कर 18.78 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास भारत जो आरक्षित आर्थिक भंडार है, उसमें भी गिरावट देखी गई, जो अस्सी लाख डॉलर बढ़कर 4.86 अरब डॉलर हो गई। वैसे तो वैश्विक संकट के चलते दुनियाभर की अर्थव्यवस्थाएं हिचकोले खा रही हैं। भारत भी उसी में समाहित है। इसी से बचने के लिए प्रधानमंत्री ने एक तरह से मितव्ययिता और खर्च घटाने की अपील की है।

रिजर्व बैंक और कारोबारी आंकड़ों के अनुसार मौजूदा वित्त वर्ष में भारत ने कुल 775 अरब डॉलर का आयात किया। इस आयात में सिर्फ चार प्रमुख वस्तुओं की हिस्सेदारी 240.7 अरब डॉलर रही। इसमें सबसे ज्यादा खर्च कच्चे तेल पर रहा। आंकड़ों के अनुसार, देश ने अकेले क्रूड ऑयल आयात पर ही करीब 134.7 अरब डॉलर खर्च किए हैं। चूंकि पश्चिम एशिया में तनाव की वजह से तेल की कीमतों में भारी उछाल दिख रहा है,। इसलिए भारत पर यह खर्च बढ़ गया है। अप्रैल में भारत ने औसतन 114.48 डॉलर प्रति बैरल की दर से कच्चे तेल का आयात किया। इन कीमतों की तुलना पिछले साल की कीमतों से करें तो इसमें भारी उछाल दिखता है। पिछले वित्त वर्ष में देश ने औसतन 70.99 डॉलर प्रति बैरल की दर से आयात किया। भारत अपने खर्च के पेट्रोलियम पदार्थों का 88 फीसद हिस्सा आयात करता है। जाहिर है कि इस मद में भारत को हर साल अतिरिक्त आर्थिक दबाव झेलना पड़ता है। यही वजह है कि प्रधानमंत्री ने पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने और कार पूलिंग जैसी योजनाओं को अपनाने की लोगों से अपील की है।

भारतीय घरों, विशेषकर गृहिणियों के लिए सोना सबसे बड़ा आकर्षण रहा है। हाल के वर्षों में चूंकि बैंकों में जमा धन पर खास कमाई नहीं हो रही है, उसकी तुलना में सोने में रिटर्न बढ़ रहा है। इस वजह से सोने की मांग में बढ़ोतरी हुई है। मौजूदा वित्त वर्ष में भारत ने दूसरे नंबर पर विदेशी मुद्रा सोने के आयात में ही खर्च की है। मौजूदा वर्ष में सोने का आयात रिकॉर्ड 72 अरब डॉलर तक पहुंच गया। यह बढ़ोतरी पिछले साल की तुलना में करीब 24 प्रतिशत ज्यादा है। जाहिर है कि इस पर भी भारत को भारी मात्रा में विदेशी मुद्रा खर्च करना पड़ रहा है। चूंकि भारत स्विटजरलैंड, दक्षिण अफ्रीका, पेरू, ऑस्ट्रेलिया और संयुक्त अरब अमीरात से सोना आयात करता है। इसलिए यहां विदेशी मुद्रा भारी मात्रा में खर्च करनी पड़ती है। वैसे पिछले साल की तुलना में इस साल करीब 4.7 प्रतिशत कम सोना आयात हुआ है। इसकी वजह वैश्विक स्तर पर बढ़ती इसकी कीमतें हैं। फिर भी सोने के प्रति भारतीयों का मोह कम नहीं हुआ है। इसीलिए प्रधानमंत्री को सोने के गैर जरूरी खरीद को टालने के लिए अपील करनी पड़ी है।

भारत में जितना खाद्य तेल का इस्तेमाल होता है, उसका करीब 57 से 60 प्रतिशत तक का हिस्सा आयात करना पड़ता है। इस मद में भी भारत को भारी मात्रा में विदेशी मुद्रा खर्च करना पड़ रहा है। मौजूदा वित्त वर्ष में ही अब तक विदेशों से वनस्पति तेलों के आयात पर करीब 19.5 अरब डॉलर खर्च करना पड़ा है। चूंकि लोगों के खानपान पर रोक नहीं लगाई जा सकती, फिर खान-पान में कटौती का कसर राष्ट्रीय स्तर पर कार्यक्षमता में गिरावट के रूप में नजर आ सकता है। जिसका असर उत्पादन पर भी पड़ेगा। इसलिए इस मद में हो रहे खर्च को रोकना आसान नहीं है। इसलिए प्रधानमंत्री ने खाद्य तेलों के खर्च में कटौती की बात सीधे तौर पर तो नहीं की है, लेकिन यह जरूर कहा है कि लोग खाद्य तेलों का सीमित उपयोग करें। इसी तरह रासायनिक उर्वरकों के आयात 77 प्रतिशत बढ़कर 14.6 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। इसलिए मोदी ने लोगों किसानों से रासायनिक उर्वरकों का इस्तेमाल 50 प्रतिशत तक कम करने की अपील की है। उन्होंने किसानों को डीजल पंप की जगह सोलर पंप अपनाने की सलाह भी दी, ताकि पेट्रोलियम ईंधन पर निर्भरता घटाई जा सके।

कारोबारी आंकड़ों के अनुसार सिर्फ इन्हीं चार चीजों का कुल आयात बिल पिछले वित्त वर्ष की तुलना में इस बार बढ़कर 112 अरब डॉलर से 240.7 अरब डॉलर हो गया है। इससे देश के सामने संकट होना स्वाभाविक है। प्रधानमंत्री की अपील इसी संकट से बचाव का रास्ता है। याद कीजिए, पिछली सदी के साठ के दशक को, जब भारत में अपनी पूरी जनसंख्या को खिलाने भर के लिए अनाज का उत्पादन तक नहीं हो पाता था। तब अमेरिका से गेहूं का आयात करना पड़ता था। अमेरिका इसके एवज में भारत को आंख दिखाता था। इससे बचाव के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने देश से एक शाम उपवास की अपील की थी। वे खुद भी सोमवार की शाम को उपवास रखते थे। इसके बाद ही उन्होंने कृषि क्रांति का सपना देखा। तब प्रधानमंत्री का लोगों ने साथ दिया था, विपक्षी दल चाहे तब जिस भी स्थिति में रहे हों, उन्होंने भी प्रधानमंत्री पर सवाल नहीं उठाए थे।

अध्यात्म

## परोपकार करने से फर्क तो पड़ता है



दौड़ते-भागते शर्मा जी जैसे ही ऑफिस पहुँचे डायरेक्टर के मुँह लगे चपरासी ने उन्हें बताया - सर ने आपको आते ही मिलने के लिए कहा है।

डरते-डरते जैसे ही वे कैबिन में घुसे, डायरेक्टर साहब एकदम से बरस पड़े - शर्मा जी, इससे पहले कि आप एक नई कहानी सुनाएँ, मैं अपको स्पष्ट कह देता हूँ कि आप आज आराम करिए। छुट्टी का एप्लीकेशन दीजिए और जितनी समाजसेवा करनी है, कीजिए। तंग आ चुका हूँ मैं आपकी परोपकार कथा सुन-सुनकर। क्या फर्क पड़ता है आपकी समाजसेवा से? यदि नौकरी करनी है तो ढंग से कीजिए।

शर्मा जी डायरेक्टर साहब के आदेशानुसार उस दिन की छुट्टी का एप्लीकेशन देकर ऑफिस से बाहर आकर सोचने लगे - अभी से घर जाकर क्या कर लूँगा। क्यों न हॉस्पीटल जाकर उस बच्चे की हाल-चाल पता कर लूँ, जिसे किसी दुर्घटना के कारण सड़क पर पड़े हालत में देखकर अस्पताल पहुँचाने के चक्कर में ऑफिस देर से पहुँचा और साहब की डाँट खाई। शायद अब तक उसे होश भी आ गया हो। अनायस ही उनके कदम अस्पताल की ओर चल पडे। जैसे ही वे अस्पताल पहुँचे, डॉक्टर ने उन्हें बताया कि बच्चे को होश आ गया है और उसके मम्मी-पापा भी आ चुके हैं। आइए, आपको मिलवाता हूँ उनसे, इनसे मिलिए, शर्मा जी, जिन्होंने आज सुबह आपके बच्चे को यहाँ एडमिट कराया है। यदि समय पर ये बच्चे को यहाँ नहीं लाते और अपना ब्लड नहीं दिये होते, तो कुछ भी हो सकता था। सर आप? ये आपका बेटा?

सामने डायरेक्टर साहब थे, हाथ जोड़कर खड़े। काटो तो खून नहीं। बोले- शर्मा जी, हो सके तो मुझे माफ कर दीजिएगा। मैंने आपको बहुत गलत समझा पर अब मैं जान चुका हूँ कि फर्क तो बहुत पड़ता है आपकी समाजसेवा से। और कहने लगे.. परोपकार के लिए ही वृक्ष फल देते हैं, नदीयाँ परोपकार के लिए ही बहती हैं और गाय परोपकार के लिए ही दूध देती हैं अर्थात् यह शरीर भी परोपकार के लिए ही है !

# परिस्थितियां नहीं, दृष्टिकोण जीवन का निर्माता

**यह भी सच है कि दृष्टिकोण जन्मजात नहीं होता, बल्कि यह धीरे-धीरे विकसित होता है। आत्मचिंतन, अध्ययन, संवाद और अनुभव के माध्यम से व्यक्ति अपने दृष्टिकोण को अधिक परिपक्व और व्यापक बना सकता है। जब हम अपने विचारों की सीमाओं को पहचानते हुए दूसरों के अनुभवों से सीखने का प्रयास करते हैं, तब हमारा दृष्टिकोण स्वाभाविक रूप से विस्तार पाता है। समस्याओं के प्रति केवल आलोचनात्मक दृष्टि रखने से समाधान नहीं निकलते। इसके लिए रचनात्मक और समाधान-केंद्रित नजरिया विकसित करना होगा।दरअसल, दृष्टिकोण मनुष्य के जीवन का वह आधार है, जो उसकी सोच, व्यवहार और उपलब्धियों को आकार देता है। परिस्थितियां हमारे नियंत्रण में हमेशा नहीं होतीं, लेकिन उनके प्रति हमारा दृष्टिकोण अवश्य हमारे हाथ में होता है।**

**शिशिर शुक्ला**

जीवन सतत रूप से गतिशील है। गतिशीलता की इस यात्रा में यह भांति-भांति के रूप धारण करता है। जीवन के प्रति हमारा दृष्टिकोण ही हमारे अंतर्मन और जीवन के प्रतिबिंब को निर्धारित करता है। संसार में प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन के दौरान लगभग समान परिस्थितियों का सामना करता है। ये परिस्थितियां हैं- सफलता, विफलता, सुख-दुख, आपदा संघर्ष और अवसर। मगर इन परिस्थितियों के प्रति प्रत्येक व्यक्ति की प्रतिक्रिया भिन्न होती है। यह भिन्नता दरअसल उनके दृष्टिकोण के अंतर से उत्पन्न होती है।

दृष्टिकोण वह मानसिक आईना है, जिसके द्वारा निर्मित प्रतिबिंब के माध्यम से ही हम संसार को देखते और समझते हैं। इसलिए यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि मनुष्य के जीवन का स्वरूप परिस्थितियों की अपेक्षा दृष्टिकोण से अधिक प्रभावित होता है।

दृष्टिकोण केवल विचारों का संग्रह ही नहीं है, बल्कि यह हमारे अनुभवों, संस्कारों, शिक्षा और जीवन दृष्टि का समन्वित परिणाम होता है। यह वह नींव है, जिस पर हम अपने निर्णयों, कर्मों एवं भविष्य की इमारत खड़ी करते हैं। सकारात्मक, व्यापक और उदार नजरिए से युक्त व्यक्ति कठिन व विषम परिस्थितियों में भी अनुकूल अवसर तलाश लेता है। इसके विपरीत अगर दृष्टिकोण संकीर्ण, नकारात्मक और निराशावादी है, तो ऐसा व्यक्ति अनुकूल परिस्थितियों में भी असंतोष और विफलता से ही घिरा रहता है।

एक सरल से उदाहरण की सहायता से जीवन में दृष्टिकोण की महत्ता को समझा जा सकता है। पानी से आधे भरे हुए बर्तन को दो रूप में देखा जा सकता है- सकारात्मक नजरिए से आधा भरा एवं नकारात्मक नजरिए से आधा खाली। यही अंतर जीवन के हर क्षेत्र और हर पहलू में दिखता है। दृष्टिकोण ही व्यक्ति की सफलता और विफलता का प्रमुख निर्धारक होता है। जो व्यक्ति अपने लक्ष्य के प्रति आशावादी और दृढ़ दृष्टिकोण रखता है, वह कठिनाइयों से लेशमात्र भी विचलित नहीं होता, बल्कि उन्हें सीखने तथा स्वयं को निखारने का अवसर मानकर आगे बढ़ता रहता है।

आज के समय में जीवन की गति अत्यंत द्रुत हो गई है और हर क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा बढ़ती जा रही है। ऐसे में दृष्टिकोण की महत्ता और भी अधिक बढ़ जाती है। आधुनिक जीवन में तनाव, असंतोष और अवसाद जैसी समस्याएं अनियंत्रित रूप से बढ़ रही हैं। इन समस्याओं का प्रमुख कारण यह है कि हम जीवन की घटनाओं को देखने का संतुलित और सकारात्मक नजरिया अपने भीतर विकसित नहीं कर पा रहे हैं।

वास्तव में जीवन में आने वाली अधिकांश समस्याएं उतनी बड़ी और जटिल नहीं होतीं, जितना कि हम उन्हें अपने दृष्टिकोण के कारण बना लेते हैं। अगर हम उन्हें आत्मपरिष्कार और आत्मविकास के अवसर के रूप में स्वीकार करें, तो वही समस्याएं हमारे व्यक्तित्व को परिमार्जित करने का माध्यम बन सकती हैं। दृष्टिकोण का



संबंध केवल आशावाद से ही नहीं है, बल्कि विवेक और संतुलन भी इसे निर्धारित करने में महती भूमिका निभाते हैं।

सकारात्मक दृष्टिकोण का अर्थ यह नहीं है कि हम वास्तविकता से आंखें मूंद लें। इसका अर्थ यह है कि हम परिस्थितियों को समझदारी, बुद्धिमत्ता और धैर्य की कसौटी पर कसने के बाद स्वीकार करें और उनमें सुधार या उनके प्रति प्रतिक्रिया की संभावनाएं तलाशें। आज यह नितांत आवश्यक हो चला है कि हम आलोचनात्मक और विवेकपूर्ण दृष्टिकोण विकसित करें, ताकि सत्य और भ्रम के बीच सुस्पष्ट अंतर कर सकें। बिना सोचे समझे किसी भी विचार को स्वीकार कर लेना हमारे दृष्टिकोण को संकीर्ण और असंतुलित बना सकता है।

अगर हमारा दृष्टिकोण उदार और सहानुभूतिपूर्ण है, तो हम दूसरों की भावनाओं और परिस्थितियों को समझने में सक्षम होते हैं। इसके विपरीत अगर हमारा दृष्टिकोण अहंकारपूर्ण और संकीर्ण है, तो वह हमारे संबंधों में दूरी और तनाव उत्पन्न कर सकता है। विविधताओं से भरे समाज में यदि लोग एक-दूसरे के प्रति सम्मान और समझ का दृष्टिकोण रखें, तो बड़े से बड़े मतभेद भी समुचित संवाद के माध्यम से सुलझाए जा सकते हैं, लेकिन अगर दृष्टिकोण कट्टरता और असहिष्णुता से भरा हो, तो वही मतभेद संघर्ष का रूप ले लेते हैं।

यह भी सच है कि दृष्टिकोण जन्मजात नहीं होता, बल्कि यह धीरे-धीरे विकसित होता है। आत्मचिंतन, अध्ययन, संवाद और अनुभव के माध्यम से व्यक्ति अपने दृष्टिकोण को अधिक परिपक्व और व्यापक बना सकता है। जब हम अपने विचारों की सीमाओं को पहचानते हुए दूसरों के अनुभवों से सीखने का प्रयास करते हैं, तब हमारा दृष्टिकोण स्वाभाविक रूप से विस्तार पाता है। समस्याओं के प्रति केवल आलोचनात्मक दृष्टि रखने से समाधान नहीं निकलते। इसके लिए रचनात्मक और समाधान-केंद्रित नजरिया विकसित करना होगा।दरअसल, दृष्टिकोण मनुष्य के जीवन का वह आधार है, जो उसकी सोच, व्यवहार और उपलब्धियों को आकार देता है। परिस्थितियां हमारे नियंत्रण में हमेशा नहीं होतीं, लेकिन उनके प्रति हमारा दृष्टिकोण अवश्य हमारे हाथ में होता है। अगर हम अपने नजरिए को सकारात्मक, व्यापक और संतुलित बना लें, तो जीवन की कठिन राहें भी अपेक्षाकृत सरल हो जाती हैं। इसलिए आवश्यकता इस बात की है कि हम अपने भीतर झांककर यह समझने का प्रयास करें कि हमारा दृष्टिकोण कैसा है। अगर उसमें संकीर्णता, निराशा या पूर्वाग्रह के तत्त्व हैं, तो उन्हें बदलने का प्रयास भी हमें ही करना होगा। दृष्टिकोण का परिवर्तन ही वह कुंजी है जो व्यक्ति को सीमाओं से मुक्त कर नई संभावनाओं के द्वार खोलती है। परिस्थितियां नहीं, बल्कि दृष्टिकोण ही जीवन का वास्तविक निर्माता होता है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज खुशियों की हल्की-हल्की दस्तक आपके दिन को खास बना सकती है। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को मनचाही खबर मिल सकती है।

**वृषभ**
पैसों से जुड़ी बातें किसी से शेयर करने से बचें। शेयर मार्केट में सोच-समझकर कदम बढ़ाना फायदेमंद रहेगा। कोई करीबी अचानक मिलने आ सकता है।

**मिथुन**
दोस्त से मुलाकात आपको भावुक और खुश दोनों कर सकती है। मेहनत का फल धीरे-धीरे मिलना शुरू होगा। संतान की खुशी के लिए नई खरीदारी संभव है।

**कर्क**
परिवार के मुद्दों को प्यार और समझदारी से सुलझाने की जरूरत होगी। प्रॉपर्टी या लोन से जुड़े मामलों में अच्छी प्रगति हो सकती है।

**सिंह**
रुके हुए काम पूरे होने से आत्मविश्वास बढ़ेगा। बिजनेस में पार्टनर के साथ नई योजनाओं पर चर्चा लाभदायक साबित हो सकती है।

**कन्या**
माता-पिता की सलाह सफलता की चाबी साबित हो सकती है। संतान के भविष्य को लेकर लिया गया फैसला आगे चलकर गर्व का कारण बनेगा।

**तुला**
आज सतर्कता ही आपकी सबसे बड़ी ताकत होगी। विरोधी आपको परेशान करने की कोशिश कर सकते हैं, लेकिन समझदारी से आप हर स्थिति संभाल लेंगे।

**वृश्चिक**
जीवनसाथी के साथ छोटी नोकझोंक हो सकती है, लेकिन प्यार से बात करेंगे तो रिश्ता और मजबूत होगा। बिजनेस में आपकी मेहनत रंग लाएगी।

**धनु**
आज आपका प्रभाव और सम्मान दोनों बढ़ते नजर आएंगे। घर में किसी शुभ या मांगलिक कार्यक्रम से खुशियों का माहौल बनेगा। सरकारी कामों में प्रगति मिलने की संभावना है।

**मकर**
आज अधूरी इच्छाएं पूरी होने के संकेत हैं और मेहनत रंग लाती दिखाई देगी। बॉस आपकी कार्यशैली से खुश रहेंगे। समाज सेवा या परोपकार के कार्यों से आपकी प्रतिष्ठा बढ़ सकती है।

**कुंभ**
नया काम शुरू करने का विचार फायदेमंद साबित हो सकता है। रिश्तेदारों के साथ छोटी बहस हो सकती है, लेकिन बड़ों का सहयोग आपको संभाल लेगा।

**मीन**
आज मन में चल रहा संशय आपको थोड़ा उलझन में डाल सकता है। कोई महत्वपूर्ण डील आखिरी समय में अटक सकती है, इसलिए धैर्य बनाए रखें।

## संक्षिप्त समाचार

### हथियार के साथ किया गिरफ्तार

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पंडारक प्रखंड के चकजलाल गांव में पुलिस ने एक व्यक्ति को एक देसी कट्टा और 5 जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। जानकारी साझा करते हुए लगभग 4 बजे थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि शत्रुघ्न प्रसाद नामक व्यक्ति हथियार के साथ किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने के फिराक में है। सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। जब तलाशी ली गई तो उसके पास से एक देसी कट्टा और 5 जिंदा कारतूस बरामद हुआ। फिलहाल आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### मुख्य सचेतक बनने पर बधाई

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार विधानसभा में डॉ संजीव कुमार चौरसिया को एनडीए का मुख्य सचेतक मनोनीत किए जाने पर बिहार राज्य खाद्यान्न व्यवसायी संघ के महामंत्री नवीन कुमार ने बधाई दी है। महामंत्री ने बताया कि चौरसिया के अनुभव और संगठनात्मक क्षमता से राज्य के व्यवसाययों की समस्याओं को दूर करने को काफी मदद मिलेगी।

### बाढ़ में डीजल की किल्लत से लोग परेशान

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ के पेट्रोल पंप पर शनिवार को पेट्रोलियम पदार्थों का स्टॉक खत्म हो जाने से वाहन संचालकों में हाहाकार मच गया। बाढ़ से लोगों को अथमलगोला में जाकर डीजल खरीदना पड़ा। संचालकों ने बताया कि आपूर्ति कम होने से डीजल नहीं मिल रहा है। इसका असर यातायात व्यवस्था पर भी पड़ रहा है ।ग्रामीण जिला अध्यक्ष गुरजीत सिंह और जिला कांग्रेस प्रवक्ता धर्मवीर कुमार ने राज्य सरकार से अनुमंडल मुख्यालय में डीजल आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है।

### नहाने के क्रम में युवक गंगा नदी में डूबा

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सीढ़ीघाट में नहाने के क्रम में एक युवक गंगा नदी में डूब गया। युवक की पहचान समीर कुमार के रूप में हुई है जो नालंदा जिला के हरनौत प्रखंड अंतर्गत पचौरा गांव निवासी के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर अंचलाधिकारी नरेंद्र कुमार सिंह बाढ़ एवं डायल 112 की पुलिस मौके पर पहुंचे एवं खोजबीन में जुट गए। अंचलाधिकारी ने रविवार लगभग 10 बजे बताया कि सूचना मिलने के बाद तुरंत अपने टीम के साथ यहां पहुंचे हैं, एनडीआरएफ की टीम को भी सूचना दी गई है और तलाश की जा रही है। स्थानीय गोताखोरों एवं नाविकों से सहायता ली जा रही है। बताया जाता है बाढ़ थाना क्षेत्र के मलाही गांव में अपने मौसा के यहां मुंडन संस्कार में शामिल होने आया था। घटना के बाद खुशी का माहौल मातम में बदल गया है और परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। आक्रोशित ग्रामीणों ने मृतक की लाश नहीं मिलने पर करीब आधे घंटे तक भुनेश्वरी राजा महाविद्यालय चौक के पास जाम लगाकर हंगामा करना शुरू कर दिया बाद में पुलिस के पहुंचने के बाद सड़क जाम को हटाया गया।

### फ्रेंड्स क्लब के अध्यक्ष बने डॉ. सुधीर कुमार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इलाके की सबसे पुरानी और प्रतिष्ठित फुटबॉल संस्था फ्रेंड्स क्लब मसौढ़ी को नया अध्यक्ष मिल गया है। रविवार को आयोजित क्लब की बैठक में प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. सुधीर कुमार को सर्वसम्मति से नया अध्यक्ष चुना गया। गौरतलब है कि क्लब के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय धर्मवीर प्रसाद जी के निधन के बाद से अध्यक्ष पद रिक्त था। सन् 1954 में स्थापित फ्रेंड्स क्लब मसौढ़ी का क्षेत्र में फुटबॉल को बढ़ावा देने में अहम योगदान रहा है। पदभार संभालने के बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. सुधीर कुमार ने स्व. धर्मवीर प्रसाद जी को श्रद्धांजलि देते हुए कहा, ‟धर्मवीर बाबू का क्लब के लिए योगदान अविस्मरणीय है। उनकी विरासत को आगे बढ़ाना मेरी जिम्मेदारी है। हमारा प्रयास रहेगा कि क्लब की गौरवशाली परंपरा को कायम रखते हुए युवा खेल प्रतिभाओं को मंच दिया जाए और मसौढ़ी में फुटबॉल को नई ऊंचाई तक ले जाया जाए। बैठक में मौजूद सभी सदस्यों ने डॉ. सुधीर कुमार को बधाई दी और भरोसा जताया कि उनके नेतृत्व में क्लब नई उपलब्धियां हासिल करेगा। सदस्यों ने क्लब को और सशक्त बनाने तथा क्षेत्र में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने का संकल्प भी लिया। फ्रेंड्स क्लब पिछले 7 दशकों से मसौढ़ी में फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित कराता रहा है और कई राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी दे चुका है।



### होटल-ढाबा संचालकों के साथ थानाध्यक्ष ने की बैठक

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाल श्रम रोकने को लेकर पुनपुन थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने रविवार को थाना परिसर में होटल, ढाबा एवं चाय-नाश्ता दुकान संचालकों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने सभी संचालकों को छोटे बच्चों से काम न कराने की सख्त हिदायत दी। थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने कहा कि होटल, ढाबा या चाय-नाश्ते की दुकानों पर 14 साल से कम उम्र के बच्चों को काम पर रखना बाल श्रम अधिनियम के तहत दंडनीय अपराध है। उन्होंने संचालकों से अपील की कि बच्चों को काम पर लगाने के बजाय उन्हें पढ़ाई के प्रति जागरूक करें और स्कूल भेजने में मदद करें। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि अगर किसी भी होटल, ढाबा या दुकान पर छोटे बच्चों से काम कराते पाया गया तो संबंधित संचालक के खिलाफ बाल श्रम अधिनियम के तहत कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही दुकान सील करने की भी कार्रवाई हो सकती है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि पुलिस समय-समय पर अभियान चलाकर होटल-ढाबों की जांच करेगी। बैठक में क्षेत्र के कई होटल-ढाबा संचालक मौजूद रहे और उन्होंने प्रशासन को पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया।



### धनरूआ में हाईवे पर राहगीरों को लूटने वाला लुटेरा गिरफ्तार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना-गया मेन रोड रू-1 पर हथियारबंद अपराधियों के द्वारा कार सवार चार लोगों से लूटपाट मामले में धनरूआ पुलिस ने अप्राथमिकी अभियुक्त विकाश कुमार पिता सोनेलाल यादव ग्राम चम्पापुर थाना बख्तियारपुर को गिरफ्तार किया है।दरअसल इस घटना के संदर्भ मे बताया गया की पीड़ित पप्पू कुमार, निवासी सोमपुर, नालंदा, ने धनरुआ थाने में आवेदन दिया है। वे 24 जनवरी 2025 की रात करीब 11 बजे खिजरसराय से पटना के लिए अपने तीन साथियों उदय कुमार सिंह, विनोद कुमार और राजीव कुमार के साथ निकले थे। कार पप्पू खुद चला रहे थे। 25 जनवरी की रात करीब 1 बजे देवकुली-जैतिया मोड़ के पास एक बाइक सवार ने ओवरटेक कर कार के आगे लगा दी। कार रुकते ही 3-4 और बदमाश आ गए। सभी ने ईंट से कार के दोनों गेट का शीशा फोड़ दिया और जान से मारने की धमकी देकर चारों को बाहर खींच लिया। जहां बदमाशों ने ईंट से कार का शीशा तोड़कर चार मोबाइल, सोने की चेन और स्वीफ्ट डिजायर कार लूट कर भाग गये थे। अपराधीयों पप्पू कुमार का सैमसंग मोबाइल, उदय कुमार का रेडमी मोबाइल विनोद कुमार का ओपो मोबाइल और गले से सोने की चेन लूटकर स्वीफ्ट डिजायर कार लेकर जैतिया मोड़ की तरफ भाग गए।



### पाटलिपुत्र विवि प्रक्षेत्र की वृहद परिषद बैठक

**दनियावां,पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार राज्य विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय कर्मचारी महासंघ, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय प्रक्षेत्र की वृहद परिषद की बैठक रविवार को डॉ. ए.के. सेन भवन, लोहियानगर, कंकड़बाग, पटना में संपन्न हुई। बैठक में 20 मई 2026 को विश्वविद्यालय मुख्यालय पर प्रस्तावित धरने की तैयारी और कर्मचारियों की लंबित समस्याओं पर गहन मंथन हुआ। बैठक में श्रीचंद उदासीन महाविद्यालय, हिलसा से संघ के अध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार नयन और उपाध्यक्ष जलेन्द्र कुमार ने भाग लिया। उनके साथ सचिव शैलेश कुमार, संरक्षक अरुण प्रसाद,पूर्व जिलासचिव आलोक कुमार सिंह,कोषाध्यक्ष रोनित रॉय, कार्यकारिणी सदस्य कुमार पवन और वजरंगी लाल वर्मा भी उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि "संघे शक्ति कलियुगे" के मूल मंत्र पर चलते हुए ही शिक्षकों और कर्मचारियों के अधिकार सुरक्षित किए जा सकते हैं। बैठक में तय किया गया कि 20 मई को होने वाले धरना कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी अंगीभूत महाविद्यालयों के शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारी पटना पहुंचेंगे। साथ ही कर्मचारियों की लंबित सेवाशर्तों के मुद्दों को प्रशासन के समक्ष मजबूती से रखा जाएगा।



# दहेज की भूख ने ली दो जिंदगियां: गर्भवती बहू की हत्या कर किया शव गायब

**ससुराल वालों ने जमीन खरीदने के लिए की 5 लाख की डिमांड • पांच पर प्राथमिकी,ससुर गिरफ्तार**





**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी में रिश्तों को शर्मसार करने वाली वारदात हुई है।जहाँ महज 5 लाख रुपये के लिए ससुराल वालों ने दो माह की गर्भवती बहू की कथित तौर पर जान ले ली। सबूत मिटाने के लिए शव भी गायब कर दिया गया। विवाहिता की चीखें अब ससुराल की दीवारों में दफन हैं। इस पूरे मामले में मृतक के पिता विमलेश कुमार पिता स्व सतिश प्रसाद, भगवान खंदा,मखदुमपुर, जहानाबाद के बयान पर सभी ससुराल पक्षों पर थाने में केस दर्ज कराया गया है, जिसमें आरोपी पति सूरज कुमार उर्फ गुड्डु, ससुर सीताराम प्रसाद पिता स्व राम नारायण यादव, सास रिंकू देवी पति सीताराम प्रसाद,ननद कंचन कुमारी पिता सीताराम प्रसाद एवं लड़के का मामा अशोक यादव पिता मुंगेश्वर यादव मोगल बीघा पाली जहानाबाद निवासी शामिल है। वहीं पुलिस ने छापेमारी कर आरोपी ससुर सिताराम यादव पिता स्व रामनारायण यादव जिलाल बिगहा को गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल मृतक के पिता विमलेश ने बताया की मार्च 2024 में धूमधाम से अपनी बेटी की शादी हैसियत से ज्यादा 15 लाख खर्च कर किए थे। आरोप है कि शादी के चंद महीनों बाद ही जमीन खरीदने के नाम पर 5 लाख की डिमांड शुरू हो गई। मांग पूरी न होने पर गर्भवती बहू को यातनाएं दी जाने लगीं। कई बार पंचायत बैठी, पर दहेज लोभियों के आगे रिश्ते हार गए।15 मई की दोपहर। मायके में फोन की घंटी बजी। दूसरी तरफ से रोती-बिलखती बेटी की आवाजः 'पापा, ये लोग मार डालेंगे...'। पिता के पहुंचने से पहले ही फोन हमेशा के लिए खामोश हो गया। 16 मई की सुबह जब पिता ससुराल पहुंचे तो दरवाजे पर ताला लटका था। आरोपियों का कोई अता-पता नहीं। गांव वालों की मानें तो रात में ही बहू की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई और शव ठिकाने लगा दिया गया। बहरहाल थानाध्यक्ष विवेक भारती ने बताया की मृतक के पिता की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया गया है। शव बरामदगी और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर दी गई है। ससुर को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है।

## मसौढी के मटौढा गांव में पंखे से लटक कर एक युवक ने दी जान

**पुलिस ने शव को बरामद कर जुटी जांच में**



**मसौंढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी थाना क्षेत्र के मटौढा गांव में बीते देर रात को एक युवक ने पंखे से लटक कर जान दे दी है। मृतक की पहचान मधीर कुमार पिता संजय पासवान के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची है, जहां पर पंखे से गमछा में लटके शव को बरामद किया गया है। जहाँ एफएसएल की टीम से जांच कर रही है। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष विवेक भारती ने बताया कि परिजनों से पूछताछ की गई है, जहां मृतक मधीर कुमार नशे का इंजेक्शन और ब्राउन शुगर का आदी था, जो व्यक्ति रात को अपने कमरे में बंद होकर पंखे से गमछे में लटक कर जान दे दी हैं। उसके परीजनों के बयान पर जांच पड़ताल की जा रहे हैं उसकी भाभी ने बताया कि 2 दिन पहले घर में ईट बालू गिरा था काम लगने वाला था मृतक हमेशा घर में लोगों से लड़ाई झगड़ा भी किया करता था, फिलहाल शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## मोकामा में ई-रिक्शा ने तोड़ा रेलवे फाटक, चालक फरार

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेलवे स्टेशन के पूर्वी समपार फाटक पर रविवार दोपहर एक तेज रफ्तार ई-रिक्शा ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में फाटक का ईएलबी गेट बुरी तरह क्षतिग्रस्त होकर टूट गया। टक्कर मारने के बाद ई-रिक्शा चालक मौके से फरार हो गया।घटना रविवार दोपहर 2.17 बजे की है। मोकामा रेलवे स्टेशन का पूर्वी समपार फाटक ट्रेन आने के लिए बंद किया गया था। इसी दौरान एक अनियंत्रित ई-रिक्शा तेज रफ्तार में आया और फाटक से टकरा गया।टक्कर इतनी तेज थी कि ईएलबी गेट पूरी तरह टूट गया। हादसे के बाद रेलवे कर्मियों ने तुरंत क्षतिग्रस्त ईएलबी गेट को हटाया। यातायात को सामान्य करने के लिए वहां स्लाइडिंग गेट लगाकर परिचालन शुरू कराया गया, ताकि ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित न हो।आरपीएफ सहायक निरीक्षक जयंत कुमार मिश्रा ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया।

## फतुहा में दर्दनाक सड़क हादसा: एक युवक की मौत, दूसरा गंभीर रूप से घायल



**फतुहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना-बख्तियारपुर फोरलेन पर रविवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह हादसा फतुहा के डुमरी मोड़ के पास हुआ, जहां बाइक सवार दो युवकों को पीछे से आ रही एक अज्ञात बड़े वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े। इसी दौरान एक अन्य तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक चला रहे साहिल कुमार (24 वर्ष) को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, उसका दोस्त प्रिंस कुमार (23 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को तुरंत फतुहा सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि दोनों युवक पटना के दानापुर क्षेत्र के सुल्तानपुर मठ, पुठिया बाजार के निवासी थे। वे जमीन कारोबार के साथ-साथ निजी नौकरी भी करते थे। शनिवार को दोनों नालंदा जिले के नगरनौसा में एक दोस्त के घर गए थे और रविवार को बाइक से वापस घर लौट रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। घटना के बाद पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई है। साहिल की मौत की खबर मिलते ही उसके घर में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## री-नीट को अवसर में बदलने की दिशा में गोल इंस्टीच्यूट का ऐतिहासिक कदम

**गोल ने शुरू किया 'गोल री-नीट सक्सेस प्रोग्राम 2026', 15 मई को आयोजित हुआ पहला टेस्ट**



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नीट परीक्षा को लेकर उत्पन्न अनिश्चितता एवं परीक्षा रद्द होने की चचाओं के बीच लाखों मेडिकल अभ्यर्थियों के मानसिक दबाव, तनाव एवं भविष्य को लेकर बिहार एवं झारखंड के प्रतिष्ठित मेडिकल कोचिंग संस्थान ने एक बार फिर छात्रों के साथ मजबूती से खड़े होते हुए 'गोल री-नीट सक्सेस प्रोग्राम 2026' की शुरूआत कर दी है। गोल ने परीक्षा रद्द होने के बाद बिना समय गंवाए छात्रों के हित में यह विशेष परिणामोन्मुखी कार्यक्रम प्रारंभ किया तथा 15 मई को इस कार्यक्रम के अंतर्गत पहला टेस्ट सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। संस्थान द्वारा यह घोषणा की गई है कि गोल अपने छात्रों के लिए कुल 20 विशेष टेस्ट बिल्कुल निःशुल्क आयोजित करेगा, ताकि छात्र अपनी तैयारी की निरंतरता बनाए रखते हुए री-नीट में पहले से बेहतर प्रदर्शन कर सकें। गोल एडुकेशन वीलेज को भी री-नीट की तैयारी के लिए विशेष रूप से सक्रिय किया गया है, जहां छात्र अपनी तैयारी को नई ऊंचाई दे सकेंगे। इस अवसर पर गोल इंस्टीच्यूट के फाउंडर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर बिपिन सिंह ने कहा कि जीवन में चुनौतियाँ ही बड़े अवसरों को जन्म देती हैं। री-नीट को दबाव के रूप में नहीं बल्कि अपने स्कोर, रैंक एवं मेडिकल कॉलेज को बेहतर बनाने के सुनहरे अवसर के रूप में देखना चाहिए। ऐसे कठिन समय में छात्रों को मानसिक, शैक्षणिक एवं भावनात्मक रूप से मजबूत बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है और गोल इसी दिशा में पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। गोल इंस्टीच्यूट के एसिस्टेट डायरेक्टर रंजय सिंह ने कहा कि 'गोल हमेशा से छात्रों के भविष्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देता आया है। हमने बिना देरी किए री-नीट सक्सेस प्रोग्राम को लागू कर दिया। हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी छात्र की तैयारी का Momentum टूटने न पाए। संस्थान के आर एंड डी हेड आनंद वत्स ने कहा कि री-नीट के लिए तैयार किया गया यह पूरा कार्यक्रम अत्यंत वैज्ञानिक, रणनीतिक एवं परिणामोन्मुखी तरीके से डिजाइन किया गया है। 20 टेस्ट की श्रृंखला छात्रों को उनकी कमजोरियों की पहचान, समय प्रबंधन, एक्यूरसी एवं परीक्षा के Pressure Handling में काफी मदद करेगी। हमारा प्रयास है कि छात्र इस अतिरिक्त समय का अधिकतम सकारात्मक उपयोग कर सकें।

## सीजीएसटी एवं केंद्रीय उत्पाद शुल्क आयुक्तालय, पटना-क द्वारा साइकिल मैराथन का आयोजन

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** फिट इंडिया अभियान, ईंधन संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा एवं कार्यालय आने-जाने हेतु साइकिल के उपयोग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से केंद्रीय जीएसटी एवं केंद्रीय उत्पाद शुल्क आयुक्तालय, पटना-कद्वारा रविवार को साइकिल मैराथन का सफल आयोजन किया गया। यह मैराथन प्रातः 06:00 बजे जीएसटी भवन, पटना से प्रारंभ होकर राजभवन तक गई तथा पुनः जीएसटी भवन पहुँचकर सम्पन्न हुई। इस अवसर पर अपर आयुक्त, सीजीएसटी एवं सीएक्स, पटना-क श्रीमती स्मृति नवीन एवं आशुतोष कुमार सिंह ने साइकिल मैराथन टीम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में सीजीएसटी एवं सीएक्स, पटना-कके अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ-साथ सीजीएसटी (अपील), सीजीएसटी एवं सीएक्स (ऑडिट), मुख्य आयुक्त कार्यालय तथा सीजीएसटी एवं सीएक्स रांची जोन, पटना के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, फिटनेस को बढ़ावा देने, ईंधन की बचत करने तथा दैनिक जीवन एवं कार्यालय आने- जाने में साइकिल के अधिकाधिक उपयोग के प्रति जागरूकता फैलाने का संदेश दिया गया।

## पशुचिकित्सा के नए प्रहरी बने 33 विद्यार्थी, शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के अधीन बिहार पशुचिकित्सा महाविद्यालय में पशुचिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन स्नातक (बी.वी.एससी. एंड ए.एच.) 2020 बैच के 33 पास आउट विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई। इनमें 22 छात्र एवं 11 छात्राएं शामिल हैं। पशुचिकित्सा के क्षेत्र में सेवा प्रारंभ करने से पूर्व वेटनरी चिकित्सकों को यह शपथ दिलाई जाती है। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के भूतपूर्व एवं संस्थापक कुलपति डॉ. रामेशवर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि पशुचिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन स्नातक पाठ्यक्रम एक लंबा और चुनौतीपूर्ण कोर्स है, जिसे सफलतापूर्वक पूरा कर विद्यार्थी अब समाज की सेवा के लिए आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र अत्यंत व्यापक है तथा इसमें अपार संभावनाएं हैं। विद्यार्थियों को अपनी रुचि एवं स्वेच्छा के अनुसार आगे बढ़ते हुए हर कार्य में अपना सर्वश्रेष्ठ देने की सलाह दी। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. इन्द्रजीत सिंह ने कहा कि कोविड काल में पढ़ाई शुरू करने वाले विद्यार्थियों ने ऑनलाइन कक्षाओं, नई तकनीकों और बदलती परिस्थितियों के बीच शिक्षा प्राप्त की। यह अनुभव निश्चित रूप से उनके व्यक्तित्व में सकारात्मक परिवर्तन लेकर आया होगा और उन्हें हर परिस्थिति के लिए तैयार रहने की सीख दी होगी। कुलपति ने विद्यार्थियों से समाज सेवा की भावना के साथ कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा कि पशुपालक एवं किसान समाज के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं, जिनमें से कई आर्थिक एवं सामाजिक रूप से वंचित होते हैं। ऐसे में वेटनरी चिकित्सकों की जिम्मेदारी केवल इलाज तक सीमित नहीं है, बल्कि पशुपालकों की कठिनाइयों को कम करना और उन्हें सुलभ एवं सस्ता उपचार उपलब्ध कराना भी है। इस अवसर पर महाविद्यालय के डीन डॉ. पल्लव शेखर ने सभी शिक्षकों एवं संकाय सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कोविड काल जैसी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद शिक्षकों ने विद्यार्थियों को निरंतर मार्गदर्शन दिया और उन्हें एक सक्षम पशुचिकित्सक के रूप में तैयार किया। कार्यक्रम की शुरूआत इंचार्ज इंटर्नशिप डॉ. अजीत कुमार के स्वागत भाषण से हुई, जबकि धन्यवाद ज्ञापन ऑफिसर इंचार्ज (इंटर्नशिप) डॉ. मृत्युंजय कुमार ने किया।



## बिहार की बेटी प्रिषा ने फिर लहराया परचम

**जम्मू-कश्मीर कराटे प्रीमियर लीग चैंपियनशिप में जीता गोल्ड**

**खुशरुपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** खुशरुपुर कस्बा पंचायत, बसौनी, लखीसराय की प्रिषा ने एक बार फिर बिहार का नाम रोशन किया है। प्रिषा ने जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में आयोजित 8वीं जम्मू-कश्मीर कराटे प्रीमियर लीग चैंपियनशिप 2026 के 45-50 किग्रा भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्रिषा, प्राप्त किया। प्रिषा की कराटे यात्रा - लगातार चौथा पदक उसने 5वीं जम्मू-कश्मीर यूटी कराटे चैंपियनशिप 2023 गोल्ड मेडल,6वीं जम्मू-कश्मीर यूटी कराटे चैंपियनशिप 2024 सिल्वर मेडल, 7वीं जम्मू-कश्मीर यूटी कराटे चैंपियनशिप 2025: सिल्वर मेडल एवं जम्मू-कश्मीर यूटी कराटे प्रीमियर लीग चैंपियनशिप 2026 गोल्ड मेडल




लखीसराय के पूर्व सरपंच स्वर्गीय द्रौपदी देवी की पौत्री हैं और जम्मू जिला कराटे एसोसिएशन के अध्यक्ष के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण ले रही हैं। जम्मू-कश्मीर कराटे एसोसिएशन द्वारा 16-17 मई 2026 को इंडोर स्पोर्ट्स हॉल, श्रीनगर में आयोजित इस चैंपियनशिप में प्रिषा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान जिताकर एक इतिहास रचा है। कोच के अनुसार प्रिषा बेहद अनुशासित और मेहनती खिलाड़ी है। 45-50 किग्रा वर्ग में उसका प्रदर्शन काबिल-ए-तारीफ रहा। लगातार 4 सालों से राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीत रही है ।प्रिषा की इस उपलब्धि पर बिहार निवासी गौरवान्वित हुए हैं।

## घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़ का आरोप

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र की एक महिला ने घर में घुसकर छेड़छाड़ करने और केस वापस न लेने पर हत्या की धमकी देने का आरोप लगाते हुए थाने में आवेदन दिया है। पीड़िता के मुताबिक उसके पति अक्सर काम से बाहर रहते हैं। आरोप है कि एक व्यक्ति सजीवन उर्फ भोला यादव पिता कृष्णा यादव लक्षुबीघा बरनी निवासी नशे की हालत में रात में घर में घुस आया और छेड़छाड़ की। शोर मचाने पर परिवार के अन्य सदस्य आ गए। पीड़िता का आरोप है कि अरुण यादव पिता रामदेव यादव उनके बेटे मणि भी उसके ही पक्ष लेते हुए हाथ पकड़ कर खींच कर बाहर निकाल दिया और गाली गलौज किया,आरोपियों ने गाली-गलौज की और पुराना केस वापस लेने का दबाव बनाया।

## कोथवा में ग्लोबल आइकन अवॉर्ड कार्यक्रम में शिक्षक एमएलसी प्रत्याशी डॉ दिव्य ज्योति के नेतृत्व पर तीखा हमला




**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चाणक्या नगर स्थित चाणक्या फाउंडेशन कैंपस में 'ग्लोबल आइकन अवॉर्ड 2026' समारोह सह शिक्षक संवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में पटना सदर के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों से हजारोंशिक्षक-शिक्षिकाएं, प्राचार्य और शिक्षाविद शामिल हुए। समारोह का शुभारंभ एकेडमी ऑफ ग्लोबल अचीवर्स के चेयरमैन सह शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र प्रत्याशी डॉ दिव्य ज्योति और चाणक्या फाउंडेशन ग्रुप के अध्यक्ष डॉ अशोक गगन ने दीप प्रज्वलन कर किया। शिक्षकों को संबोधित करते हुए डॉ दिव्य ज्योति ने शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के 30 साल पुराने नेतृत्व पर तीखा हमला बोला। कहा कि 30 वर्षों तक प्रतिनिधित्व के बावजूद शिक्षक आज भी समान वेतन, सेवा सुरक्षा, पारदर्शी प्रोन्नति और सम्मानजनक कार्य परिस्थितियों से वंचित हैं। यह नेतृत्व की विफलता नहीं, शिक्षकों के विश्वास के साथ विश्वासघात है। उन्होंने आरोप लगाया कि एमएलसी निधि का सही उपयोग नहीं हुआ और शिक्षकों को सिर्फ वोट बैंक बनाकर रखा गया। डॉ दिव्य ज्योति ने शिक्षक सशक्तिकरण यात्रा को पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के सभी जिलों तक ले जाने की घोषणा की।वट सावित्री व्रत पर महिला शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा- जब शिक्षक मजबूत होंगे, तब शिक्षा मजबूत होगी; और जब शिक्षा मजबूत होगी, तब बिहार मजबूत होगा। डॉ अशोक गगन ने डॉ दिव्य ज्योति का समर्थन करते हुए कहा कि शिक्षकों को अब 'ईमानदार, ऊर्जावान और परिणामोन्मुख नेतृत्व' चाहिए। कार्यक्रम में शिक्षकों को एकेडमिक एक्सीलेंस, एजुकेटर एक्सीलेंस, नेशन बिल्डर और विद्या ज्योति अवार्ड से सम्मानित किया गया। मंच संचालन साहित्यकार हेमंत कुमार ने किया। मौके पर डॉ अर्जुन सिन्हा, दिव्यांशु शांडिल्य, डॉ गुड़िया झा सहित सैकड़ों शिक्षाविद मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस ने आर्म्स एक्ट के नामजद अभियुक्त राजेश सिंह को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**कोढा/कटिहार (नबिटासं)।** कोढ़ा थाना में दर्ज एक संगीन मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार, कोढ़ा थाना कांड संख्या- 94/26,धारा 27 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। जिसमें राजेश सिंह सहित दो अन्य को अभियुक्त बनाया गया था। इनपर आरोप लगाया गया था कि जमीन संबंधी मामले में 20 दिन पूर्व इन्होंने गोली चलाकर एक व्यक्ति को घायल कर दिया था। तब से आरोपी फरार बताया जाता था।शुक्रवार को कोढा पुलिस ने विषहरिया निवासी राजेश सिंह को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त से पूछताछ की जा रही है और मामले में उससे जुड़े अन्य तथ्यों की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि इस कांड में अन्य आरोपियों की भी भूमिका की जांच की जा रही है और आवश्यकता पड़ने पर आगे और गिरफ्तारियां की जा सकती हैं। इस कार्रवाई में कोढ़ा थाना अध्यक्ष पंकज आनंद के नेतृत्व में अपर थाना अध्यक्ष कुणाल कुमार, पुलिस पदाधिकारी गोपाल कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मियों की अहम भूमिका रही। टीम ने समन्वित प्रयास करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार किया, जिससे क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में अपराध और अपराधियों के खिलाफ लगातार सख्त अभियान चलाया जा रहा है। किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि में संलिप्त पाए जाने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### रेलवे कॉलोनी कुरेठा में एक सप्ताह से विद्युत आपूर्ति बाधित

**मनसाही/कटिहार (नबिटासं)।** प्रखंड क्षेत्र के कुरेठा पंचायत के कुरेठा रेलवे स्टेशन के रेलवे कॉलोनी में एक सप्ताह से विद्युत नहीं रहने के कारण बिजली की समस्या से सभी रेलकर्मी अस्त व्यस्त हैं। ऐसी स्थिति में 16 रेलवे कॉलोनी के क्वार्टर सहित अन्य जगह विद्युत नहीं रहने से छोटे-बड़े बच्चे एवं बुढ़े व बच्चों की पढ़ाई व रेल इलेक्ट्रॉनिक रेल लाइट,रेल जीपीएस एवं फोन भी चार्ज करने के लिए रेलवे कर्मियों को सिविल जगह दूसरे के घर जाना पड़ता हैं। इतना ही नहीं विद्युत नहीं रहने के कारण करोड़ों की रेलवे के पानी टंकी शोभा की वस्तु बना हुआ हैं। जब से रेलवे कॉलोनी के बीच रेल कर्मियों एवं अन्य के लिए पानी टंकी का निर्माण किया हैं तभी से सभी चापाकल भी हटा दिए गए हैं। विद्युत नहीं रहने के कारण रेल कर्मियों के परिवार एवं बच्चे दूर-दराज से दूसरे के घर से पानी लाकर पीने को मजबूर हैं। वहीं उमस भरी भीषण गर्मी करने से आम लोगों में समस्या उत्पन्न हुई हैं। वहीं विद्युत नहीं रहने के कारण रेलवे कर्मियों के परिवारों को इधर से उधर भटकना पड़ता हैं। बता दे की रेलवे के कंस्ट्रक्शन के द्वारा बिजली के तार बाधित हुई हैं।जिसको लेकर रेल कर्मियों को बड़ी अधिकारी से बात करने पर आजकल दो,चार घंटे का आश्वासन देते चले आ रहें है। मगर एक सप्ताह बीत गया। विद्युत नहीं आने से रेल कर्मियों में आक्रोश व्याप्त होने से वे लोग कुरेठा स्टेशन परिसर में हो हंगामा एवं विद्युत सुचारु रूप से चालू करने की मांग किया। इस दौरान रेलवे के राजेंद्र चौधरी, बालमुकुंद कुमार, दीपक कुमार सिंह,राजकुमार मंडल, रमेश कुमार, नर्सिंग पासवान, कमलेश्वर मंडल, धर्मेंद्र सिन्हा सहित अन्य उपस्थित होकर आक्रोश व्याप्त करते हुए रेल के बड़े अधिकारी से जल्द से जल्द बिजली सुचारू रूप से चालू कराने की मांग की।

### चोरी की मोटर के साथ चार आरोपी भेजे गये जेल

**डंडखोरा/कटिहार (नबिटासं)।** डंडखोरा पुलिस ने बहियार से रघेली निवासी चंदा देवी पति दीपक केवट के मोटर सहित चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।जानकारी के मुताबिक मोटर चोरी की सूचना थाना को देने के बाद पीड़ित पता लगाने में जुटी थी।इसी दौरान ग्रामीणों से पता चला कि रघेली निवासी राजा कुमार अपने मित्रों के साथ मोटर चोरी कर रुपेश साह पिता लखनलाल साह ग्राम बकिया डूम्मर,थाना-पोठिया,जिला कटिहार के पास बेच दिया है।मामले की सूचना मिलते हीं पुलिस 15 मई 2026 की रात्रि में मोटर चोरी कर बेचने के आरोप में चार लोगों से पूछताछ कर हिरासत में ले लिया।पूछताछ में तीन लोगों द्वारा मोटर चोरी करने और एक द्वारा चोरी का मोटर खरीदने की पुष्टि हुई है। थानाध्यक्ष विजय कुमार महतो ने बताया कि चंदा देवी के लिखित आवेदन पर चोरी के मोटर के साथ राजा कुमार केवट (25) पिता- नरेश केवट, ग्राम रघेली,धनराज केवट (36) पिता माथुर केवट ग्राम कमलदह, रघैली, सुदामा केवट (35) पिता खूबलाल केवट मरंगी तीनों थाना डंडखोरा एवं रुपेश साह (24) पिता स्वर्गीय लखनलाल साह ग्राम बाकिया डूमर थाना पोठिया सभी जिला कटिहार को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।उन्होंने बताया कि गिरफ्तार राजा कुमार,धनराज केवट और रुपेश कुमार का आपराधिक इतिहास रहा है।इनके विरुद्ध क्रमशः डंडखोरा और फलका थाना में मामला दर्ज है। क्षेत्र में मोटर चोरी की घटना बढी है तो वहीं पुलिस की सक्रियता से मामले का उद्भेदन और चोरी किये गये मोटर की बरामदगी से किसानों में संतोष बढता नजर आ रहा है।

### बिहार कृषि एप विभाग का अधिकारिक डिजिटल प्लेटफार्म : डीएओ

**कटिहार (नबिटासं)।** बिहार सरकार राज्य में कृषि को समृद्ध बनाने तथा किसानों को अधिकाधिक लाभ देने के लिए प्रयासरत है।इसी कड़ी में कृषि विभाग,बिहार सरकार द्वारा किसानों के लिए "बिहार कृषि एप" जारी किया गया है,जो बिहार सरकार का आधिकारि प्लेटफार्म है।यह जानकारी जिला कृषि पदाधिकारी मिथिलेश कुमार सिंह ने दी है।उन्होंने बताया है कि इसका उद्देश्य कृषि से जुड़ी हर जानकारी एवं योजनाओं की जानकारी सीधे किसानों तक पहुंचाना है। इस एप को अपने मोबाइल में डाउनलोड कर किसान कृषि सलाह, मौसम की जानकारी,खाद और बीज की उपलब्धता सहित कृषि विभाग द्वारा चलाई जा रहक योजनाओं की जानकारी घर बेठे प्राप्त कर सकेंगे।उन्होंने बताया कि इस एप की विशेषता है कि इसके माध्यम से कृषि विभाग की योजनाओं लाभ लेने के लिए सीधे आवेदन किया जा सकेगा।तो वहीं फार्मर रजिस्ट्रेशन भी किया जा सकेगा। जबकि बीज अनुदान,यात्रिकों योजना का लाभ लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकेगा।डीएओ ने बताया कि इस एप के माध्यम से किसान अपनी कृषि संबंधी कोई समस्या दर्ज कर समाधान पा सकेंगे। उन्होंने बताया कि बिहार कृषि एप किसानों को डिजीटल रुप से सशक्त बनाने तथा आधुनिक कृषि तकनीक तक पहुंच आसान बनाने का बड़ा हीं सशक्त माध्यम है।जिसे गुगल प्लेटफार्म स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है।

### विधायक को जिला परिषद एवं पंचायती राज समिति का सभापति बनाये जाने पर कार्यकताओं में खुशी

**डंडखोरा/कटिहार (नबिटासं)।** स्थानीय विधायक दुलाल चंद्र गोस्वामी को जिला परिषद एवं पंचायती राज समिति का सभापति मनोनीत किये जाने पर एनडीए कार्यकताओं में खुशी व्याप्त है। तो वहीं आमजनों ने भी विधायक को शुभकामना दी है।मंत्रिमंडल विस्तार में कटिहार की उपेक्षा से एनडीए कार्यकताओं के बीच की व्याप्त नाराजगी इस मनोनयन से कम हीं नहीं लगभग समाप्त होता दिखने लगा है। मनोनयन की खबर मिलते हीं प्रखंड एनडीए कार्यकर्ता एक दूसरे से मिलकर और अबीर-गुलाल लगाते हुए बधाई दे रहे हैं।तो वहीं कार्यकताओं ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन नेतृत्व के प्रति आभार प्रकट किया है। बिहार विधान सभा के अध्यक्ष द्वारा विधायक दुलाल चंद्र गोस्वामी को बिहार विधानसभा जिला परिषद एवं पंचायती राज समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। विधायक की इस उपलब्धि पर लोगों ने उन्हें बधाई दी है।विधायक को बधाई देने वालों में भाजपा प्रखंड अध्यक्ष आलोक चौहान,जदयू प्रखंड अध्यक्ष कुंदन महतो, भाजपा जिला उपाध्यक्ष आलोक मंडल, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष नरेश मंडल, जिला परिषद सदस्य मुकेश पोद्दार, पूर्व प्रमुख सूरज साह, रमेश मंडल,निर्मल विश्वास, राजकुमार मिश्रा,संतोष साह,हरिमोहन सिंह, सुशील मंडल,उप प्रमुख सहेन्द्र प्रसाद मंडल,प्रकाश हांसदा,कुलदीप राय, संतोष गुप्ता,युवराज मंडल, मनोज गुप्ता,इजहार खॉ,महेन्द्र चौधरी,बसंत चौहान,श्याम प्रकाश केवट, शंकर पोद्दार सहित सैकड़ो अन्य शामिल हैं।

### बकरीद पर्व को लेकर कुबार्नी के लिये बकरे खरीद की खरीददारी

**मनसाही/कटिहार (नबिटासं)।** 28 मई को बकरीद का त्यौहार मनाया जाएगा । इसको लेकर रविवार को मनसाही हाट में बकरा के खरीददारी के लिए मुस्लिम भाइयों की काफी भीड़ देखी गई। मौके पर बकरा खरीद रहे लोगों ने कहा कि 28 मई गुरुवार को बकरीद का त्यौहार मनाया जाएगा। इसको लेकर हम सभी लोग हाट में बकरा खरीदने आए हैं दस हजार से लेकर एक लाख तक में बकरा की खरीद बिक्री हो रही हैं।

# राजधानी एक्सप्रेस में चला मेगा चेकिंग अभियान

**6 घंटे में ₹2.10 लाख जुमार्ना वसूला**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** कटिहार रेलमंडल के रेलवे मजिस्ट्रेट गौरव के नेतृत्व में राजधानी एक्सप्रेस ट्रेनों में पहली बार औचक सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस कार्रवाई से बेटिकट यात्रियों, दलालों और रेल राजस्व को नुकसान पहुंचाने वालों में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार कटिहार स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या-1 पर ट्रेन संख्या 12424 राजधानी एक्सप्रेस के खुलने से पूर्व रेलवे मजिस्ट्रेट गौरव अपनी विशेष टीम के साथ ट्रेन में पहुंचे और सभी कोचों की गहन जांच का निर्देश दिया।

इसके बाद चलती ट्रेन में कटिहार से किशनगंज तक लगातार चेकिंग अभियान चलाया गया। वहीं वापसी के दौरान ट्रेन संख्या 20505 राजधानी एक्सप्रेस में भी कटिहार तक सघन जांच की गई। इस दौरान अप एवं डाउन



दोनों दिशाओं में कुल 26 बेटिकट यात्रियों को पकड़ा गया। जिनसे कुल ₹2,10,320 जुमार्ना वसूला गया। चेकिंग के दौरान एक और बड़ी सफलता तब मिली जब रेल पुलिस ने 3 एसी कोच से लावारिस हालत में रखे गए दो बड़े पैकेटों से गांजा बरामद किया। बरामद सामान को जब्त कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। रेलवे मजिस्ट्रेट की इस ताबड़तोड़ कार्रवाई से जहां रेल राजस्व को नुकसान पहुंचाने वालों में अफरा-तफरी मच गई। वहीं कई सफेदपोशों को भी बड़ा झटका लगा है। महज 6 घंटे के अभियान में लाखों रुपये की वसूली कर रेलवे प्रशासन को रिपोर्ट सौंपते हुए राशि रेल खजाने में जमा कराने का निर्देश दिया गया। रेल में पहली बार इस तरह से संपन्न हुई मजिस्ट्रेट चेकिंग ने एक रिकॉर्ड कायम किया है। रेल में सप्ताह के अंतिम तीन दिन चेकिंग डे होता है। जिस दौरान रेलवे मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में चेकिंग टीम द्वारा निर्धारित अलग अलग रेलखंड में चेकिंग किया जाता है। वही रेलवे एक्ट में चेकिंग के दौरान पकड़े जाने पर जुमार्ना के अलावा जेल का भी प्रावधान है। इधर रेल प्रशासन ने भी पूरे मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की बात कही है। इस विशेष अभियान में रेलवे मजिस्ट्रेट गौरव के साथ पेशकार कुलदीप कुमार सिन्हा,नवीन कुमार,प्रिंस कुमार, आदित्य नंदन, बॉडीगार्ड विश्वास समेत 20 आरपीएफ जवान, 15 जीआरपी कर्मी एवं 18 वाणिज्य कर्मी मौजूद रहे।

# संगठन सृजन और डिजिटल सदस्यता अभियान से कांग्रेस को मिलेगी नई धार : संजय सिंह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जिला कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र आश्रम में रविवार को कांग्रेस पार्टी के ह्यसंगठन सृजन साथी अभियानह्ण के तहत एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य बदलते राजनीतिक परिदृश्य में कांग्रेस संगठन को पंचायत स्तर से लेकर जिला स्तर तक मजबूत,सक्रिय और धारदार बनाना रहा। कार्यक्रम में इमाम अली चिंटू, पिंटू चौधरी, हर्षवर्धन सिंह और अर्बन अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने कहा कि पारदर्शी डिजिटल सदस्यता अभियान के जरिए युवाओं और समाज के सभी वर्गों को कांग्रेस की विचारधारा से जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि जब पंचायत और प्रखंड स्तर पर संगठन मजबूत होगा, तभी कांग्रेस एक मजबूत राजनीतिक विकल्प के रूप में उभरेगी। इस



मौजूद नेताओं और कार्यकताओं ने संगठन के विस्तार,जनसंपर्क और डिजिटल सदस्यता अभियान को गति देने का सामूहिक संकल्प लिया। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी अर्बन के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने की। जबकि संचालन विमल सिंह बेगानी ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए नेताओं ने कहा कि वर्तमान समय में संगठन को पूरी तरह गतिशील और मजबूत बनाने की आवश्यकता है। संगठन सृजन अभियान के तहत कार्यकताओं को नई जिम्मेदारियां दी जा रही हैं और सदस्यता अभियान को डिजिटल माध्यम से संचालित किया जाएगा।

नेताओं ने बताया कि नए सदस्यों को ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से जोड़ा जाएगा, जिसके लिए सदस्यता शुल्क ₹50 निर्धारित किया गया है। जिला संगठन सृजन प्रभारी नीरज सिंह उर्फ छोटू सिंह, कार्यक्रम में कांग्रेस पूर्व विधायक डॉ. शकील अहमद खान,अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव तौकीर आलम,आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय संयोजक डॉ० विपिन कुमार सिंह, बिहार प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता प्रेम राय, अररिया कांग्रेस प्रभारी नैयर मसूद खान, प्रदेश अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष अल्तमश दीवान, सऊद मुखिया, पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष सौरव कुमार, जिला प्रवक्ता पंकज कुमार तंमाखुवाला,नगर अध्यक्ष पुतुल सिंह और रिंकू मिश्रा, शाहनवाज खान,आनंद सिंह, प्रदीप पासवान, विक्रम कुमार पासवान सहित कई नेताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इसके अलावा विभिन्न प्रखंड अध्यक्षों और महिला कांग्रेस, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ, आईटी सेल तथा अन्य प्रकोष्ठों से जुड़े बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

# कोढ़ा के डीएसपी रंजन कुमार सिंह का तबादला सुनील कुमार शर्मा संभालेंगे जिम्मेदारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोढा (कटिहार)।** जिले के पुलिस प्रशासन में एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक बदलाव किया गया है। कोढ़ा के डीएसपी रंजन कुमार सिंह का तबादला कर दिया गया है। उनके स्थान पर अब सुनील कुमार शर्मा को कोढ़ा का नया डीएसपी नियुक्त किया गया है। इस बदलाव को लेकर प्रशासनिक हलकों के साथ-साथ स्थानीय लोगों में भी चर्चा का माहौल बना हुआ है। रंजन कुमार सिंह ने अपने कार्यकाल के दौरान क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई। उनके नेतृत्व में कई आपराधिक मामलों का सफल उद्भेदन



हुआ तथा क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता भी बढ़ी। आम जनता के बीच उनकी छवि एक सख्त लेकिन न्यायप्रिय अधिकारी के रूप में बनी रही। उन्होंने अपने कार्यकाल में अपराध नियंत्रण के साथ-साथ सामाजिक समरसता बनाए रखने पर भी विशेष ध्यान दिया। वहीं नए डीएसपी के रूप में नियुक्त सुनील कुमार शर्मा से भी बेहतर कार्यशैली और सख्त प्रशासन की उम्मीद की जा रही है। माना जा रहा है कि वे अपने अनुभव और कार्यकुशलता के बल पर क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ करेंगे।प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि यह तबादला नियमित प्रक्रिया के तहत किया गया है, जिसका उद्देश्य प्रशासनिक कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाना है। ऐसे बदलाव समय-समय पर होते रहते हैं, जिससे कार्य में नई दृष्टि और ऊर्जा का संचार होता है। इधर रंजन कुमार सिंह के तबादले के बाद उनके समर्थकों और क्षेत्र के कई लोगों ने उनके कार्यों की सराहना की है।

# स्मैक के धंधेबाज गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी (कटिहार)।** मनिहारी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या दो से स्मैक तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया। गिरफ्तार दीपक कुमार महतो पिता लालू महतो के घर की तालाशी के दौरान पुलिस ने 5.20 ग्राम स्मैक, एक एल्यूमिनियम फायल, वजन करनेवाला तीन इलेक्ट्रानिक तराजू सहित 1.23.570 नगदी बरामद की है। इस संदर्भ में मनिहारी थाना मे मामला दर्जकर पुलिस अग्रतर कार्रवाई मे जूट गयी है. मनिहारी थानाध्यक्ष संतोष कुमार झा के तेतृत्व मे नशे के सौदागरों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई से धंधेबाजों में हडकंप है।

# सुहागिन महिलाओं ने पति की लंबी उम्र के लिए रखा व्रत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** शहरी क्षेत्र मे वट सावित्री व्रत को लेकर काफी चहल-पहल देखी गई।एक दिन पुर्व से उपवास में रहकर सोलह श्रृंगार से सुसज्जित सुहागिन महिलाएं झुंड में अपने पति की लंबी आयु के लिए वटवृक्ष के पास जाकर विधि-विधान से ब्रम्हा सहित सावित्री की पूजा-अर्चना की तथा वृक्ष की सात परिक्रमा कर धागा बांधा। वहीं पुरोहितों के मुख से वट-सावित्री व्रत कथा सुनकर उन्हें दक्षिणा दिया।

वट सावित्री व्रत को लेकर खासकर नव विवाहिताओं में काफी उल्लास रहा।उनके पति एवं परिजनों की ओर से नया वस्त्र एवं पूजन को



लेकर विशेष सामग्री उपलब्ध कराया।वहीं पति भी साथ रहकर पूजा आदि संपन्न कराया। इस दौरान सुहागिन महिलाओं को भोजन कराने की प्रथा भी देखी गई।वट सावित्री व्रत पूजन को लेकर दोपहर बाद तक सभी वटवृक्षों के पास मेला जैसा दृश्य नजर आ रहा था।वहीं किशोर-किशोरियों का झुंड प्रसाद के लिए जमा नजर आये।उनके द्वारा व्रतियों का यथासंभव मदद करते और प्रसाद पाकर गदगद होते देखे गये।

# बावनगंज विद्यालय में स्काउट-गाइड प्रशिक्षण का समापन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोढा (कटिहार)।** कोढ़ा प्रखंड क्षेत्र के बावनगंज मध्य विद्यालय एवं उच्च विद्यालय में भारतीय स्काउट और गाइड के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और अपने सीखे हुए कौशल का प्रदर्शन किया। समापन समारोह का उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं भी उपस्थित रहे और उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। तीन दिनों तक चले इस



प्रशिक्षण शिविर में छात्र-छात्राओं को अनुशासन, सेवा, नेतृत्व क्षमता, प्राथमिक उपचार, टीम वर्क तथा आपदा प्रबंधन जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने स्काउट और गाइड से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का प्रदर्शन किया, जिसमें गांठ बांधना, प्राथमिक चिकित्सा के तरीके, ध्वज सम्मान और परेड शामिल थे। इन प्रस्तुतियों को देखकर उपस्थित अतिथियों एवं शिक्षकों ने बच्चों की जमकर सराहना की। प्रधानाध्यापक ने अपने संबोधन में कहा कि स्काउट और गाइड प्रशिक्षण छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। इससे बच्चों में आत्मनिर्भरता,अनुशासन और समाज सेवा की भावना विकसित होती है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम बच्चों के भविष्य को संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिक्षकों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से छात्रों में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार हुआ है। उन्होंने बताया कि शिविर के दौरान बच्चों ने पूरी लगन और उत्साह के साथ सभी गतिविधियों में भाग लिया और नई-नई चीजें सीखीं।कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

# जमीन हड़पने की कोशिश से त्रस्त वृद्ध महिला ने सीओ से लगाई न्याय की गुहार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोढा (कटिहार)।** कोढ़ा प्रखंड क्षेत्र के बिसनपुर पंचायत के धूमगढ़ गांव की एक असहाय वृद्ध महिला ने अपने ही परिजनों पर जमीन हड़पने की कोशिश और प्रताड़ना का गंभीर आरोप लगाते हुए अंचलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता मसोमात चंपा देवी पति स्वर्गीय साधुशरण साह ने अंचल कार्यालय में लिखित आवेदन देकर अपनी पुश्तैनी जमीन की सुरक्षा की मांग की है।दिए गए आवेदन के अनुसार, चंपा देवी अपने पति के हिस्से की जमीन पर वर्षों से खेती-बाड़ी कर अपना जीवन यापन कर रही हैं। यह



जमीन पंचनामा के तहत उनके स्वर्गीय पति के हिस्से में आई थी। जिस पर उनका वैध कब्जा बना हुआ है। लेकिन हाल के दिनों में उनके ही कुछ फरीक परिजन बेइमानी की नीयत से उक्त जमीन को हड़पने की कोशिश कर रहे हैं। पीड़िता का आरोप है कि विरोध करने पर उनके साथ मारपीट और मानसिक प्रताड़ना भी की जा रही है। चंपा देवी ने अपने आवेदन में उल्लेख किया है कि नामांतरण वाद संख्या 436/2026-27 के तहत उक्त जमीन का मामला वर्तमान में भूमि सुधार उप समाहर्ता, कटिहार के न्यायालय में विचाराधीन है। ऐसे में उन्होंने अंचलाधिकारी से अनुरोध किया है कि जब तक इस मामले में सक्षम न्यायालय द्वारा अंतिम आदेश पारित नहीं हो जाता। तब तक नामांतरण की प्रक्रिया पर रोक लगाई जाए।पीड़िता ने यह भी कहा कि वह एक असहाय वृद्ध महिला हैं और उनके पास अपनी जमीन की रक्षा के लिए कोई अन्य सहारा नहीं है। ऐसे में प्रशासन से उन्हें न्याय की उम्मीद है। उन्होंने अंचलाधिकारी से करुणा और निष्पक्षता के आधार पर हस्तक्षेप करने की अपील की है। ताकि उनकी पुश्तैनी जमीन सुरक्षित रह सके और उन्हें आगे किसी प्रकार की प्रताड़ना का सामना न करना पड़े। अब देखना यह है कि प्रशासन इस मामले में क्या कार्रवाई करता है और पीड़ित महिला को कब तक न्याय मिल पाता है। फिलहाल चंपा देवी की निगाहें अंचल प्रशासन और न्यायालय के निर्णय पर टिकी हुई हैं।

# बाढ़ पूर्व तैयारी को लेकर अनुश्रवण समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** प्रखंड मुख्यालय मनसाही के प्रखंड सभागार में अनुश्रवण समिति की बैठक अंचलाधिकारी मनसाही मो. इस्माइल की अध्यक्षता में की गई। बैठक में प्रखंड के सातों पंचायत के जनप्रतिनिधि के बीच विभिन्न तरह के चर्चा हुई। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने बिजली की समस्या पर भी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी के समक्ष बातें की जबकि जीविका के तहत सोलर लाइट आम लोगों को मिलने का प्रशंसा किया।

इस दौरान बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी सुमन कुमारी, अंचलाधिकारी मो. इस्माइल, प्रधान सहायक अरविंद कुमार, एस आई अखिलेश कुमार, कृषि



पदाधिकारी अभिषेक कुमार,बाल विकास परियोजना पदाधिकारी कमल प्रीत,पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर रिया कुमारी,अंचल निरीक्षक महबूब आलम, प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि गौतम कुमार सिंह,जिला परिषद प्रतिनिधि खुर्शीद आजाद, मुखिया सह संघ के अध्यक्ष शंकर कुमार यादव, अवधेश प्रसाद यादव, दीप नारायण पासवान, मो. तजम्मुल हक, पंचायत समिति प्रतिनिधि मोहम्मद मोफीजुद्दीन, पवन कुमार, अबू समा आदि उपस्थित रहे ।

# मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल में प्रतिभा सम्मान समारोह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया ।** मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल के विवेकानंद सभागार में रविवार को प्रतिभा सम्मान समारोह मनाया गया।कार्यक्रम का उदघाटन वैदिक मन्त्रोंच्चारण के साथ स्वामी माहेश्वरानंद जी महाराज (सचिव रामकृष्ण मिशन, कटिहार ) उर्मिला रूंगटा (ट्रस्टी आर के रूंगटा चैरिटेबल ट्रस्ट) गोपाल मंगोटिया, किरण देवी ,अनिल कुमार झा(एडीएम) एवं गौतम कुमार साह (उपाध्यक्ष नगर परिषद अररिया) ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुरूआत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों का स्वागत शाल एवं पुष्पगुच्छ देकर किया गया। उपस्थित अभिभावक एवं अभिभाकाको को अंगवस्त्र एवं बैच देकर सम्मानित किया गया। मंचासीन अतिथियों ने बच्चों को अपने उद्बोधन में उनके लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निरंतर परिश्रम करते रहने का संदेश दिए एवं









उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु रुंगटा इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट फारबिसगंज में नामांकन लेने हेतु बच्चे एवं उनके अभिभावक को प्रेरित किया गया। सम्मानित अतिथि एवं निदेशक डॉ संजय प्रधान, प्राचार्य डॉ पाराशर त्यागी द्वारा उपस्थिति लगभग 200 बच्चों को बैग,मेमोंटो एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कक्षा 10वीं एवं 12वीं के 2025-26 सत्र में उत्तीर्ण छात्र एवं छात्राएं जो 90% से 98% तक अंक प्राप्त किया था उपस्थित थे। कार्यक्रम में मंच का संचालन अभिनंदन नौटियाल जी ने किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी का पूर्ण सहयोग रहा। विद्यालय के निदेशक डॉक्टर संजय प्रधान ने सभी छात्र-छात्राओं को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद दिए। प्राचार्य डॉ पाराशर त्यागी ने भी बच्चों को सतत परिश्रम करने का संदेश दिया। ट्रस्टी गोपाल मंगोटिया ने भी बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने का संकल्प दिलाए। विद्यालय के सदस्य गौतम साह (उपाध्यक्ष नगर परिषद अररिया) ने भी अपने संदेश में बच्चों को सतत जागरूक रहने का संदेश दिया। विद्यालय के अध्यक्ष रामस्वरूप रुंगटा एवं उपाध्यक्ष महावीर प्रसाद रूंगटा ने भी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना किया और सतत सहयोग देने का भी आश्वासन दिए।कार्यक्रम में श्रीमती उर्मिला रुंगटा (ट्रस्टी आर के रुंगटा चैरिटेबल ट्रस्ट) गोपाल मंगोटिया, श्रीमती किरण देवी, गौतम साह (उपाध्यक्ष नगर परिषद अररिया) श्री अनिल कुमार (एडीएम) अररिया उपस्थित रहे।कक्षा 10वीं के छात्र छात्राओं में सृष्टि कुमारी, हर्षित राज, रौनक गुप्ता, पीयूष कुमार, यश केडिया, हमजा नवाज, शिल्पी कुमारी,दीपनिता दास गुप्ता,यशवी मित्तल, आयुष राज, इसान जमील,कनक राज, जिया गुप्ता, अदिति एवं कक्षा 12वीं से उपस्थित छात्रा छात्राओं में - ब्यूटी कुमारी, आयुष कुमार मिस्टू, रौनक गुप्ता,सुधांशु कुमार गुप्ता, श्रेया सिंह, रोहित बांठिया, इपशिता राय, मेघा कुमारी,सक्षम कुमार शाह, अंकित राय, अंतेश राज, उकवा फराज,स्नेहा कुमारी, देवराज सिंह, तृषा,स्वाति कुमारी इत्यादि उपस्थित थे।

# खड़ी कार में आग लगने से हड़कंप, असामाजिक तत्वों पर संदेह

**कुछ माह पूर्व इसी परिसर से गैस सिलेंडर की हुई थी चोरी**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा थाना क्षेत्र के तिलकपुरा गांव में शनिवार की देर रात खड़ी एक कार में आग लगने की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। इस घटना में वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। कार के मालिक शिक्षक कमलेश कुमार ने मामले को लेकर हसपुरा थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार, कमलेश कुमार की कार हाईस्कूल के समीप उनके कॉपी बाइंडिंग केंद्र के सामने खड़ी थी। शनिवार की रात करीब आधी रात को अचानक कार से आग की लपटें उठती देख आसपास के लोगों ने उन्हें सूचना दी। मौके पर पहुंचे वाहन मालिक ने देखा कि कार के अगले हिस्से में भीषण आग लगी हुई है। ग्रामीणों के सहयोग से किसी तरह आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक वाहन बुरी तरह जल चुका था। घटना के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है, हालांकि स्थानीय लोगों और वाहन मालिक ने असामाजिक तत्वों पर संदेह जताया है। ग्रामीणों का कहना है कि हाईस्कूल के आसपास नशा करने वालों का जमावड़ा अक्सर लगा रहता है। कुछ माह पूर्व इसी परिसर से गैस सिलेंडर चोरी की घटना भी सामने आई थी, जो बाद में बरामद कर ली गई थी। लोगों का मानना है कि इस आगजनी की घटना में भी असामाजिक तत्वों का हाथ हो सकता है। पुलिस से मामले की जांच कर दोषियों तक पहुंचने की मांग की गई है।



## निजी विद्यालय संघ ने तय की गर्मी की छुट्टी की तारीख

**नबिटा संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** मौलाबाग स्थित संत माइकल स्कूल में निजी विद्यालय संघ की मासिक बैठक रविवार को की गई। अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष देवदत्त पाठक और संरक्षक विजय कुमार ने की। संघ की मजबूती एवं सरकार के नियमों के पालन हेतु सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों एवं निर्देशकों को जागरूक किया गया। विद्यालय के नवीनीकरण के लिए कागजात तैयार करने की सलाह दी गई। विद्यालय के सभी संचालक को अवकाश तालिका प्रदान की गई, ताकि सभी विद्यालय संघ के नियमों के अनुसार नियमित संचालित हो सकें। सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि इस वर्ष ग्रीष्मावकाश 25 मई से लेकर 13 जून 2026 तक रहेगी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जिस बच्चे का मासिक शुल्क जमा नहीं हुआ है और वह किसी दूसरे विद्यालय में नामांकन कराता है तो पूर्व विद्यालय से यू डायस प्लस से अपने नाम को ड्राप बॉक्स में डाला जाए। इसकी जानकारी बच्चों के अभिभावक को अवश्य ही दें ताकि बच्चे के नामांकन लेने में किसी भी विद्यालय को परेशानी का सामना करना न पड़े।

# तेज गर्मी से जन-जीवन प्रभावित, 42 डिग्री सेल्सियस पहुंचा तापमान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले में एक बार फिर से उमस भरी गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। बीते कुछ दिनों से तीखी धूप और चिलचिलाती गर्मी ने आम जनजीवन को प्रभावित किया है। रविवार को जिले का अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया, जिससे लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया। वहीं तपन व उमस भरी गर्मी ऐसी कि कूलर-पंखा सब फेल हो जा रहा है। घर के बाहर लोगों को कहीं भी सुकून नहीं मिल रहा था। सुबह नौ बजे के बाद लोग अपने घरों में दुबक जा रहे हैं। दोपहर में शहर की सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है। घर से बाहर निकले लोग लू के थपेड़ों से परेशान रहते हैं। थोड़ी दूर चलने पर लोग पसीना-पसीना हो जाते हैं। इस कारण लोग बार-बार पानी या जूस भी पीते रहे। तपिश इतनी तेज है कि दिन में बाहर धूप में निकलना थर्ड डिग्री की सजा से कम नहीं है। सुबह से ही सूरज देवता पूरे रौब में नजर आते हैं। विद्यालय जाने वाले बच्चे, कार्यालय जाने वाले कामकाजी सभी गर्मी के प्रकोप से परेशान हैं। सभी को राहत की तलाश है। सदर अस्पताल के चिकित्सक डा. देवाश्री सिंह ने कहा कि अगर आप हर थोड़ी देर में पानी के छींटे अपने चेहरे पर मारते हैं तो आप तरोताजा महसूस करते हैं। जानकार बताते हैं कि धूप में निकलने से परहेज करें। अगर निकलना पड़े तो अपने चेहरे को पूरी तरह ढंक कर निकले। इससे आपकी त्वचा ठीक रहेगी। गर्मियों के मौसम में वैसे तो हर कोई धूप से निकलने से बचता लेकिन अगर निकलना बहुत जरूरी हो तो इसे टाला भी नहीं जा सकता। धूप में निकलने से सबसे ज्यादा डर लू लगने का बना रहता है। अगर किसी का शरीर गरम हो और कान ठंडे हो तो कहा जा सकता है कि उसे लू लगी हूई है। अगर चाहे तो थोड़ी सी सावधानी रखकर इससे बच सकता है। इससे बचाव के लिए ठंडा पानी, आइसक्रीम, तेज धूप एवं गर्मी से बचने की जरूरत है। कहा कि पानी ज्यादा पीना है हो सके तो नारियल का सेवन करें। ताजा फल के जूस भी गर्मी में शरीर के लिए लाभदायक है। खीरे और तरबूज का सेवन करें। इससे पेट तो भरेगा ही शरीर में पानी भी जाता रहेगा। खीरे और तरबूज में प्रचुर मात्रा में पानी होता है।

## गुमशुदा युवक सकुशल बरामद

**औरंगाबाद/नबिटा सं।** गुमशुदा युवक को सिमरा पुलिस ने सकुशल बरामद किया है। युवक की पहचान थाना क्षेत्र के अमरपुर गांव निवासी कुणाल चौहान के 18 वर्षीय पुत्र शुभम कुमार के रूप में की गई है। यह बीते 12 मई 2026 से लापता था, इस संबध में परिजनों ने गुमशुदगी का रिपोर्ट लिखवाया और खोजबीन की मांग की। मामले की गंभीरता के आधार पर पुलिस ने गुमशुदा युवक को पुलिस ने रविवार को सकुशल बरामद कर लिया है।

# धीरज पाठक बनाये गए संज्ञा समिति के संयोजक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** शहर के गोला रोड स्थित संजय मिश्रा के आवास पर संज्ञा समिति गया धाम की बैठक डा. पंकज मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। गायत्री मंत्र एवं भगवान भाष्कर के मंत्र से शुरुआत की गई। कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। संगठन के विस्तार हेतु पुनः सर्व समिति से धीरज कुमार पाठक को संयोजक बनाया गया। कार्यकारिणी समिति में उपेंद्र पाठक, युगल किशोर मिश्रा, धनंजय मिश्रा एवं राहुल मिश्रा को शामिल किया गया। उपाध्यक्ष भाजपा नगर अध्यक्ष श्याम कुमार पाठक को बनाया गया। नए दायित्वों का निर्वहन करने के लिये समाज का मूल मंत्र बतलाया गया। संगठन द्वारा चयनित पदाधिकारीयों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। डॉ पंकज मिश्रा ने कहा कि संज्ञा समिति गया धाम को मजबूती प्रदान करने हेतु इस कार्यक्रम को किया गया है। समाज के कमजोर वर्ग के छात्र छात्राओं को उच्च शिक्षा हेतु एवं संस्कृति के संरक्षण हेतु भी हम सभी की भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। कार्यक्रम का संचालन सचिव संजय मिश्रा ने किया। राजेंद्र मोहन मिश्रा, राकेश मिश्रा, संतोष पाठक, सोनू पाठक, संतोष मिश्रा, सोनू मिश्रा, दीपक कुमार पाठक, पिंटू पाठक, संजय पाठक उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष अशोक पांडेय ने पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।




## शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार, बाइक जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड अंतर्गत कासमा थाना पुलिस ने अवैध शराब कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से 48 लीटर देशी शराब बरामद की है तथा एक मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है। थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने बताया कि बीती रात गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के ग्राम खैरी मोड़ इंजीनियरिंग कॉलेज के पास वाहन जांच एवं छापेमारी अभियान चलाया गया। इसी दौरान पुलिस ने संदिग्ध स्थिति में एक मोटरसाइकिल को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान बाइक से कुल 48 लीटर देशी शराब बरामद हुई। पुलिस ने मौके से शराब तस्कर सिकंदर यादव, पिता लखन यादव, निवासी ग्राम खैरी इटावाँ को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार तस्कर के पास से अपाची मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है।

## मारपीट मामले का आरोपित गिरफ्तार

**रफीगंज (औरंगाबाद)/नबिटा संवाददाता।** रफीगंज थाना पुलिस ने मारपीट के एक पुराने मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान जाखिम गांव निवासी महेश प्रजापति के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अप्रैल माह में हुई मारपीट की घटना को लेकर मुसाफिर प्रजापति द्वारा रफीगंज थाना में कांड संख्या 126/26 दर्ज कराया गया था। इस मामले में महेश प्रजापति नामजद आरोपी था और घटना के बाद से ही फरार चल रहा था। पुलिस उसकी तलाश में लगातार छापेमारी कर रही थी, लेकिन वह गिरफ्त से बाहर था।

### एक नजर

## जिला मुख्यालय में रामबिलास सिंह की प्रतिमा लगाने की मांग

**दाउदनगर (औरंगाबाद) /नबिटा सं।** जिला मुख्यालय स्थित दानी बिगहा बस स्टैण्ड सह व्यवसायिक परिसर में पूर्व मंत्री स्व. रामविलास सिंह की प्रतिमा लगाने के संबंध में जिला परिषद अध्यक्ष प्रमिला देवी ने एक पत्र जिला पदाधिकारी को लिखा है। इसमें उन्होंने कहा है कि जिला परिषद की साधारण बैठक 15 जुलाई 2023 एवं 27 जनवरी 2024 में दानी बिगहा बस स्टैण्ड-सह-व्यवसायिक परिसर में पूर्व मंत्री स्व.रामविलास सिंह की प्रतिमा लगाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित है। जिसकी सम्पुष्टि 11 जुलाई 2024 की जिला परिषद की साधारण बैठक में की गयी है। दानी बिगहा बस स्टैण्ड-सह- व्यवासयिक परिसर जिला परिषद की परिसम्मति है। अतः उक्त स्थल पर पूर्व मंत्री स्व. रामविलास सिंह की प्रतिमा लगाने की कृपा की जाए। मालूम हो कि इस स्थान पर प्रतिमा को लेकर बीते लगभग डेढ़ साल से विवाद चल रहा है।

## जल स्तर खिसकने से पेयजल संकट गहराया

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड के दर्जनों गांव में 20 से 30 फीट पानी का जल स्तर नीचे चला गया है। जिससे सैकड़ों चापाकल बंद हो गया है। प्रखंड के टाल, सोनहथु, बिहटा, डिहुरी, अहियापुर, जखौरा, भौली, सोनबरसा, झिंगुरी ईटवां, अलपा गांव के अलावा अन्य गांवों में जल स्तर खिसक गया है। जिससे चापाकल पानी नहीं के बराबर दे रहा है। बताया जा रहा है जिस घर में समरसेबल मोटर पंप चापाकल है। वहां पानी की दिक्कत नहीं है। लेकिन गांव के अधिकतर महादलित व कमजोर वर्ग का टोला में चापाकल पानी देना बंद कर दिया है। जिससे उनके समक्ष पेयजल समस्या बनी हुई है। हालाकि जिस गांव में नल जल योजना चालू है वहां के लोग पानी स्टॉक रख काम चला रहे है। ऐसे में नल जल योजना का पानी ज्यादा बर्बाद ही हो रहा है। जिसका मुख्य कारण पाइप लिकेज बताया जा रहा है। ग्रामीणों ने पीएचईडी विभाग से गहराता जा रहा पेयजल समस्या को दूर करने की मांग की है।

## दो पक्षों के बीच मारपीट में दर्जनों घायल

**मदनपुर।** भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट के दौरान दर्जन भर लोग घायल हो गए। घटना मदनपुर थाना क्षेत्र के गोंगरा गांव की है। सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज किया गया। घायलों में उस गांव निवासी मुकेश मेहता की पत्नी धर्मवती देवी, रामचंद्र मेहता के पुत्र उपेन्द्र कुमार, रामवृक्ष मेहता के पुत्र भरत मेहता, स्व. राकेश कुमार की स्वाती कुमारी, मंजू कुमारी, रामशीला देवी, प्रभात कुमार रंजन, मुकेश मेहता, रामचंद्र मेहता, रंजन कुमार राज, रिना कुमारी, पवन मेहता एवं धीरज कुमार शामिल हैं। घायलों में तीन लोगों को गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सक द्वारा बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल में रेफर कर दिया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही थाना के एसआई रोहित कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर जायजा लिया। दोनों पक्षों की ओर से थाना में आवेदन दी गई है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## नशेड़ी पति को कराया गिरफ्तार

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के खैरी गांव दिनेश यादव की पत्नी कलावती देवी ने नशे की लत में मारपीट एवं कलह से तंग आकर रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज करा पति दिनेश यादव को गिरफ्तार करवा दिया। पत्नी ने आवेदन में उल्लेख्य किया है कि पति बराबर नशा कर घर में मुझे तथा बाल बच्चों के साथ मारपीट करते हैं। पूर्व में भी शराब पीने के मामले में रफीगंज थाना द्वारा भेजा गया था। जो जुर्माना देकर मुक्त हो गए थे। फिर भी जो भी कमाते हैं शराब पी जाते हैं। खर्चा खुराक भी नहीं जुटते हैं। खर्चा खुराक मांगने पर 16 मई को मारपीट किया। थानाध्यक्ष शंभू कुमार में बताया कि ब्रेथ एनालाइजर मशीन से नशे की जांच एवं पुष्टि के बाद कागजी कार्रवाई उपरांत अग्रेतर कार्रवाई हेतु औरंगाबाद न्यायालय भेज दिया गया है।

# चोरी के सामान के साथ तीन गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** थाना क्षेत्र में एक घर से हुई चोरी की घटना का उद्भेदन पुलिस ने किया है। यह घटना 28 मार्च को हुई थी। रविवार को पुलिस ने बताया कि शनिवार की रात दुर्गा पथ स्थित एक ज्वेलरी दुकानदार से चोरी गयी सोने चांदी के सामान बरामद किया गया है। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि मामले में अप्राथमिकी आरोपित छोटू कुमार उर्फ गुड्डू राजवंशी, साकिन- तरारी, रवि रंजन कुमार साकिन- ग़मसागर एवं पंकज कुमार साकिन कसेरा टोली को गिरफ्तार किया गया है। दुकानदार के पास से सोना 10.23 ग्राम और चांदी 301 ग्राम बरामद किया गया है। बताया कि इस कार्रवाई में एसआई व आईओ प्रेम रौशन, परमानंद यादव, सुधीर कुमार व अभिषेक कुमार शामिल थे।



# औरंगाबाद के व्यापारिक एवं औद्योगिक विकास के लिए हर संभव करेंगे सहयोग : विधायक



व्यवसायियों की समस्याओं और व्यापारिक विकास को लेकर चैम्बर ऑफ कॉमर्स की विधायक संग बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** चैम्बर ऑफ कॉमर्स औरंगाबाद कार्यालय में सदर विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह के साथ व्यवसायियों की समस्याओं एवं औरंगाबाद के व्यापारिक विकास को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता चैम्बर ऑफ कॉमर्स के चेयरमैन मुकेश कुमार गुप्ता ने की। बैठक में चैम्बर ऑफ कॉमर्स के संरक्षक राजकुमार लहरी, राजू गुप्ता, नवीन कुमार (टीपू), उपाध्यक्ष अजीत कुमार, राजेश कुमार, संयुक्त सचिव संतोष कुमार सहित कार्यकारिणी सदस्य एवं शहर के कई प्रतिष्ठित व्यवसायी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान व्यवसायियों से जुड़े विभिन्न जनहित एवं व्यापारिक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। चैम्बर ऑफ कॉमर्स की ओर से विधायक को एक मांग पत्र भी सौंपा गया, जिसमें व्यवसाय सहायता कार्यालय की स्थापना, उद्योग एवं स्टार्टअप को बढ़ावा देने, व्यापारिक आधारभूत सुविधाओं के विकास, सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने, पार्किंग की समस्या के समाधान, बिजली आपूर्ति सुधारने एवं यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने जैसी प्रमुख मांगें शामिल थीं। इसके अलावा अंदर बाजार क्षेत्र में सुलभ शौचालय निर्माण की आवश्यकता को भी प्रमुखता से उठाया गया, ताकि बाजार आने वाले ग्राहकों एवं व्यवसायियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सके। विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने व्यवसायियों की सभी समस्याओं एवं मांगों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि व्यापारियों एवं आम जनता से जुड़े हर मुद्दे के समाधान के लिए सकारात्मक पहल की जाएगी। उन्होंने कहा कि औरंगाबाद के व्यापारिक एवं औद्योगिक विकास के लिए हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। बैठक सौहार्दपूर्ण एवं सकारात्मक माहौल में संपन्न हुई। चैम्बर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में औरंगाबाद के व्यापारिक एवं औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी।


**Road Construction Department**
**Office of the Executive Engineer**
**RCD, Road Division No. 1, Aurangabad (Bihar)**
**Road Construction Department Bihar, Patna**
e-mail:- eercdaurangabad01@gmail.com

Govt. of Bihar

**MBD BASED DETAILED NOTICE INVITING e-TENDER**
**(Through e-procurement mode only https://eproc2.bihar.gov.in)**
***NIT No. 01/OPRMC-III/AUR/01/2026-27***

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | Designation and Address of the Advertiser | : | The Executive Engineer, RCD, Road Division No. 1, Aurangabad, Road Construction Department, Bihar |
| 2. | Date of Issue of Notice Inviting Tender | : | Date:11/05/2026. |
| 3. | Period For Download of Tender Document | : | From 26/05/2026 to 04/06/2026 up-to 15:00 hrs. (From Website: https://eproc2.bihar.gov.in ) only |
| 4. | Date, Time & Place of Pre-Bid Meeting | : | Date: 29/05/2026, at 11:00 AM |
| 5. | Last Date & Time for Uploading Tender Document by Bidder | : | 04.06.2026 Upto 15:00 hrs. on Website: (https://eproc2.bihar.gov.in ) Only. |
| 6. | Date, Time & Place of Opening of Technical Bid (By the office of the Executive Engineer , RCD, Road Division No. 1, Aurangabad, RCD, Bihar) | : | Date- 04.06.2026 at 15:30 hrs. On Website: https://eproc2.bihar.gov.in |
| 7. | Date, Time & Place of opening of Financial Bid | : | To be announced by the Office of the Executive Engineer, RCD, Road Division No. 1, Aurangabad, RCD, Bihar after approval of Technical Bid by Competent Authority. (on Website https://eproc2.bihar.gov.in |

**8.The Executive Engineer, RCD, Road Division No. 1, Aurangabad, Road Construction Department, Bihar on behalf of Governor of Bihar invites bids for the works detailed below:**

**Project Scope & Duration:**

To undertake Ordinary Maintenance Works, Initial Rectification Works, Periodic Maintenance Works including re-application of Road Marking, Minor Improvement Works including Strengthening Works and Emergency & Contingent Works on Roads under the Package/s, for total length of as described in S.No. 9 below.

The Maintenance Works shall also include the Cross Drainage Works, Minor Works on Culverts and Roadside Maintenance within the selected road limits.

Ordinary Maintenance Works and Services shall be carried out under Output & Performance-Based Road Assets Maintenance Works on a lump sum basis and shall be paid monthly.

Initial Rectification Works and Periodic Maintenance Works including re-application of Road Marking shall be paid on measured quantity to the value of the lump sum in km.

Minor Improvement Works including Strengthening Works, Emergency and Contingent Works shall be paid on the basis of actual executed quantities of the items.

This Contract requires the specialized maintenance equipment and the contract obligations is for a period of 7 years (84 months).

**9. Details of works:**

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Serial / Package No. | District/ Road Division | Name of Roads | Length (Kms) | Cost of BOQ (To be paid through online mode) (Non-Refundable) (in INR) | Bid Processing Fee (To be paid through online mode) (Non-Refundable) (in INR) | Estimated Cost Value (ECV) in INR Lakh | Earnest Money/ Bid Security in INR Lakh | Name of the Office where the Original Instrument of EMD, if paid offline in form of BG has to be submitted |
| **First Package No. 44A** | | | | | | | | |
| 01/44A | RCD, Road Division. No. 1, Aurangabad | Deo More to Deo Road (Ch.0.00 to 5.20) | 5.200 | 10000.00 | As per eproc 2.0 | 17657.37000 | 186.57370 | Office of the Executive Engineer, RCD, Road Division No. 1, Aurangabad |
| | | Kutumba Urban Link Road (Ch.0.00 to 2.237) | 2.237 | | | | | |
| | | Barun Navinagar Link Road (Ch.0.00 to 1.07) | 1.070 | | | | | |
| | | Amba Navinagar Road (Ch.0.00 to 24.00) | 24.00 | | | | | |
| | | Tetariya More to Koiridih Road (Ch.0.00 to 6.70) | 6.700 | | | | | |
| | | Navinagar Tol - Thengo Road (Ch.0.00 to 1.500) | 1.500 | | | | | |
| | | Navinagar Tol - Thengo Road (Ch.1.500 to 10.115) | 8.615 | | | | | |
| | | Barun Navinagar Road (Ch.0.00 to 35.100) | 35.100 | | | | | |
| | | Deo Belsara karhara Road (Ch.0.00 to 7.20) | 7.200 | | | | | |
| | | Kharwara Road to Baluganj Via Kataiya Jiwa Bigha Malhara Road (Ch.0.00 to 19.40) | 19.400 | | | | | |
| | | Chatra More NH-98 to Hariharganj Via Mali Navinagar Tandwa Ramnagar Road (Ch. 27.80 to 50.170) | 22.370 | | | | | |
| | | SH -101 Left Out Portion | 3.00 | | | | | |
| | | Barun Bypass (Ch.0.00 to 3.04) | 3.040 | | | | | |
| | | Chatra More NH-98 to Hariharganj Via Mali Navinagar Tandwa Ramnagar Road (Ch. 0.00 to 26.75) | 26.750 | | | | | |
| | | Deo Surykund (SH -101) to Deo Bypass (Pragati Path) | 1.00 | | | | | |
| | | Amba Deo to Madanpur (SH -101) (Ch 0.00 to 32.472) | 32.472 | | | | | |
| | | Deo ring road with paved shoulder (Ch. 0.00 to 8.60) | 8.600 | | | | | |
| | | **Total Length (44A)** | **208.254** | | | | | |
| **Second Package No. 44B** | | | | | | | | |
| 02/44B | RCD, Road Division. No. 1, Aurangabad | Old G.T. Road (2 x 3.50) | 7.000 | 10000.00 | As per eproc 2.0 | 14885.54000 | 158.85540 | Office of the Executive Engineer, RCD, Road Division No. 1, Aurangabad |
| | | Old G.T. Road (2 x 1.80) | 3.600 | | | | | |
| | | Aurangabad Hariharganj Road (2 x 1.25) | 2.500 | | | | | |
| | | Pachrukhia Fesar Aurangabad Road | 35.000 | | | | | |
| | | Mamka More to Jakhim Rly Station Road | 5.740 | | | | | |
| | | GPD(Daudnagar bazar) Road | 1.385 | | | | | |
| | | Barun Daudnagar Road | 30.500 | | | | | |
| | | Pipraura More to Diehri More Road via Baligawan, Bhadwa, Kajpa, Danai ,Gandharap ,Indrar Achuki | 39.970 | | | | | |
| | | Karma More to Bijoi High School Via Karma Pirauta Deoria Phesar Alampur Bakan Doshma Neura More Rajoi Bijoi Road | 30.385 | | | | | |
| | | Obra Bel Barahi Road | 14.690 | | | | | |
| | | Daudnagar NH-139 to Haspura Road | 14.300 | | | | | |
| | | **Total Length (44B)** | **185.07** | | | | | |
| **Third Package No. 44C** | | | | | | | | |
| 03/44C | RCD, Road Division. No. 1, Aurangabad | Amba Gaya SH-101 (Ch. 33.60 to 55.50) | 21.900 | 10000.00 | As per eproc 2.0 | 16259.78000 | 172.59780 | Office of the Executive Engineer, RCD, Road Division No. 1, Aurangabad |
| | | Dadreji Anti Rafiganj Road | 3.250 | | | | | |
| | | Uphara Thana (SH-68) to Senari Via Uphara Bazar Road | 4.775 | | | | | |
| | | Haspura Mehandia Road | 5.750 | | | | | |
| | | Pachrukhia Haspura Road | 8.00 | | | | | |
| | | Piroo - Bantara Road Km | 10.250 | | | | | |
| | | Shivganj Rafiganj Goh Uphara Deokund Baidrabad Road SH 68 (Ch. 0.00 to 62.09) | 62.090 | | | | | |
| | | Rafiganj to Koilwa More Via Poauthu Road (Ch. 35.088 to 49.213) | 14.125 | | | | | |
| | | Rafiganj Kasma Gurua Naudiha Duba Road | 16.200 | | | | | |
| | | Rafiganj to Koilwa More Via Poauthu Road (Ch. 49.213 to 70.725) | 21.512 | | | | | |
| | | Gaya to Aurangabad Via Paraiya Guraru Rafiganj (Part -B) (27.8-64.17) Km | 34.370 | | | | | |
| | | Rafiganj Bazar Bypass (0.00 to 8.00 Km) | 8.000 | | | | | |
| | | **Total Length (44C)** | **210.222** | | | | | |

**10. Period of Contract: 84 Months**

**11. Date, Time & Place of Opening of Financial Bid:** to be notified after Technical Bid Evaluation on Website: https://eproc2.bihar.gov.in

**Detailed NIT can be seen on website https://eproc2.bihar.gov.in or https://state.bihar.gov.in/prdbihar or the notice board of the office of the undersigned.**

**Executive Engineer**
**RCD, Road Division, No. 1, Aurangabad (Bihar)**
**Road Construction Department,Bihar, Patna**

PR- 003524 ( RCD ) 2026-27

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

# करोड़ों रुपए की ऑनलाइन ठगी से जुड़े बड़े नेटवर्क का पुलिस ने किया पर्दाफाश

## एक बैंक खाते से देशभर में 15 करोड़ की हुई ठगी, 205 शिकायतें दर्ज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**बरौनी।** जिला साइबर थाना की पुलिस ने करोड़ों रुपए की ऑनलाइन ठगी से जुड़े एक बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए फुलवड़िया थाना क्षेत्र से एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक का बैंक खाता देशभर में साइबर ठगी के पैसों के ट्रांजैक्शन के लिए इस्तेमाल किया जा रहा था। सबसे हैरान करने वाली बात यह सामने आई कि आरोपी ने अपना बैंक खाता महज 3 लाख 75 हजार रुपए के लालच में साइबर अपराधियों को सौंप दिया था। इसके बाद उसी खाते के जरिए अलग-अलग राज्यों में करोड़ों रुपए की ठगी को अंजाम दिया गया। जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपी के खाते से जुड़े मामलों में अब तक पूरे देश से 205 शिकायतें दर्ज हो चुकी हैं। पुलिस कार्यालय बेगूसराय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, साइबर अपराध एवं सुरक्षा इकाई पटना से सूचना मिलने के बाद साइबर थाना में कांड संख्या 34/26 दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामला भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं और आईटी एक्ट के तहत दर्ज किया गया है। जांच के दौरान साइबर थाना पुलिस ने फुलवड़िया थाना क्षेत्र अंतर्गत फुलवरिया गांव निवासी सुरेश महतो का पुत्र सुनील कुमार को गिरफ्तार किया। जब पुलिस ने आरोपी के बैंक खाते की गहन जांच की तो अधिकारियों के भी होश उड़ गए। पिछले करीब 8 महीनों में इस खाते के खिलाफ देशभर के अलग-अलग राज्यों से 205 शिकायतें NCRP पोर्टल पर दर्ज मिलीं। इन शिकायतों में ठगी गई रकम का कुल आंकड़ा करीब 15 करोड़ 25 लाख 35 हजार 307 रुपए तक पहुंच गया। पूछताछ में आरोपी ने कई सनसनीखेज खुलासे किए हैं। उसने बताया कि इस पूरे साइबर फ्रॉड नेटवर्क में तीन अन्य लोग भी शामिल हैं। साइबर अपराधी उसके बैंक खाते का इस्तेमाल म्यूल अकाउंट के तौर पर कर रहे थे। यानी लोगों से ठगी गई रकम पहले इसी खाते में जमा कराई जाती थी, फिर वहां से अलग-अलग खातों और जगहों पर ट्रांसफर कर दी जाती थी, ताकि असली अपराधियों तक पुलिस आसानी से न पहुंच सके।

**ग्रामीण इलाके के लोगों को लालच देकर खाते को खरीद रहे साइबर अपराधी**

पुलिस सूत्रों के अनुसार, साइबर गिरोह अब ग्रामीण इलाकों के लोगों को लालच देकर उनके बैंक खाते खरीद रहे हैं। कई लोगों को यह तक नहीं पता होता कि उनके खाते का इस्तेमाल करोड़ों की साइबर ठगी में किया जा रहा है। यही वजह है कि साइबर अपराध का नेटवर्क अब छोटे शहरों और गांवों तक तेजी से फैलता जा रहा है। फिलहाल साइबर थाना की विशेष टीम मामले में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। पुलिस वैज्ञानिक तरीके से पूरे ट्रांजैक्शन नेटवर्क और डिजिटल लिंक की जांच में जुटी हुई है।

# स्वर्ण व्यवसायी लूटकांड मामले में तीन गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** नावकोठी थाना पुलिस ने स्वर्ण व्यवसायी से नगदी एवं लाखों रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण लूट मामले का सफल उद्भेदन करने का दावा किया है। पुलिस ने लगभग 13 महीने पूर्व स्वर्ण व्यवसायी से हुई लूट कांड का उद्वेदन करते हुए लूटकांड में शामिल तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। साथ ही घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली गई है। जानकारी के अनुसार 20 अप्रैल 2025 की शाम सैदपुर विष्णुपुर-गौरीपुर सड़क स्थित गौरीपुर के समीप स्वर्ण व्यवसायी संतोष कुमार अपने काम से लौट रहे थे। इसी दौरान पहले से घात लगाए बदमाशों ने उन्हें रोक लिया। अपराधियों ने हथियार का भय दिखाकर व्यवसायी के साथ मारपीट की तथा उनके पास मौजूद 55 हजार रुपये नगद और लगभग सात लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात लूट लिये। घटना के बाद इलाके में दहशत फैल गई थी। पीड़ित व्यवसायी द्वारा नावकोठी थाने में कांड संख्या 83/25 दर्ज कराए जाने के बाद पुलिस लगातार मामले के अनुसंधान में जुटी हुई थी। थानाध्यक्ष मो. फिरदौस के नेतृत्व में गठित टीम ने तकनीकी जांच, गुप्त सूचना एवं संदिग्धों की गतिविधियों के आधार पर कार्रवाई शुरू की। थानाध्यक्ष ने बताया कि जांच के दौरान मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के रजौड़ा निवासी अमलेश महतो के पुत्र गुड्डू कुमार की संलिप्तता सामने आई। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर पूछताछ की तो उसने लूटकांड में अपनी भूमिका स्वीकार कर ली। उसकी निशानदेही पर वीरपुर थाना क्षेत्र के नौला निवासी रंजीत महतो के पुत्र विशाल कुमार तथा मंटू ठाकुर के पुत्र धर्मवीर कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार तीनों अपराधियों ने पूछताछ में घटना में शामिल होने की बात स्वीकार की है। अपराधियों के पास से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है। पुलिस अब लूटे गए जेवरात एवं नगदी की बरामदगी को लेकर आगे की कार्रवाई कर रही है।

## बालू कारोबारी देवराज हत्याकांड का मुख्य सरगना शिवम सिंह गिरफ्तार

**बिक्रम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रानीतालाब थाना में बालू कारोबारी देवराज यादव हत्याकांड का मुख्य सरगना को आखिरकार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पटना पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त टीम की मदद से उसे गयाजी शहर से गिरफ्तार कर रानीतालाब थाना लाया गया जहां से पूछताछ के बाद न्यायायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। उक्त मामले की जानकारी देते हुए रानीतालाब थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु डीएसपी विनय रंजन ने बताया कि अभियुक्त शिवम सिंह की तलाश में पुलिस लगातार जुटी हुई थी। गुप्त सूचना के आधार पर एसटीएफ और स्थानीय पुलिस ने संयुक्त जाल बिछाकर उसे गया से दबोच लिया। उन्होंने बताया कि शिवम तीन जिलों के संगीन मामलों में था।उसके विरुद्ध पटना और भोजपुर (आरा) जिले के विभिन्न थानों में हत्या, रंगदारी और आर्म्स एक्ट जैसे कई गंभीर मामले दर्ज हैं।

# ईंट भट्ठा के फायरमैन का अपहरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** साहेबपुरकमाल थाना क्षेत्र के फूल मलिक गांव स्थित एसवाईएम ईंट उद्योग में कार्यरत फायरमैन राहुल पासवान लापता हो गया। घटना को लेकर इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। एक तरफ स्थानीय लोग युवक के चोरी के इरादे से गांव में घुसने की बात कह रहे हैं, तो दूसरी ओर परिजन और सहकर्मी इसे सुनियोजित अपहरण और हत्या कर शव गायब किए जाने का मामला बता रहे हैं। मामले में पुलिस ने अब तक तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। जबकि कई अन्य आरोपित अब भी फरार बताए जा रहे हैं। पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है और लापता राहुल पासवान की तलाश जारी है। मिली जानकारी के अनुसार लापता युवक राहुल पासवान उत्तर प्रदेश के रायबरेली जिला अंतर्गत हरचंदपुर थाना क्षेत्र के लखना खेत गांव निवासी निहोरे पासवान का पुत्र था। ईंट भट्ठा में काम करने वाले सहकर्मी सूर्यकरण ने साहेबपुरकमाल थाना में आवेदन दिया है। आवेदन के आधार पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है। घटना शुक्रवार और शनिवार की रात की बताई जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार देर रात गांव के एक घर में किसी युवक के घुसने की भनक लगते ही चोर-चोर का शोर मच गया। इसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए और भाग रहे युवक का पीछा करते हुए ईंट भट्ठा परिसर तक पहुंच गए। आरोप है कि इसी दौरान वहां मौजूद राहुल पासवान को ग्रामीणों ने पकड़ लिया और चोरी के संदेह में उसके साथ बेरहमी से मारपीट की गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक राहुल पर कुदाल, लोहे की रॉड और अन्य हथियारों से हमला किया गया। बताया जा रहा है कि गंभीर रूप से घायल राहुल किसी तरह जान बचाकर भागने की कोशिश करता रहा। लेकिन कुछ लोग उसका पीछा करते रहे। इसके बाद से वह रहस्यमय तरीके से गायब हो गया। तभी से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि घटना में शामिल लोगों ने ईंट भट्ठा मालिक से पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगी थी। विरोध करने पर राहुल कुमार के साथ मारपीट की गई और उसे जबरन उठाकर ले जाया गया। आवेदन में कौशल कुमार, नागो महतो, बबीता देवी, सूरज चौधरी, प्रिंस कुमार और चंदन कुमार समेत कई लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया है। सहकर्मी ने साफ तौर पर आरोप लगाया है कि राहुल का अपहरण कर उसकी हत्या कर दी गई और शव को कहीं ठिकाने लगा दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही साहेबपुरकमाल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे ईंट भट्ठा परिसर की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने चिमनी परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाले, जिसके आधार पर संदिग्ध लोगों की पहचान की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक मनीष स्वयं घटनास्थल पहुंचे और पीड़ित पक्ष से पूछताछ कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बलिया के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर कार्रवाई शुरू की गई। पुलिस लगातार संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इस मामले में फूल मलिक गांव निवासी नागो महतो, सूरज चौधरी और चंदन कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं कौशल कुमार, बबीता देवी, प्रिंस कुमार समेत अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

# नगर परिषद कार्यालय में घुसकर पदाधिकारी को पीटा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरौनी।** जिले में सरकारी कार्यालयों की सुरक्षा व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। नगर परिषद बरौनी कार्यालय में कार्यरत एक सरकारी अधिकारी के साथ कार्यालय कक्ष में घुसकर मारपीट, गाली-गलौज और सरकारी कार्य में बाधा डालने का गंभीर मामला सामने आया है। घटना के बाद नगर परिषद कर्मियों में भय और आक्रोश का माहौल है। वहीं मामले को गंभीरता से लेते हुए फुलवड़िया थाना पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर परिषद बरौनी में सहायक लोक स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी के पद पर कार्यरत शुभम कुमार ने फुलवड़िया थाना में आवेदन देकर बताया कि 14 मई 2026 की दोपहर करीब 3 बजे वे अपने कार्यालय कक्ष में बैठकर जनगणना कार्य से संबंधित दैनिक रिपोर्ट तैयार कर रहे थे। इसी दौरान अचानक एक व्यक्ति जबरन उनके कार्यालय कक्ष में घुस आया और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि फुलवड़िया थाना क्षेत्र के बाड़ो नया टोला वार्ड संख्या-25 निवासी मोहम्मद मुमताज का पुत्र मो. सलीम बिना अनुमति कार्यालय में घुस आया और अभद्र व्यवहार करने लगा। विरोध करने पर उसने सरकारी अधिकारी के साथ मारपीट की तथा कार्यालय में चल रहे सरकारी कार्य को बाधित कर दिया। घटना के कारण कुछ देर तक कार्यालय का कामकाज भी प्रभावित रहा। पीड़ित अधिकारी ने बताया कि कार्यालय में मौजूद कार्यालय प्रभारी लेखपाल दीपक कुमार, डाटा ऑपरेटर अभिषेक कुमार, स्वच्छता साथी अनुराग, आदेशपाल अबोध, ज्योति भूषण मिश्रा, सुमित कुमार सहित अन्य कर्मियों ने किसी तरह बीच-बचाव कर स्थिति को शांत कराया। घटना के बाद नगर परिषद कर्मियों ने सरकारी कार्यालयों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता जताई है। कर्मियों का कहना है कि यदि सरकारी कार्यालयों के भीतर ही कर्मचारी सुरक्षित नहीं रहेंगे, तो सरकारी योजनाओं और प्रशासनिक कार्यों का निष्पादन प्रभावित होना तय है। इधर मामले में फुलवड़िया थाना अध्यक्ष ने बताया कि पीड़ित अधिकारी के आवेदन के आधार पर आरोपी मो. सलीम के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस पूरे मामले की जांच करते हुए आगे की कानूनी कार्रवाई में जुट गई है।

**पुलिस कर रही मामले की जांच**




# छत्रपति शिवाजी महाराज की आदमकद प्रतिमा स्थापित किए जाने पर चर्चा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**शिवाजीनगर।** प्रखंड के राधा कृष्ण मंडल गोविंद गोस्वामी महाविद्यालय के सभागार भवन में छत्रपति शिवाजी महाराज विकास संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में शिवाजीनगर की विकास तथा प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर कई अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता बैठक में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों से पहुंचे सैकड़ों लोगों ने भाग लिया और सर्वसम्मति से कई प्रस्तावों का समर्थन किया। बैठक का मुख्य विषय शिवाजीनगर में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर रहा। उपस्थित लोगों ने कहा कि शिवाजीनगर का नामकरण और यहां शिक्षा के विकास में राम लखन बाबू की भूमिका रही है। उन्होंने ही बस्ता पटक क्षेत्र का नाम बदलकर शिवाजीनगर करने का कार्य किया था। साथ ही उनके प्रयास से यहां हाई स्कूल, इंटर कॉलेज तथा डिग्री कॉलेज की स्थापना संभव हो सकी। मौके पर मुखिया सह मुखिया संघ अध्यक्ष रामचंद्र सिंह, पूर्व जिला पार्षद डॉ. शिव शंकर मंडल, बीस सूत्री अध्यक्ष संतोष कुमार बबली, समाजसेवी राजेश कुमार सिंह, वीरेंद्र प्रसाद बिरजू, पूर्व बीआरपी बालमुकुंद सिंह, सुनील कुमार सुमन, सुशील कुमार सिंह, नवीन कुमार सिंह, श्याम बाबू सिंह, डॉ. विनोद कुमार सिंह, गोपाल किशन सिंह, सुरेश कुमार सिंह, ललित कुमार सिंह, रमन कुमार, संजीत कुमार सिंह, विजय कुमार सिंह, बैजू राय, घनश्याम राय, पवन कुमार सिंह, गंगा प्रसाद मंडल, नंदकुमार सिंह, रामप्रसाद सिंह, मणिशंकर सिन्हा, अजय कुमार मंडल, रामसागर सिंह, चंदन कुमार राय, प्रो. कुंदेश्वर प्रसाद सिंह, नागेंद्र कुमार सिंह, अमरेंद्र कुमार, प्रमोद कुमार, मनीष कुमार, सुभाष प्रसाद सिंह, रामशंकर प्रसाद सिंह सहित अन्य सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# औरंगाबाद के व्यापारिक एवं औद्योगिक विकास के लिए हर संभव करेंगे सहयोग : विधायक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** चैम्बर ऑफ कॉमर्स औरंगाबाद कार्यालय में सदर विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह के साथ व्यवसायियों की समस्याओं एवं औरंगाबाद के व्यापारिक विकास को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता चैम्बर ऑफ कॉमर्स के चेयरमैन मुकेश कुमार गुप्ता ने की। बैठक में चैम्बर ऑफ कॉमर्स के संरक्षक राजकुमार लहरी, राजू गुप्ता, नवीन कुमार (टीपू), उपाध्यक्ष अजीत कुमार, राजेश कुमार, संयुक्त सचिव संतोष कुमार सहित कार्यकारिणी सदस्य एवं शहर के कई प्रतिष्ठित व्यवसायी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान व्यवसायियों से जुड़े विभिन्न जनहित एवं व्यापारिक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। चैम्बर ऑफ कॉमर्स की ओर से विधायक को एक मांग पत्र भी सौंपा गया, जिसमें व्यवसाय सहायता कार्यालय की स्थापना, उद्योग एवं स्टार्टअप को बढ़ावा देने, व्यापारिक आधारभूत सुविधाओं के विकास, सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने, पार्किंग की समस्या के समाधान, बिजली आपूर्ति सुधारने एवं यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने जैसी प्रमुख मांगें शामिल थीं। इसके अलावा अंदर बाजार क्षेत्र में सुलभ शौचालय निर्माण की आवश्यकता को भी प्रमुखता से उठाया गया, ताकि बाजार आने वाले ग्राहकों एवं व्यवसायियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सके। विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने व्यवसायियों की सभी समस्याओं एवं मांगों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि व्यापारियों एवं आम जनता से जुड़े हर मुद्दे के समाधान के लिए सकारात्मक पहल की जाएगी। उन्होंने कहा कि औरंगाबाद के व्यापारिक एवं औद्योगिक विकास के लिए हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकार बक्सर में नवनियुक्त लिपिकों को दी गई ट्रेनिंग

## न्यायालयों की कार्य प्रणाली की दी गई जानकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बक्सर।** व्यवहार न्यायालय बक्सर में नवनियुक्त लिपिकों के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश काजल झांब ने कहा कि न्यायालयीय प्रक्रिया और कार्य संपादन की कला का कुशल प्रशिक्षण न्यायिक कर्मियों के लिए अत्यंत आवश्यक है। जिला विधिक सेवा सदन में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि न्यायालय का परिवेश विश्वविद्यालय के वातावरण से अलग होता है और यहां कार्यरत कर्मियों को संवेदनशीलता, अनुशासन तथा व्यवहार कुशलता के साथ कार्य करना पड़ता है। उन्होंने नवनियुक्त कर्मचारियों से कहा कि यह गर्व का विषय है कि वे समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों को न्याय दिलाने की प्रक्रिया में सहयोग हेतु इस सम्मानजनक सेवा से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि समाज से पीड़ित और निराश लोग न्याय की उम्मीद लेकर न्यायालय पहुंचते हैं तथा उनकी पहली मुलाकात न्यायालय कर्मियों से ही होती है। ऐसे में कर्मियों का व्यवहार ही न्यायालय की साख और गरिमा निर्धारित करता है।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश काजल झांब, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय मनोज कुमार, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय मनीष कुमार शुक्ला तथा न्यायिक दंडाधिकारी सह नोडल अधिकारी चंदन कुमार ने संयुक्त रूप से किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रभारी प्रशासन न्यायालय राजीव कुमार श्रीवास्तव, नाजिर संतोष कुमार द्विवेदी, रजनीकांत मिश्र, सिस्टम ऑफिसर विजय कुमार सिंह तथा नायब नाजिर दीपक गुप्ता ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

प्रशिक्षण के दौरान नए कर्मचारियों को न्यायालयीय कार्य प्रणाली, पत्राचार की प्रक्रिया, विभिन्न न्यायिक रजिस्टरों के संधारण तथा न्यायिक प्रक्रिया में उनकी भूमिका की विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में अविनाश कुमार, दीक्षित कुमार, रविशंकर झा, राहुल कुमार, मंजुला कुमारी, कोमल सिंह, सोनम कुमारी, प्रिया कुमारी, कहकशां परवीन, सतीश कुमार, राजेश कुमार सहित अन्य नव नियुक्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जल श्रमिक संघ की बैठक में की गई सरकार की गलत नीतियों की निंदा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** बिहार राज्य जल श्रमिक संघ की जिला कमिटी सदस्यों की बैठक हसनपुर बागर में आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रामबिलास सहनी ने की। पर्यवेक्षक राम बालक सहनी ने कहा कि मछुआरे प्रकृति तथा सरकार की गलत नीतियों से दोहरी मार झेल रही है। जलजमाव वाले क्षेत्र से जलनिकासी कर इनके परंपरागत रोजगार को इनसे छीना जा रहा है। इनके लिए काम नहीं रहने से पुश्तैनी रोजगार को छोड़ मजदूरी के लिए अन्य प्रांतों में पलायन के लिए विवश हो रहें हैं। केन्द्र सरकार की आर्थिक निवेश नीति सहित अन्य सभी मोर्चे पर विफल है। मत्स्य विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं में व्यापक अनियमितता है। मछुआरों को उपलब्ध करायी गयी सामग्री घटिया है। इनमें व्याप्त अनियमितता की जांच की आवाज उठाई। जिला सचिव अनिरुद्ध सहनी ने पिछले कार्य का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तथा आगामी कार्ययोजना की चर्चा की। उन्होंने नावकोठी प्रखंड में होने वाले पांचवे जिला सम्मेलन 13 तथा 14 जून की तिथि की घोषणा की। मौके पर राम सकल सहनी, रामसागर सहनी, जितेंद्र सहनी, धर्मेन्द्र सहनी, कपिल देव सहनी, दिलीप सहनी, सुभाष सहनी आदि ने भी अपने-अपने विचार रखे।

## पोखर में डूबने से किशोर की मौत

**हिलसा (नालंदा) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** हिलसा थाना क्षेत्र के भरदास बिगहा गांव स्थित पोखर में रविवार को नहाने के दौरान एक किशोर की डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान नोदिहा गांव निवासी संतोष कुमार के 15 वर्षीय पुत्र सतीश कुमार के रूप में की गई है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है तथा परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार सतीश कुमार अपने दोस्तों के साथ भरदास बिगहा स्थित पोखर में नहाने गया था। इसी दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचाया, जिसके बाद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला। आनन-फानन में किशोर को इलाज के लिए निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। मां का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। सूचना मिलने पर हिलसा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# बुद्धिजीवी चेतना मंच ने की आठ वर्षीय बच्चे की हत्या की उच्चस्तरीय जांच की मांग



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** 8 वर्षीय बच्चे की हत्या पर बुद्धिजीवी चेतना मंच ने गहरा दुःख व्यक्त किया है तथा पुलिस प्रशासन से कांड का त्वरित उद्भेदन पर दोषी को कठोर सजा की मांग की है। विदित हो कि शनिवार को देव प्रखंड के नेयापुर गांव निवासी अक्षय कुमार यादव के पुत्र सतीश कुमार का शव गांव के ही एक तालाब से बरामद किया गया। घटना की सूचना पर रविवार को बुद्धिजीवी चेतना मंच का शिष्टमंडल पीड़ित परिजनों से मुलाकात की और सांत्वना दी। जिलाध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव एवं जिला सचिव संतोष कुमार सिंह ने बताया कि बच्चे की हत्या कर शव तालाब में फेंकना अति निंदनीय है। यह मानवता को शर्मशार करने वाली घटना है। उन्होंने पीड़ित परिजनों के अनुसार बताया कि बच्चे की गुमशुदगी को लेकर थाने में आवेदन दिया गया था। यदि समय पर पुलिस खोजबीन में तत्परता दिखाती शायद बच्चे की जान बच सकती थी। उन्होंने मामले में दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त सज़ा की मांग की है। इस दौरान मंच के लवलेश कुमार यादव, रामजन्म सिंह, इंजीनियर दूधेश्वर प्रसाद, डॉ हरिलाल प्रसाद, अरुण कुमार, डॉ संतोष यादव ने पुलिस प्रशासन से घटना की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

## पेज एक का शेष

### मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का...

अपराधियों एवं असामाजिक तत्वों में खौफ देखा जा रहा है। धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन के विकास को भी सरकार ने अपनी प्राथमिकताओं में शामिल किया है। राजगीर मेला, मंदिरों के सौंदर्यीकरण और धर्म-अध्यात्म से जुड़े स्थलों के विकास के लिए कई योजनाओं पर तेजी से काम चल रहा है। मां सीता की स्थली सीतामढ़ी सहित कई धार्मिक स्थलों के विकास कार्यों को गति दी गई है ताकि बिहार को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान मिल सके। औद्योगिक निवेश के क्षेत्र में भी सरकार को शुरुआती सफलता मिली है। डालमिया और अंबुजा सीमेंट प्लांट से जुड़ी परियोजनाओं को मंजूरी मिलने के साथ-साथ हाजीपुर में निफ्टेम परियोजना को भी स्वीकृति दी गई है। सरकार का दावा है कि इन परियोजनाओं से हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा और राज्य में औद्योगिक माहौल मजबूत होगा।

### श्रद्धालुओं की सुरक्षा...

जितेंद्र कुमार, कृष्ण मुरारी शरण उर्फ प्रेम मुखिया, पूर्व विधायक ई. सुनील, पूर्व विधान पार्षद राजू राय सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के सचिव संजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी डा. गोपाल सिंह, पटना प्रमंडल के आयुक्त मयंक वरवड़े, पटना प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक जितेंद्र राणा, नालंदा जिलाधिकारी कुंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक संकेत कुमार सहित अन्य वरीय आकिारी उपस्थित थे।

**मारपीट में युवक की मौत : सासाराम।** सयना गांव में आपसी रंजिश में हुई मारपीट में एक युवक की मौत हो गई है। युवक का नाम विवेक पासवान था। बताया जाता है कि गांव में भूत प्रेत को लेकर अफवाह फैला दिया गया है। इसी विवाद में गांव में कुछ लोगों के बीच मारपीट हो गई।

# ब्राउन शुगर और गांजे के साथ पुलिस ने एक को दबोचा

## रेल सुरक्षा पर आरपीएफ का बड़ा एक्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** भागलपुर और जमालपुर में रेलवे सुरक्षा बल ने लगातार बढ़ते अपराध पर कड़ा प्रहार करते हुए दो अलग-अलग अभियानों में बड़ी सफलता हासिल की है। रेल्वे प्रोटेक्शन फोर्स की मालदा मंडल टीम ने यात्रियों के सामान चोरी करने वाले एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया, वहीं दूसरे अभियान में मादक पदार्थों की तस्करी का भी खुलासा किया गया। रेलवे परिसरों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से यह कार्रवाई मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन और अशिम कुमार कुल्लू के पर्यवेक्षण में की गई। पहले अभियान में आर पी एफ भागलपुर ने आर पी एफ/सी डी पी एस टीम-बी मालदा के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए भागलपुर रेलवे स्टेशन के समीप एक कुख्यात टी ओ पी बी अपराधी को दबोच लिया। जांच के दौरान आरोपी के पास से चार चोरी के मोबाइल फोन बरामद किए गए, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 60 हजार रुपये बताई जा रही है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ट्रेन संख्या 13071 हावड़ा जमालपुर एक्सप्रेस में यात्रियों के सामान चोरी की घटनाओं में शामिल था। वहीं दूसरे अभियान में आर पी एफ जमालपुर ने जमालपुर रेलवे स्टेशन के समीप एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़कर उसके पास से 20.44 ग्राम ब्राउन शुगर और 0.99 ग्राम गांजा बरामद किया। बरामद मादक पदार्थों को विधिवत जब्त कर आगे की कानूनी प्रक्रिया के लिए संबंधित जीआरपी को सौंप दिया गया। दोनों अभियानों में कुल दो आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है। रेलवे सुरक्षा बल ने स्पष्ट किया है कि यात्रियों की सुरक्षा, रेलवे परिसरों में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए ऐसे अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे। मालदा मंडल आर पी एफ की इन कार्रवाइयों को रेलवे यात्रियों की सुरक्षा के प्रति एक मजबूत और सक्रिय पहल के रूप में देखा जा रहा है।




# रेफरल अस्पताल के पास शराब के साथ दो गिरफ्तार, बाइक जब्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बौंसी/बांका।** बिहार में लागू पूर्ण शराबबंदी कानून के बीच बौंसी थाना पुलिस ने संध्या गश्ती के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए दो युवकों को अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से एक मोटरसाइकिल भी जब्त की है। जानकारी के अनुसार बौंसी थाना में प्रतिनियुक्त पु0अ0नि0 अनीश बिहारी अपनी टीम के साथ सोमवार शाम विशेष गश्ती पर निकले थे। इसी दौरान करीब 8:10 बजे गुप्त सूचना मिली कि बौंसी रेफरल अस्पताल के समीप दो युवक बाइक की डिक्की में अंग्रेजी शराब लेकर खड़े हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस को देखते ही दोनों युवक बाइक स्टार्ट कर भागने का प्रयास करने लगे, लेकिन जवानों की तत्परता से उन्हें पकड़ लिया गया। पूछताछ में उनकी पहचान बरमनिया निवासी मिथलेश कुमार तथा झारखंड के दुमका जिला अंतर्गत गिधबरणा निवासी मिथलेश यादव के रूप में हुई। तलाशी के दौरान बाइक की डिक्की से 375 एमएल की एक बोतल विदेशी शराब बरामद की गई। पुलिस ने शराब और बाइक को मौके पर ही जब्त कर लिया। थाना लाकर दोनों युवकों की ब्रेथ एनालाईजर से जांच कराई गई, जिसमें एक युवक मिथलेश कुमार के शराब सेवन की पुष्टि हुई, जबकि दूसरे युवक की रिपोर्ट सामान्य पाई गई। पुलिस ने बताया कि बिहार में शराब पीना, रखना, बेचना और परिवहन करना कानूनन अपराध है। मामले में दोनों आरोपियों तथा वाहन मालिक के विरुद्ध मद्य निषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# बांका में रसोई गैस आपूर्ति पर प्रशासन की सख्ती

## दस एजेंसियों सहित 29 जगहों पर छापेमारी, उपलब्धता सामान्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बांका।** जिले में घरेलू रसोई गैस की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन लगातार सक्रिय नजर आ रहा है। जिला पदाधिकारी नवदीप शुक्ला के निर्देश पर जिलेभर में गैस एजेंसियों की निगरानी तेज कर दी गई है। प्रशासन की ओर से गैस वितरण व्यवस्था को पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से लगातार बैठकें और वीडियो कांफ्रेंसिंग आयोजित की जा रही हैं। अधिकारियों को साफ निर्देश दिया गया है कि उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराने में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि प्रशासनिक निर्देश के बाद जिले की सभी गैस एजेंसियों एवं प्रमुख स्थलों पर विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। अब तक 10 गैस एजेंसियों और 29 महत्वपूर्ण स्थानों पर छापेमारी व निरीक्षण की कार्रवाई की जा चुकी है। उपभोक्ताओं की शिकायतों के समाधान के लिए समाहरणालय में जिला नियंत्रण कक्ष भी बनाया गया है। यहां प्राप्त शिकायतों का त्वरित निष्पादन किया जा रहा है। प्रशासन के अनुसार अब तक कुल तीन शिकायतें मिलीं, जिनका सफल समाधान कर दिया गया है। गैस आपूर्ति के आंकड़ों पर नजर डालें तो जिले में 2693 उपभोक्ताओं ने गैस बुकिंग कराई, जबकि 5215 उपभोक्ताओं तक सिलेंडर की डिलीवरी पहुंचाई जा चुकी है। इससे साफ है कि जिले में गैस की उपलब्धता सामान्य बनी हुई है। जिला प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि घरेलू गैस को लेकर किसी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि जिले में पर्याप्त मात्रा में रसोई गैस उपलब्ध है और जरूरत के अनुसार आपूर्ति लगातार जारी रहेगी।

# दिल्ली की सड़क पर बुझ गया विरनौधा का चिराग

## चार बेटियों के सिर से उठा पिता का साया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बांका।** जिले के शंभूगंज प्रखंड स्थित विरनौधा गांव में इन दिनों हर गली, हर चौखट पर सिर्फ मातम पसरा है। गांव का वह बेटा, जो दो वक्त की रोटी और बच्चों के बेहतर भविष्य की उम्मीद लेकर दिल्ली गया था, अब कभी लौटकर अपने आंगन में कदम नहीं रखेगा। 35 वर्षीय विवेकानंद ठाकुर की दिल्ली में सड़क हादसे में मौत हो जाने से पूरा परिवार टूट गया है। बताया जाता है कि वे करीब दो महीने पहले ही मजदूरी करने दिल्ली गए थे। बल्लभगढ़ की एक कंपनी में काम कर वे अपने बूढ़े माता-पिता, पत्नी और चार बेटियों का सहारा बने हुए थे। परिवार की उम्मीदों का यह सहारा उस वक्त खत्म हो गया, जब ड्यूटी समाप्त कर बाइक से अपने क्वार्टर लौटने के दौरान एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि अस्पताल पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो गई। जैसे ही मौत की खबर गांव पहुंची, विरनौधा में कोहराम मच गया। पत्नी संध्या कुमारी बेसुध होकर बार-बार पति को याद कर रो पड़ती हैं। मां नानकी देवी बेटे के गम में बार-बार बेहोश हो रही हैं, जबकि पिता रंजीत ठाकुर की आंखों के आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे। सबसे मार्मिक दृश्य उन चार मासूम बेटियों – पूजा, श्वेता, अंजली और पलक – का है, जिनके सिर से पिता का साया हमेशा के लिए उठ गया। घर में अब बच्चों की हंसी नहीं, सिर्फ सिसकियों की आवाज सुनाई दे रही है। ग्रामीणों के अनुसार विवेकानंद बेहद मेहनती और जिम्मेदार व्यक्ति थे। आर्थिक तंगी के बावजूद उन्होंने कभी परिवार की जरूरतों से मुंह नहीं मोड़ा। गांव वालों का कहना है कि एक सड़क हादसे ने पूरे परिवार की दुनिया उजाड़ दी। गांव में लगातार लोगों का तांता पीड़ित परिवार के घर पहुंच रहा है। ग्रामीण प्रशासन और सरकार से परिवार को आर्थिक सहायता देने तथा चारों बेटियों की पढ़ाई और पालन-पोषण की जिम्मेदारी उठाने की मांग कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि जिस इंसान ने जिंदगी भर मेहनत कर परिवार को संभाला, उसके जाने के बाद अब यह परिवार सहारे की उम्मीद में प्रशासन की ओर देख रहा है।

# राजस्व वसूली में बढ़ोतरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** पूर्व रेलवे के मालदा रेल मंडल ने चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 के प्रथम चालीस दिनों की अवधि में यात्री भाड़ा, टिकट जांच सहित अन्य कोचिंग राजस्व की वसूली में रिकार्ड वृद्धि दर्ज की है। मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता ने बताया कि वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के पर्यवेक्षण में इस अवधि के दौरान यात्री राजस्व के रुप में कुल 71 करोड़ 16 लाख रुपए की राशि वसूल की गई है, जो विगत वित्तीय वर्ष के इस अवधि की तुलना में 21.52 प्रतिशत ज्यादा है। उन्होंने बताया कि इस दौरान मालदा मंडल के विभिन्न प्रमुख रेलवे स्टेशनो और ट्रेनों में चलाए गये विशेष टिकट जांच अभियान के तहत कुल 2 करोड़ 73 लाख रुपए राजस्व की प्राप्ति हुई है, जो 112. 20 प्रतिशत की अभूतपूर्व वृद्धि को दर्शाता है। श्री गुप्ता ने बताया कि टिकट जांच अभियान में मालदा मंडल ने नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए इस वित्तीय वर्ष के मई माह के प्रथम दस दिनों में कुल 1करोड़ 03 लाख रुपए राशि की रिकार्ड वसूली की गई है। यह वसूली विगत वर्ष की भांति 281.44 प्रतिशत की अभूतपूर्व वृद्धि के साथ इस रेलमंडल के वाणिज्यिक प्रदर्शन में एक नया मापदंड स्थापित करती है। बताया कि इस अवधि के दौरान अन्य कोचिंग राजस्व के रुप में कुल 3 करोड़ 90 लाख रुपए राजस्व केरुप में मिला है, जो विगत वर्ष की समान अवधि की तुलना में 30.76 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि यात्रियों को सुरक्षित, सुगम, एवं बेहतर सेवाएं प्रदान करते हुए इस रेलमंडल की आय वृद्धि की दिशा में निरंतर प्रयासों का परिणाम है।

# महिला ने दबंगों पर कब्जा, मारपीट और छिनतई का लगाया आरोप

## भूमि विवाद ने लिया हिंसक रूप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बौंसी/बांका।** बौंसी थाना क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर तनावपूर्ण मामला सामने आया है। दलिया निवासी शीतल शर्मा उर्फ शीतल केडिया ने थाना में लिखित आवेदन देकर कुछ लोगों पर जबरन जमीन कब्जाने, मारपीट करने, सोने की चेन और नकदी छीनने तथा जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता के अनुसार कुछ लोग मजदूर लगाकर उनके मकान और जमीन पर निर्माण कार्य करा रहे थे। महिला का कहना है कि उक्त जमीन का रजिस्ट्री और केवाला उनके नाम से है तथा वर्षों से उनका कब्जा भी बना हुआ है। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि जब उनके पति संदीप कुमार केडिया और देवर दिलीप कुमार केडिया निर्माण कार्य रुकवाने पहुंचे, तब आरोपितों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर लाठी-डंडे से हमला कर दोनों को घायल कर दिया गया। पीड़िता ने बताया कि हमले के दौरान सोने की चेन और करीब दस हजार रुपये भी छीन लिए गए। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि विवाद शांत कराने पहुंचने पर उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया, धक्का-मुक्की की गई तथा दुपट्टा खींचकर अपमानित किया गया। घायल दोनों लोगों का इलाज रेफरल अस्पताल बौंसी में कराया गया। थाना में दिए आवेदन में पीड़िता ने आरोप लगाया है कि आरोपितों ने राजनीतिक पहुंच का धौंस दिखाते हुए पूरे परिवार को जान से मारने और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी भी दी। पीड़िता ने बौंसी थाना पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर कानूनी कार्रवाई एवं न्याय दिलाने की मांग की है। वहीं पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।




# सौ गांवों को जोड़ने वाली सड़क जर्जर

## धोरैया विधायक ने उठाई निर्माण की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रजौन/बांका।** धोरैया विधानसभा क्षेत्र की वर्षों पुरानी सड़क समस्या अब एक बार फिर सुर्खियों में है। धोरैया के विधायक मनीष कुमार ने पुंसिया-परसा-बबुरा मार्ग की बदहाल स्थिति को लेकर बिहार सरकार के ग्रामीण निर्माण विभाग के मंत्री को पत्र लिखकर सड़क निर्माण की मांग उठाई है। विधायक ने अपने पत्र में कहा है कि धोरैया-पुंसिया मार्ग से परसा होते हुए बबुरा तक जाने वाली यह सड़क क्षेत्र के करीब 100 गांवों को जोड़ती है। यही वजह है कि स्थानीय लोग इसे इलाके की लाइफलाइन मानते हैं। लेकिन वर्षों से उपेक्षित यह सड़क अब पूरी तरह जर्जर हो चुकी है, जिससे लोगों का सफर मुश्किल और जोखिम भरा बन गया है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि सड़क की खराब हालत के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने में परेशानी हो रही है, वहीं छात्रों, मरीजों और आम यात्रियों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के मौसम में स्थिति और भयावह हो जाती है, जब कई हिस्सों में जलजमाव के कारण संपर्क लगभग टूट जाता है। विधायक ने विभाग से मांग की है कि सड़क को टुकड़ों में मरम्मत करने के बजाय एक समग्र योजना के तहत शुरू से अंत तक बनाया जाए। उनका कहना है कि इस सड़क के निर्माण से न सिर्फ ग्रामीणों की वर्षों पुरानी समस्या दूर होगी, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और क्षेत्रीय विकास को भी नई गति मिलेगी। इधर, सड़क निर्माण की मांग को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में भी उम्मीद जगी है। लोगों ने विधायक की पहल का स्वागत करते हुए सरकार से जल्द टेंडर प्रक्रिया शुरू कर निर्माण कार्य कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क सिर्फ रास्ता नहीं, बल्कि सैकड़ों गांवों की जिंदगी और रोजमर्रा की जरूरतों का आधार है।



# कामधेनु मंदिर में किया गया महाशिवपुराण पाठ ध्वजारोहण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बौंसी/बांका।** ऐतिहासिक मंदार तराई स्थित कामधेनु मंदिर प्रांगण में रविवार को शिव महापुराण कथा के शुभारंभ पर विधिवत ध्वजारोह किया गया है। इस धार्मिक आयोजन की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार और श्रद्धालुओं के जय घोष के साथ हुई। कथा 7 जून से शुरू होकर 13 जून को समाप्त होगी। आयोजन समिति ने बताया कि काशी के ख्याति प्राप्त ब्रह्म ऋषि केशव देव जी शिव महापुराण कथा का वाचन करेंगे। उनके श्रीमुख से भगवान शिव के चरित्र महिमा और सनातन धर्म के मूल सिद्धांतों पर प्रकाश डाला जाएगा, प्रेरणा स्रोत संत प्रभु जी महाराज ने बताया कि इस कथा का उद्देश्य क्षेत्र की धार्मिक चेतना को सुदृढ़ करना और समाज में सद्भाव नैतिकता तथा आध्यात्मिक जागरूकता का संदेश फैलाना है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कटोरिया विधायक पूरनलाल टुडू समिति अध्यक्ष अनिल सिंह कोषाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, सचिव चुन्ना सिंह, हिंदू फ्रंट आफ इंडिया के जिला अध्यक्ष आशुतोष सिंह, रमेश सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष बौंसी मनमीत शाह, खिरो यादव, मुन्ना सिंह, सुधाकर सिंह, प्रीतम कुमार, महेंद्र सोरेन, अमरेंद्र सिंह, बंटी सिंह, मोनू सिंह, भवानी सिंह, मोहित पांडे, महेंद्र सोरेन, रामदेव हेंब्रम अन्य सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# केशौरिया गांव के लोगों ने निष्पक्ष जांच कर न्याय की लगाई गुहार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज (नवादा)।** थाना क्षेत्र के डोहरा पंचायत के केशौरिया गांव के घटित घटना को लेकर ग्रामीण पुरूष व महिलाएं ने निष्पक्ष जांच कर न्याय देने की मांग पुलिस प्रशासन के वरीय अधिकारियों से की है। ग्रामीण पुतुल देवी, संजू देवी, रंजू देवी, लालो देवी, जयमंती देवी, सावित्री देवी, सुनीता देवी, मीना देवी, गोपाल यादव, राजेश यादव, नीतीश यादव, रिशु कुमार, सतीश यादव, सौरभ कुमार, सतीश कुमार, अमरेश कुमार, श्री यादव समेत अन्य लोगों का आरोप है कि बीते 13 और 14 मई 2026 को पुलिस प्रशासन द्वारा महिलाओं को गिरफ्तार किया गया। गांव आये रिश्तेदारों को भी नहीं छोड़ा गया है। घर में तोड़फोड़, मारपीट, वाहन को क्षतिग्रस्त करना, बाइक, स्कार्पियो, ट्रैक्टर जबरन उठाकर लेकर चले जाना। घटना में एक व्यक्ति दोषी था। उसपर कार्रवाई होनी चाहिए था, लेकिन पुलिस प्रशासन ने पूरे गांव में कहर बरपाया है। निर्दोष लोगों पर केस दर्ज किया है। गिरफ्तार किया, बाइक समेत अन्य वाहन को जब्त किया है। यह पुलिस प्रशासन के कार्यशैली पर प्रश्न उठता है। इसके अलावा अन्य गंभीर आरोप लगाया। हम सभी डरे सहमे हुए हैं। रतजगा कर जहां तहां समय बिता रहे हैं। मवेशियों को भी चारा नहीं मिल पा रहा है। गांव की बहू, बेटी जेल में है। ऐसे में उनके बच्चे भी भी भूखे रह रहे हैं। इस मामले की निष्पक्ष जांच कर निर्दोष लोगों को दोषमुक्त की जाय। ताकि ग्रामीण भयमुक्त होकर जीवन यापन कर सकें। उल्लेखनीय है कि बीते 13 मई को पुलिस के गुप्त सूचना मिली थी कि मधुवन (पथरा केशौरिया) गांव में पंचाने नदी के समीप बालू का अवैध खनन की छापेमारी पुलिस पहुंची थी। पुलिस का कहना है कि जहां जमादार नागेन्द्र कुमार पर बालू माफिया के हमले में जख्मी हो गए थे, उसके बाद पुलिस ने केशौरिया गांव में बड़ी एक्शन की थी। इधर, ग्रामीणों का कहना है कि जमादार वाहन के चपेट में आ गया था। इस एक्शन में 28 गिरफ्तारी है, जिसमे 19 महिलाएं और नौ पुरष हैं। 20 बाइक, दो स्कार्पियो और एक ट्रैक्टर जब्त किया है। ऐसे में गांव में सन्नाटा पसर गया गया है। इधर, थानाध्यक्ष आदित्य कुमार को कार्य में लापरवाही के बरतने को लाइन हाजिर भी कर दिया गया है।



# जर्दालू आम की मिठास ने बढ़ाई बिहार की शान, देश से विदेश तक बनी भागलपुर की पहचान

**पुष्पांकर गुप्ता/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** बिहार के भागलपुर जिले का प्रसिद्ध जर्दालू आम अपनी मिठास, सुगंध और विशेष गुणवत्ता के कारण देश-विदेश में लगातार लोकप्रिय हो रहा है। जीआई टैग मिलने के बाद इस आम की पहचान राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और मजबूत हुई है। जर्दालू आम को बिहार की कृषि विरासत और भागलपुर की विशेष पहचान मानी जाती है। गर्मियों के मौसम में बाजारों में इसकी मांग काफी बढ़ जाती है और लोग इसकी मिठास के आनंद के लिए विशेष रूप से इंतजार करते हैं। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार जर्दालू आम अपनी अनोखी खुशबू, पतले छिलके और रेशारहित गूदे के कारण अन्य किस्मों से अलग माना जाता है। पकने के बाद इसकी सुगंध दूर तक फैल जाती है, जिससे इसकी पहचान आसानी से हो जाती है। इसका रंग हल्का पीला और स्वाद बेहद मीठा तथा सुपाच्य होता है। यही कारण है कि देश के कई बड़े शहरों के अलावा विदेशों में भी इसकी मांग बनी रहती है। भागलपुर जिले और इसके आसपास के क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर जर्दालू आम की खेती की जाती है। गंगा नदी के किनारे की उपजाऊ मिट्टी और अनुकूल जलवायु इस आम की खेती के लिए बेहद उपयुक्त मानी जाती है। वर्षों से किसान पारंपरिक तरीकों से इसकी बागवानी करते आ रहे हैं। कई गांवों में जर्दालू आम की खेती लोगों की आजीविका का प्रमुख साधन बन चुकी है। आम के मौसम में भागलपुर के आम बगानो (बगीचे), बाजारों और मंडियों में विशेष रौनक देखने को मिलती है। सुबह से ही व्यापारी और खरीदार आम की खरीद-बिक्री के लिए पहुंचने लगते हैं। जिले के कहलगांव क्षेत्र के एक आम व्यवसाई दिनेश प्रसाद के अनुसार जर्दालू आम की मांग हर वर्ष बढ़ रही है। बिहार के अलावे दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, लखनऊ और अन्य बड़े शहरों में भी इसकी अच्छी खपत होती है। जर्दालू आम को वर्ष 2018 में जीआई टैग प्राप्त हुआ था। इसके बाद इसकी विशिष्ट पहचान को कानूनी मान्यता मिली और किसानों के बीच उत्साह बढ़ा। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि जीआई टैग मिलने से इस आम की ब्रांड वैल्यू बढ़ी है तथा निर्यात की संभावनाएं भी मजबूत हुई हैं। इससे बिहार की कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को भी लाभ मिलने की उम्मीद है। विशेषज्ञ बताते हैं कि जर्दालू आम की खेती में काफी मेहनत और देखभाल की आवश्यकता होती है। पेड़ों की नियमित छंटाई, समय पर सिंचाई और कीटों से सुरक्षा का विशेष ध्यान रखना पड़ता है। किसान बताते हैं कि मौसम में बदलाव का असर आम के उत्पादन पर पड़ता है। तेज आंधी, ओलावृष्टि और असमय बारिश से फसल को नुकसान होने की आशंका बनी रहती है। इसके बावजूद किसान बेहतर उत्पादन के लिए लगातार मेहनत करते हैं। किसान अशोक चौधरी ने बताया कि इस आम की खेती पीढ़ियों से उनके परिवार की पहचान रही है। उन्होंने कहा कि जीआई टैग मिलने के बाद इस आम की मांग बढ़ी है, लेकिन अभी भी किसानों को बेहतर बाजार और भंडारण सुविधाओं की आवश्यकता है। उनका कहना है कि यदि कोल्ड स्टोरेज और परिवहन की आधुनिक व्यवस्था उपलब्ध हो जाए तो किसानों को अधिक लाभ मिल सकता है। जर्दालू आम को हर वर्ष जिला प्रशासन की ओर से एक सौगात के रुप में देश के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री सहित बड़ी संख्या में केन्द्र एवं राज्य सरकार के मंत्रियों और नौकरशाहो को भी भेजा जाता है। बिहार सरकार की ओर से भी समय-समय पर इस आम के प्रचार-प्रसार के प्रयास किए जाते रहे हैं। राज्य सरकार के कृषि विभाग के प्रधान सचिव नर्मदेश्वर लाल मानना है कि जर्दालू आम बिहार की कृषि और सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इसके लिए कृषि विभाग की ओर से हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। विदेशों में बसे भारतीयों के बीच भी जर्दालू आम की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। कई व्यापारी इसे विदेशों तक पहुंचाने के प्रयास कर रहे हैं। हालांकि निर्यात के लिए पैकेजिंग, गुणवत्ता नियंत्रण और परिवहन की बेहतर सुविधाओं की जरूरत महसूस की जा रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि इन क्षेत्रों में सुधार किया जाए तो जर्दालू आम अंतरराष्ट्रीय बाजार में बड़ी पहचान बना सकता है। कृषि विशेषज्ञों का यह भी मानना है कि जर्दालू आम के माध्यम से बिहार में कृषि पर्यटन को बढ़ावा दिया जा सकता है। आम के बागानों को पर्यटन से जोड़कर स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा किए जा सकते हैं। आम के मौसम में यदि विशेष पर्यटन कार्यक्रम आयोजित किए जाएं तो देश-विदेश से पर्यटकों को आकर्षित किया जा सकता है। इससे किसानों और स्थानीय व्यापारियों को अतिरिक्त आय का स्रोत मिलेगा। हालांकि जर्दालू आम की खेती से जुड़े किसानों को अभी कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। मौसम में बदलाव के अलावा बाजार में बिचौलियों की भूमिका भी किसानों की आय को प्रभावित करती है। कई बार किसानों को उचित मूल्य नहीं मिल पाता। जिले के किसानों ने केन्द्र एवं राज्य सरकार से मांग की है कि आम उत्पादकों के लिए विशेष योजनाएं चलाई जाएं तथा आधुनिक कृषि तकनीक और बाजार सुविधा उपलब्ध कराई जाए। आम व्यापारी संजय कुमार भगत का कहना है कि जर्दालू आम केवल एक फल नहीं, बल्कि बिहार की पहचान बन चुका है। इसकी मिठास और सुगंध लोगों को अपनी ओर आकर्षित करती है। कई लोग गर्मियों में विशेष रूप से जर्दालू आम खरीदने के लिए भागलपुर पहुंचते हैं। वैसे पिछले वर्ष की तुलना में इस बार जर्दालु आम के उत्पादन में कमी होने से व्यापारियों और किसानों में मायूसी देखी जा रही है।



# सात दिवसीय जनजातीय गौरव उत्सव आज से

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा संचालित धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (डीए-जेजीयूए) के अंतर्गत औरंगाबाद जिले के जनजातीय बाहुल्य ग्रामों में जनजातीय गौरव उत्सव का आयोजन 18 से 25 मई तक किया जाएगा। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार कुटुम्बा प्रखंड के चयनित जनजातीय बाहुल्य ग्राम घेउरा में विभिन्न जनकल्याणकारी एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस संबंध में विस्तृत कार्ययोजना निर्धारित की गई है। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु जिला एवं प्रखंड स्तर पर नोडल पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। जिला स्तर पर नोडल पदाधिकारी के रूप में जिला कल्याण पदाधिकारी अभिषेक कुमार तथा प्रखंड स्तर पर कुटुम्बा के प्रखंड कल्याण पदाधिकारी प्रतिमा तिवारी को दायित्व सौंपा गया है। कार्यक्रम के तहत 18 मई को जनभागीदारी सप्ताह का शुभारंभ समाहरणालय कक्ष में जिलाधिकारी द्वारा जिला, प्रखंड एवं ग्राम स्तर के पदाधिकारियों की उपस्थिति में किया जाएगा। कार्यक्रम के अनुपालन में जिला अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण पदाधिकारी तथा जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी की भूमिका रहेगी। 19 मई को कुटुम्बा प्रखंड के ग्राम घेउरा में वृक्षारोपण अभियान एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय वन पदाधिकारी द्वारा किया जाएगा। 20 मई को क्षेत्रीय स्तर की जागरूकता गतिविधियां, कुटुम्बा के प्रखंड विकास पदाधिकारी अध्यक्षता में सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी ग्राम भ्रमण कर जनसुनवाई कार्यक्रम के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करेंगे। कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं कुटुम्बा के प्रखंड कल्याण पदाधिकारी की सहभागिता रहेगी। 21 से 23 मई तक ग्राम घेउरा में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान प्राप्त आवेदनों का निष्पादन संबंधित प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा किया जाएगा। 24 मई को प्रलेखन जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों एवं उनके निष्पादन का विभागवार प्रलेखन किया जाएगा। 25 मई को डीब्रीफिंग एवं समीक्षा बैठक को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सभी संबंधित विभागों को कार्यक्रम के सफल एवं प्रभावी संचालन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

# मदार नदी में डूबने से बच्ची की मौत

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** मदार नदी में स्नान करने गई 7 वर्षीय बच्ची की डूबने से मौत हो गई। घटना गोह थाना क्षेत्र के घेजना गांव की है। मृतका की पहचान उस गांव निवासी मनोज पासवान के पुत्री रौशनी कुमारी के रूप में की गई। जानकारी के अनुसार रविवार की दोपहर करीब 12 बजे गांव के अन्य बच्चियों के साथ रौशनी मदार नदी में स्नान करने गई। स्नान के दौरान रौशनी कब गहरे पानी में चली गई और डूबने लगी। इस दौरान मौके पर मौजूद बच्चियों ने रौशनी को बचाने का भरसक प्रयास किया और घटना की सूचना परिजनों को दिया। परिजनों को पहुंचने से पहले उसकी पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। परिजनों और स्थानीय लोगों की मदद से शव को नदी से बाहर निकाला गया। इस घटना से परिजनों में शोक व्याप्त है और रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। स्थानीय लोगों ने मृतक के आश्रितों के लिए मुआवजे की मांग की है। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि नदी में डूबने से एक मासूम बच्ची की मौत हुई है। शव पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जायेगा। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# नालसा की विभिन्न योजनाओं के बारे में पैनल अधिवक्ता ने दी जानकारी



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** मानसिक रूप से बीमार और बौद्धिक रूप से अक्षम व्यक्तियों के लिए कानूनी सेवा योजना 2024, मध्यस्थता विशेष अभियान मध्यस्थता राष्ट्र के लिए 2.0 पर जागरूकता कार्यक्रम एवं नशामुक्त भारत के लिए योजना 2025 पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें अनुमंडलीय अस्पताल दाऊदनगर में दूर-दराज सुदूरवर्ती इलाकों से आए अनेकों मानसिक रूप से बीमार और बौद्धिक रूप से अक्षम असहाय लोगों के बीच कार्यक्रम संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम बिहार राज्य सेवा प्राधिकार पटना के निर्देशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार सचिव के आदेशानुसार औरंगाबाद प्राधिकार के तत्वधान में आयोजित की गई। उपरोक्त जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य रूप से पैनल अधिवक्ता मृत्युंजय कुमार, अस्पताल उपाधीक्षक शांता कुमारी, प्रबंधक चंदन कुमार सिंह, पारा लीगल स्वयंसेवक चंद्रशेखर आजाद तथा अस्पताल के अन्य सदस्य इत्यादि मौजूद रहे। कार्यक्रम में पैनल अधिवक्ता मृत्युंजय कुमार ने जहां नालसा के विभिन्न योजनाओं तथा मध्यस्थता और उसके लाभ पर विस्तृत जानकारी उपस्थित लोगों को दी। वहीं अस्पताल उपाधीक्षक ने सरकार के स्तर स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया जा रहा विभिन्न योजनाओं और मानसिक रूप से बीमार लोगों के इलाज और उक्त बीमारी की रोकथाम से संबंधित जानकारी उपस्थित लोगों को दिया।

# हत्या मामले में तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** ओबरा थाना क्षेत्र के ओबरा गांव में एक बुजुर्ग व्यक्ति की हुई हत्या मामले में पुलिस ने तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान ओबरा निवासी मो. तहरीर अली, मो. अरमान एवं शहनवाज के रूप में की गई है। इनके पास से लोहा का एक रॉड बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार 15 मई को बच्चों के बीच विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हिंसक मारपीट हो गई जिसमें थाना क्षेत्र के ठाकुर मोहल्ला निवासी शहाबुद्दीन सिद्दिकी की मौत हो गई जबकि 10 अन्य व्यक्ति घायल हो गए थे। घटना को लेकर दोनों पक्षों की ओर से प्राथमिकी दर्ज कराई गई। थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि कांड की गंभीरता पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। वहीं कांड में संलिप्त अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लगातार छापेमारी की जा रही है। जल्द ही उनकी गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी।

# पिस्टल से फायरिंग करते वीडियो वायरल, आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** पिस्टल से फायरिंग करने वाले वीडियो पर संज्ञान लेते हुए एक युवक को नगर थाना की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान माली थाना क्षेत्र के बनहारा गांव निवासी 22 वर्षीय शुभम कुमार के रूप में की गई है। युवक वर्तमान में शहर के दानी बिगहा स्थित जगतपति नगर में अपने मकान में रह रहा था। इसके पास से अंग्रेजी शराब की बोतल और एक देसी कट्टा बरामद किया गया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर देसी कट्टा मुहैया करने वाले की पहचान कर रही है। थानाध्यक्ष बबन बैठा ने बताया कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुई थी जिसमें एक युवक खुलेआम पिस्टल से फायरिंग करता दिखाई दे रहा था। इससे लोगों में भय का माहौल उत्पन्न हुआ तथा शांति और कानून व्यवस्था के लिए गंभीर खतरा पैदा हो गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए युवक की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। इसके पास से अंग्रेजी शराब बोतल तथा एक देसी कट्टा बरामद किया गया है। पूछताछ के दौरान पता चला कि एक शादी समारोह में युवक ने फायरिंग की थी। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

# डीएवी पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** शहर के दयानंद विहार स्थित डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल में शिक्षकों की कार्यक्षमता के विकास एवं नवीन शिक्षण विधियों के माध्यम से विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता को बढ़ाने के उद्देश्य से दो दिवसीय शिक्षणक्षमता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला रविवार को संपन्न हो गया। कार्यशाला का शुभारंभ वैदिक परंपरा के अनुसार यज्ञ हवन एवं गायत्री मंत्रोच्चार के साथ किया गया। कार्यक्रम का संचालन डीएवी पब्लिक स्कूल्स बिहार प्रक्षेत्र-एफ के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी वी. के. पाठक के निर्देशन में हुआ। वहीं प्रक्षेत्र-एफ के विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्यों विनय कुमार गुप्ता (नबीनगर), राजीव रंजन (दाउदनगर), संतन कुमार ( रफीगंज), अल्पना मिश्रा (दानी बिगहा), कुमारी प्रिया (तेंदुनी, बिक्रमगंज), प्रमिला सिंह (सेमरा, बिक्रमगंज) के मार्गदर्शन में इसका संचालन किया गया। विद्यालय के वरीय शिक्षक महेश कुमार सिंह ने उपस्थित प्राचार्यों, प्रशिक्षकों एवं शिक्षकों का सामूहिक स्वागत किया। इसके बाद विद्यालय के प्राचार्य ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में शिक्षकों को अपने दायित्वों के प्रति समर्पित रहने तथा कार्यशाला में अर्जित ज्ञान को विद्यार्थियों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान सीखी गई नई शिक्षण पद्धतियों को कक्षा शिक्षण में अपनाकर विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता को और अधिक विकसित किया जा सकता है। कार्यशाला में डी.ए.वी. कॉलेज प्रबंधकर्तृ समिति, नई दिल्ली एवं सी.बी.एस.ई. के द्वारा प्रशिक्षित विशेषज्ञों ने विभिन्न विषयों से संबंधित गतिविधियों एवं शिक्षण तकनीकों का प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर औरंगाबाद प्रक्षेत्र के सभी डीएवी विद्यालयों के लगभग 300 शिक्षकों ने भाग लेकर प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यशाला के समापन पर सभी शिक्षकों ने संकल्प लिया कि वे प्रशिक्षण में सीखी गई विधियों एवं अनुभवों का अपने-अपने विद्यालयों में प्रभावी क्रियान्वयन करेंगे। अंत में विद्यालय के प्राचार्य ने प्रशिक्षकों एवं शिक्षकों का उत्साहवर्धन करते हुए सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। शांति पाठ के साथ कार्यशाला का सफल समापन हुआ।



# औरंगाबाद जिला का नाम 'देव' करने पर जोर देने का निर्णय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जनेश्वर विकास केंद्र की देव शाखा की बैठक में रोहतास, कैमूर, भोजपुर, वैशाली एवं नालंदा की तर्ज पर औरंगाबाद जिले का नाम बदलकर 'देव' करने का संकल्प लिया गया। बैठक देव स्थित सहदेव चौधरी पुस्तकालय में समाजसेवी अनिल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक को संबोधित करते हुए संस्था के केंद्रीय सचिव एवं महोत्सव पुरुष सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने कहा कि देव अपनी ऐतिहासिक गरिमा एवं धार्मिक महिमा के कारण पूरे देश में प्रसिद्ध है। देव जिले की पहचान होने के बावजूद क्षेत्र को अपेक्षित विकास और सम्मान नहीं मिल पाया है। उन्होंने बताया कि औरंगाबाद जिले का नाम 'देव' करने की मांग वर्ष 1992 से लगातार उठाई जा रही है लेकिन जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण अब तक यह मांग पूरी नहीं हो सकी। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि नगर पंचायत देव, पंचायत समिति देव एवं जिला परिषद औरंगाबाद के अध्यक्षों से मिलकर जिले का नाम 'देव' करने के समर्थन में प्रस्ताव पारित कराने का अनुरोध किया जाएगा। साथ ही आम जनता एवं जनप्रतिनिधियों को इस मांग से जोड़ने तथा क्रमबद्ध आंदोलन की रणनीति तैयार करने के लिए आगामी 24 मई को सूर्य मंदिर धर्मशाला में विस्तृत बैठक आयोजित की जाएगी।

